हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

आरा, औरंगाबाद एवं दुमका से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

• रजि नं. - BIHHIN/2017/72765 • आरा • सोमवार • 27 अप्रैल 2026 • वर्ष 10 • अंक 350 • पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 2.00

संक्षिप्त समाचार

## वॉशिंगटन में फायरिंग ट्रम्प को सुरक्षित निकाला

● सुरक्षाबलों ने राष्ट्रपति को घेरा बनाकर निकाला ● गेस्ट टेबल के नीचे छिपे, हमलावर पकड़ाया

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका की राजधानी वॉशिंगटन डीसी में सालाना व्हाइट हाउस कॉरस्पॉन्डेंट डिनर के दौरान फायरिंग हो गई। शनिवार शाम के इस कार्यक्रम में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प, पत्नी मेलानिया और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस समेत कई बड़े अफसर मौजूद थे। न्यूज एजेंसी एपी के मुताबिक हमलावर ने होटल के बॉलरूम के बाहर फायरिंग की। ट्रम्प और गेस्ट बॉलरूम के अंदर थे। ट्रम्प ने बताया कि हमलावर को पकड़ लिया गया है। पहले खबर आई थी कि हमलावर को मार गिराया गया। हमले के करीब डेढ़ घंटे बाद ट्रम्प ने मीडिया को संबोधित



किया। उन्होंने कहा- अमेरिका के संविधान पर हमला हुआ। सीक्रेट सर्विस ने मेरी जान बचाई। सुरक्षाकर्मियों ने बहादुरी से काम किया। जिस अफसर को गोली लगी, वह सुरक्षित है। उसने बुलेटप्रूफ जैकेट पहनी थी। हमलावर के पास पावरफुल गन थी। रिपोर्ट के मुताबिक, हमलावर की पहचान 31 साल के कोल टॉमस एलन के रूप में हुई है। वह अमेरिका के कैलीफोर्निया का है। पब्लिक रिकॉर्ड्स के अनुसार, एलन पार्ट-टाइम टीचर और वीडियो गेम डेवलपर था। उसकी प्रोफाइल के मुताबिक, वह दिसंबर 2024 में 'टीचर ऑफ द मंथ' चुना गया था। उसने कैलिफोर्निया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से 2017 में मैकेनिकल इंजीनियरिंग में ग्रेजुएशन किया।

## एएपी सरकार ने भज्जी से सिक्योरिटी छीनी

● पंजाब पुलिस हटाई, केंद्र ने घर पर सीआरपीएफ लगाई ● साहनी बोले- केजरीवाल ने मुझसे इस्तीफा मांगा

**जालंधर (एजेंसी)।** आम आदमी पार्टी के 7 सांसदों के पार्टी छोड़ने को लेकर मचा घमासान थम नहीं रहा है। पंजाब की एएपी सरकार ने पूर्व क्रिकेटर व पार्टी छोड़ने वाले राज्यसभा सांसद हरभजन सिंह भज्जी की जेड कैटेगरी सिक्योरिटी हटा ली है। उनके जालंधर स्थित घर पर तैनात पंजाब पुलिस




के जवानों को तुरंत वापस बुला लिया गया है। इसके तुरंत बाद ही केंद्र सरकार ने भज्जी को सीआरपीएफ की सिक्योरिटी दे दी। उनके घर के बाहर ये जवान तैनात कर दिए गए हैं। हालांकि भज्जी ने अभी एएपी छोड़ने या बीजेपी जॉइन करने को लेकर कुछ नहीं कहा लेकिन राघव चड्ढा ने उनके भी साथ में होने का दावा किया था। भज्जी से पहले एएपी सरकार ने राघव चड्ढा की भी जेड+ सिक्योरिटी वापस ली थी। इसके बाद उन्हें केंद्र की तरफ से यही सिक्योरिटी मिल गई। इसी बीच एएपी छोड़ने वाले दूसरे राज्यसभा सांसद विक्रमजीत साहनी ने दावा किया कि सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल ने उनसे इस्तीफा मांगा था।

# बंगाल में लोकतंत्र नहीं, टीएमसी का गुंडा राज चल रहा

● कांग्रेस कार्यकर्ता की हत्या पर जमकर भड़के राहुल गांधी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल में एक कांग्रेस कार्यकर्ता की हत्या कर दी गई है। कांग्रेस ने इसका आरोप टीएमसी से जुड़े बदमाशों पर लगाया है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भी इस मुद्दे को लेकर टीएमसी पर निशाना साधा है।

राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता की हत्या टीएमसी के गुंडो ने की है। पश्चिम बंगाल कांग्रेस ने भी इसको लेकर टीएमसी पर निशाना साधा है और हत्यारों की तुरंत गिरफ्तारी की मांग की है। राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा, कांग्रेस के





कार्यकर्ता देबदीप चटर्जी की चुनाव बाद टीएमसी से जुड़े गुंडों द्वारा की गई हत्या बेहद निंदनीय है। शोकाकुल परिवार के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। पश्चिम बंगाल में आज लोकतंत्र नहीं, टीएमसी का गुंडा राज चल रहा है। वोट के बाद विरोधी आवाजों को डराना, मारना, मिटाना- यही टीएमसी का चरित्र बन चुका है। कांग्रेस की राजनीति कभी हिंसा पर नहीं टिकी, और न कभी टिकेगी। हमने भी अपने कार्यकर्ता खोए हैं, फिर भी हमने हमेशा अहिंसा और संविधान का रास्ता चुना है।

यही हमारी विरासत है, यही हमारा संकल्प। राहुल गांधी ने आगे कहा, मांग स्पष्ट है सभी दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी हो, कठोरतम सजा मिले, और देबदीप के परिवार को पूर्ण सुरक्षा व मुआवजा सुनिश्चित किया जाए।

### ममता सरकार पर कांग्रेस ने भी साधा निशाना

वहीं बंगाल कांग्रेस ने भी टीएमसी पर निशाना साधा। कांग्रेस ने कहा, पश्चिम बंगाल प्रदेश कांग्रेस कमेटी आसनसोल में कांग्रेस सपोर्टर देबदीप चटर्जी की बेरहमी से हत्या की कड़ी निंदा करती है। यह घटना आसनसोल नॉर्थ से कांग्रेस उम्मीदवार श्री प्रसेनजीत पुइतांडी के साथ मिलकर काम करने के लिए जानी जाती थी। यह हिंसा चुनाव के बाद हुई एक चौंकाने वाली घटना थी। पीड़ित पर सत्ताधारी ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस से जुड़े बदमाशों ने हमला किया और उसे पीटा, जिसके कुछ ही देर बाद उसकी मौत हो गई। यह दुखद घटना राज्य में कानून-व्यवस्था की पूरी तरह से खराब हालत को दिखाती है।

# विंड एनर्जी में बहुत आगे बढ़ रहा भारत

● पीएम मोदी बोले-दुनिया की चौथी बड़ी ताकत बना

### मन की बात में शांति के लिए दिया बुद्ध का संदेश

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' के 133वें एपिसोड में देश की वैज्ञानिक उपलब्धियों से लेकर वैश्विक मौजूदा हालात पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने दुनिया से भगवान बुद्ध के आदर्शों को अपनाने की अपील की। पीएम मोदी ने कहा कि आज भारत विंड एनर्जी में दुनिया की चौथी बड़ी ताकत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा चुनावों की भागदौड़ के बीच, आपके संदेशों और पत्रों के जरिए हम



नागरिकों की उपलब्धियों की खुशियां साझा करते रहे हैं। इस बार आइए 'मन की बात' की शुरुआत देश की ऐसी ही एक बहुत बड़ी उपलब्धि से करें। कुछ दिन पहले भारत के परमाणु वैज्ञानिकों ने देश को एक और बड़ी उपलब्धि से गौरवान्वित किया है।

### वैश्विक तनाव पर दिया बुद्ध का संदेश

पीएम मोदी ने कहा कि मई का महीना एक शुभ अवसर के साथ शुरू हो रहा है और कुछ ही दिनों में हम बुद्ध पूर्णिमा मनाएंगे। उन्होंने देशवासियों को अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गौतम बुद्ध का जीवन संदेश आज भी उतना ही प्रासंगिक है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भगवान बुद्ध ने हमें सिखाया कि शांति की शुरुआत हमारे भीतर से होती है और स्वयं पर विजय सबसे बड़ी जीत होती है।

### पवन ऊर्जा में भारत अब बड़ी ताकत

पीएम मोदी ने मन की बात में कहा कि आज वह एक ऐसी शक्ति की बात करना चाहते हैं जो दिखाई नहीं देती, लेकिन उसके बिना जीवन एक पल भी संभव नहीं है- यह शक्ति है पवन ऊर्जा। उन्होंने कहा कि यही ताकत भारत को आगे बढ़ा रही है और आज पवन ऊर्जा देश के विकास की नई कहानी लिख रही है। प्रधानमंत्री ने बताया कि भारत ने हाल ही में इस क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल की है और देश की पवन ऊर्जा क्षमता 56 गीगावाट से अधिक हो गई है, जिससे भारत दुनिया के अग्रणी चार देशों में शामिल हो गया है।

## सऊदी के बाद पहुंचे अबू धाबी पहुंचे एनएसए

**अबू धाबी (एजेंसी)।** मध्य पूर्व में तनाव के बीच भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल अबू धाबी पहुंचे हैं। शनिवार 25 अप्रैल को उन्होंने यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जाएय अल नाह्यान से मुलाकात की है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, बैठक में दोनों पक्षों ने क्षेत्रीय स्थिरता और पश्चिम एशिया में चल रहे भू-राजनीतिक घटनाक्रमों पर चर्चा की। बैठक का मुख्य जोर सुरक्षा चिंताओं, आर्थिक हितों के साथ ही इजरायल-ईरान युद्ध के बाद क्षेत्र में बढ़ते तनाव के बीच आपसी तालमेल पर था।

**खाड़ी में भारत तेज कर रहा पहुंच-** एनएसए अजीत डोभाल का यह दौरा भारत की खाड़ी देशों तक पहुंच बनाने की कोशिश का हिस्सा है, जिसे अमेरिका और ईरान में बढ़ते तनाव के बीच तेज कर दिया गया है। इसके पहले 20 अप्रैल को डोभाल ने सऊदी अरब की यात्रा की थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश पर की गई इस यात्रा में सऊदी अरब के वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठकें हुई थीं।

# आसमान से बरस रही आग, '47 पार' पारा

● उत्तर भारत में बुरा हाल, हीटवेव करेगी परेशान

### यूपी, दिल्ली, एमपी और राजस्थान में रेड अलर्ट



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** यूपी, दिल्ली, राजस्थान, पंजाब और एमपी में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है। अप्रैल के अंतिम सप्ताह में ही तापमान सामान्य से पांच डिग्री से अधिक ऊपर पहुंच गया है। कई इलाकों में दिन के समय सड़कें और बाजार सुनसान नजर आ रहे हैं। सड़कों पर कम लोग नजर आ रहे हैं। पहाड़ी क्षेत्र भी गर्मी की चपेट में हैं। उत्तर प्रदेश के बांदा जिले में शनिवार को देश का सबसे अधिक तापमान दर्ज किया गया। यहां अधिकतम तापमान 47.4 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया, जो सामान्य से 6.2 डिग्री अधिक है। यह न केवल यूपी बल्कि पूरे देश में इस मौसम का सबसे ऊंचा पारा है। उत्तराखंड के ऊधमसिंह नगर में तो वर्ष 2009 के बाद पहली बार अप्रैल में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंचा है। इस बीच मौसम विभाग ने लू चलने की चेतावनी जारी की है।

### उत्तर भारत के कुछ हिस्सों में रातें गर्म रहेंगी

आईएमडी ने यह भी संकेत दिया है कि जम्मू और कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और मध्य भारत के कुछ हिस्सों में आने वाले दिनों में लू चलने के आसार हैं। साथ ही कहा कि उत्तर भारत के कुछ हिस्सों में रातें गर्म रहेंगी और तटीय व पूर्वी क्षेत्रों में मौसम गर्म और उमस भरा रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने एक अधिकारी ने बताया कि उत्तर-पश्चिम भारत में अधिकतम तापमान में 27 अप्रैल तक कोई महत्वपूर्ण परिवर्तन नहीं होगा।

# जेडीयू नए चेहरों को देगी मौका, मगध-तिरहुत से सवर्ण बनेगा मंत्री

● बिहार सरकार के नए मंत्रिमंडल में दिखेगा क्षेत्रीय-सामाजिक समीकरण

**पटना (एजेंसी)।** बिहार में मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर राजनीतिक गलियारे में यह चर्चा तेज है कि सम्राट चौधरी के नेतृत्व वाली सरकार में क्षेत्रीय व सामाजिक समीकरण का नया स्वरूप दिख सकता है। अगड़ी, पिछड़ी और अति पिछड़ी जाति तीनों के संदर्भ में यह बात कही जा रही है। वहीं, जदयू अपने कुछ पूर्व मंत्रियों के नाम पर यथास्थिति मोड में हैं। भाजपा कुछ पुराने चेहरे पर दृढ़ तो है ही, लेकिन क्षेत्रीय व सामाजिक समीकरण को ध्यान में रख कई नए नाम को मंत्रिमंडल में जगह मिलने की उम्मीद है।

**क्षेत्रीय समीकरण को साधेगी बीजेपी -** भाजपा में क्षेत्रीय समीकरण के मामले को सामाजिक समीकरण से जोड़ा जा



रहा। मगध क्षेत्र से भाजपा ने अति पिछड़ी जाति को महत्वपूर्ण पद पर जगह दिया हुआ है। इसलिए यह कहा जा रहा कि मगध क्षेत्र से किसी सवर्ण जाति के विधायक को मंत्री बनाया जा सकता है। जिस जिले में भाजपा ने 2025 के विधानसभा चुनाव में बेहतर उपलब्धि हासिल की है, वहां से किसी सवर्ण विधायक को मंत्री पद की जिम्मेदारी मिल सकती है। इसी तरह तिरहुत प्रमंडल के बारे में भी बात की जा रही। तिरहुत इलाके से पिछली सरकार में अति पिछड़ा वर्ग से एक महिला मंत्री थीं भाजपा कोटे से। इसलिए तिरहुत से भी किसी सवर्ण विधायक को भाजपा कोटे से मंत्री बनाया जा सकता है। दरभंगा इलाके से किसी ब्राह्मण विधायक को मंत्रिमंडल में जगह मिल सकती है। पूर्व में भाजपा ने दो बार अपने कोटे से ब्राह्मण समाज के विधायक को मंत्री बनाया था। एक महिला विधान पार्षद को भी सम्राट सरकार में जगह मिल सकती है। अभी तक वह मंत्री नहीं रही हैं।

**जदयू में कुछ नए चेहरे को पहली बार मिलेगा मौका-** जदयू कोटे से सम्राट सरकार में कौन-कौन मंत्री बनेंगे। इस बारे में यह कहा जा रहा कि कई नामों पर यथास्थिति रहेगी। जिन नामों पर यथास्थिति की बात कही जा रही उनमें वे लोग शामिल हैं, जो नीतिश कुमार के नेतृत्व वाली सरकार में कई बार मंत्री रह चुके हैं। इनकी संख्या 8 से 9 के बीच रह सकती है।

### लोजपा (रामविलास), रालोमो व हम में बदलाव की गुंजाइश नहीं

मंत्रिमंडल विस्तार के तहत एनडीए के तीन अन्य घटक दल लोजपा (रामविलास) रालोमो व हम की सूची में किसी तरह के बदलाव की गुंजाइश नहीं दिख रही। लोजपा (रामविलास) से पूर्व की सरकार में मंत्री रहे एक विधायक को जगह नहीं मिलने की बात चर्चा में जरूर है, लेकिन लोजपा नेतृत्व इसे अफवाह बता रहा। रालोमो से उपेंद्र कुशवाहा के पुत्र फिर मंत्री बनेंगे यह तय है। इसी तरह हम से जीतन राम मांझी के पुत्र संतोष का मंत्रिमंडल में शामिल होना पूर्व के निर्णय के तहत ही है।

● एलएसी पर बढ़ेगी ताकत, चीन की नींद उड़ाएगी भारत-दक्षिण कोरिया की ये दोस्ती!

# दक्षिण कोरियाई तकनीक से लैस होंगी अपनी तोपें

**नई दिल्ली/सियोल (एजेंसी)।** भारत और दक्षिण कोरिया के बीच बनने वाले सैन्य संबंध पर चीन की गहरी नजर है। खासकर भारत की दक्षिण कोरिया के साथ तोपखाने और एंटी-एयरक्राफ्ट गनों के क्षेत्र में रक्षा उद्योग सहयोग बढ़ाने की कोशिश को चीन अपने लिए संवेदनशील मान रहा है। माना जा रहा है कि भारत इन तोपों को हिमालय में उन क्षेत्रों में तैनाती करेगा जहां चीन से विवाद रहता है। भारत की तीन-दिवसीय यात्रा के दौरान सोमवार को भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के



बाद, दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति ली जे-म्युंग ने घोषणा की कि सियोल और दिल्ली अपने आर्थिक सहयोग को बेहतर बनाने पर सहमत हो गए हैं। इसके तहत जहाज निर्माण, रक्षा और आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस जैसे अहम क्षेत्रों पर खास ध्यान दिया जाएगा। दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति ली ने कहा कि दक्षिण कोरिया भारत की आत्मनिर्भर भारत नीति का पूरी तरह से समर्थन करता है और उसे उम्मीद है कि वह भारतीय रक्षा उपकरणों के उत्पादन और संचालन में सक्रिय रूप से मदद करेगा।

### भारत-दक्षिण कोरिया के-9 वज्र समझौते पर ड्रैगन की तीसरी आंख है सक्रिय

आपको बता दें कि के 9 वज्र-ए भारत में ही बनाया जाता है और यह दक्षिण कोरिया के के 9 थंडर डिजाइन पर आधारित है। इसका सिस्टम हान्वा एयरोस्पेस से टेक्नोलॉजी ट्रांसफर के जरिए तैयार किया गया था और इसे भारतीय सेना के रेगिस्तानी और ऊंचे पहाड़ी इलाकों के हिसाब से ऑप्टिमाइज किया गया है। भारतीय सेना ने इन होवित्जरों को देश के उत्तरी लद्दाख इलाके में तैनात किया है जिसका मकसद चीन और पाकिस्तान के साथ भारत के सीमा तनाव के बीच अपनी लंबी दूरी की मारक क्षमता को बढ़ाना है। दिल्ली के विदेश मंत्रालय के पेरियासामी कुमारन ने सोमवार को ली की यात्रा के दौरान कहा कि भारत दक्षिण कोरिया के साथ अपने रक्षा उद्योग सहयोग को तीसरे चरण तक विस्तार देना चाहता है। सिंगापुर के एस. राजारत्नम स्कूल ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज में साउथ एशिया प्रोग्राम के सीनियर एनालिस्ट निशांत राजीव ने कहा कि होवित्जर और एंटी-एयरक्राफ्ट गन भारत की सुरक्षा के लिए बेहद जरूरी हैं क्योंकि दक्षिण कोरिया से मिला के-9 आर्टिलरी सिस्टम भारत की विवादित सीमाओं पर उसकी मारक क्षमता को और बढ़ा देता है।

### भारत-दक्षिण कोरिया संबंध पर चीन की टेढ़ी नजर

हंकुक यूनिवर्सिटी ऑफ फॉरेन स्टडीज में अंतरराष्ट्रीय संबंधों के प्रोफेसर कांग जून-यंग ने कोरिया टाइम्स से कहा कि इस बात की बहुत ज्यादा संभावना है कि बीजिंग, दक्षिण कोरिया और भारत के बीच रक्षा और सप्लाई-चेन सहयोग को बहुत ही आलोचनात्मक नजर से देखेगा। उन्होंने कहा खास तौर पर चूंकि भारत का चीन के साथ सीमा विवाद चल रहा है इसलिए बीजिंग इस बात को लेकर स्वाभाविक रूप से संवेदनशील है कि दक्षिण कोरिया के हथियार सिस्टम से भारत की सैन्य शक्ति में बढ़ोतरी हो सकती है। उन्होंने आगे कहा चूंकि सिर्फ निर्यात से आगे बढ़कर टेक्नोलॉजी ट्रांसफर और स्थानीय उत्पादन पर ध्यान है।

## टेकऑफ के दौरान स्विस प्लेन का इंजन फेल, आग लगी

### 6 घायल, 4 नवजात समेत 232 लोग सवार थे; फ्लाइट ज्यूरिख जा रही थी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली एयरपोर्ट में टेकऑफ के दौरान स्विस प्लेन का इंजन फेल हो गया। स्विस एयरलाइंस की एस 147 फ्लाइट शनिवार देर रात 1.08 बजे टेकऑफ करने वाली थी। तभी उसका एक इंजन फेल हो गया और उसमें आग लग गई। इसके बाद पायलट ने तुरंत विमान रोक दिया। अधिकारियों ने बताया कि रनवे पर इमरजेंसी स्लाइड का इस्तेमाल करके सभी यात्रियों को बाहर निकाला गया। 6 यात्री घायल हो गए। फ्लाइट स्विट्जरलैंड के ज्यूरिख जाने वाली थी। स्विस एयरलाइन ने एक बयान में कहा, हमें दिल्ली में फ्लाइट एस 147 से जुड़ी घटना के बारे में जानकारी मिली है। जिस विमान में खराबी आई, वह एयरबस एस 330 है। घटना भारतीय समय के अनुसार रात 1 बजे के बाद की है। जैसे ही विमान टेकऑफ करने के लिए रनवे में आया। विमान के बाईं ओर लैंडिंग गियर से धुआं निकलता देखा गया।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### बाइक के पेट्रोल टंकी और सीट के नीचे बने तहखाने से विदेशी शराब बरामद,100 लीटर महुआ शराब के साथ बाइक जब्त

**रजौली**। रजौली थाना क्षेत्र के सिरमकोल मोड़ के समीप से उत्पाद बलों ने एक बाइक के पेट्रोल टंकी और सीट के नीचे बने तहखाने से विदेशी शराब को बरामद किया है। साथ ही शराब तस्कर को भी गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार तस्कर की पहचान रजौली थाना क्षेत्र के डुमरकोल गांव निवासी कमल राम के पुत्र सूरज कुमार के रूप में हुई है। उत्पाद अधीक्षक नवादा अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि बिहार मद्दनिषेध को लेकर उत्पाद बलों के सहयोग से जांच चौकी पर झारखंड की ओर से आनेवाली प्रत्येक वाहनों की सघन जांच की जाती है। साथ ही आसपास के कनेक्टिंग रुट से शराब परिवहन के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। गुप्त सूचना के आलोक में उत्पाद एसआई प्रवीण कुमार द्वारा डीह रजौली से सिमरकोल जाने वाले रास्ते में एक बाइक ग्लेमर संख्या जेएच12जी8348 को जांच हेतु रोका गया। जांच के दौरान बाइक की पेट्रोल टंकी और सीट के नीचे बने तहखाने से 375 एमएल की 22 बोतल रॉयल स्टेज शराब बरामद किया गया। शराब तस्कर अपने बाइक संचालन हेतु अलग से 2 लीटर का पेट्रोल टंकी बनाकर शराब का परिवहन करता पाया गया। जब्त बाइक एवं शराब के अलावे एक शराब तस्कर को भी गिरफ्तार किया गया है। वहीं दूसरी ओर मुरहेना पंचायत के खेल मैदान से एक बाइक पर लदे 100 लीटर महुआ शराब को जब्त किया गया है,जबकि शराब तस्कर गिरफ्त से बाहर रहा। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि उक्त दोनों कार्रवाई उत्पाद एसआई प्रवीण कुमार के द्वारा की गई है। जब्त शराब,बाइक एवं गिरफ्तार तस्कर के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। गिरफ्तार तस्कर को रविवार को मेडिकल जांच के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। इस मौके पर गृहरक्षक के जवान मौजूद रहे।

### समेकित जांच चौकी चितरकोली पर 16 शराबी गिरफ्तार, जुर्माना देकर छूटे

**रजौली**। बिहार-झारखंड सीमावर्ती क्षेत्र चितरकोली स्थित समेकित जांच चौकी पर उत्पाद बलों ने बड़ी कार्रवाई की है। नशे की हालत में 16 लोगों को गिरफ्तार किया गया। सभी आरोपी झारखंड की ओर से बिहार में प्रवेश कर रहे थे। उत्पाद अधीक्षक नवादा अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि बिहार में मद्दनिषेध कानून को सख्ती से लागू करने के लिए जांच चौकी पर 24 घंटे सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। झारखंड की ओर से आने वाली छोटी और बड़ी सभी वाहनों की जांच की जाती है। इसी क्रम में बीते शनिवार से लेकर रविवार सुबह तक विभिन्न यात्री वाहनों एवं निजी वाहनों से कुल 16 लोगों को हिरासत में लिया गया। गिरफ्तार सभी लोगों ने शराब का सेवन कर रखा था। मौके पर मौजूद उत्पाद बलों ने ब्रेथ एनलाइजर मशीन से जांच की। जांच में सभी के शराब पीने की पुष्टि हुई। इसके बाद सभी को हिरासत में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की गई। रविवार को सभी आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। न्यायालय में सभी ने अपना जुर्म कबूल किया और निर्धारित जुर्माना राशि जमा की। जुर्माना जमा करने के बाद सभी को छोड़ दिया गया और वे अपने घर चले गए। उत्पाद अधीक्षक ने कहा कि सीमावर्ती इलाकों में विशेष सतर्कता बरती जा रही है। झारखंड से शराब पीकर बिहार आने वालों पर कड़ी नजर है। आगे भी यह अभियान जारी रहेगा। उन्होंने आम लोगों से अपील की कि मद्दनिषेध कानून का पालन करें। कानून तोड़ने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। चितरकोली जांच चौकी पर लगातार हो रही कार्रवाई से शराबियों में हड़कंप है।

### गरही डैम में डूबने से दो युवकों की दर्दनाक मौत राजद प्रदेश महासचिव सलमान खुर्शीद ने परिजनों से मिल जताया शोक

**कौआकोल**। जमुई जिला स्थित गरही डैम में शनिवार को नहाने के दौरान डूब जाने से दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। मृतकों की पहचान ईटपकवा गांव निवासी मुन्नीवर अंसारी के पुत्र मो० अफजल अंसारी तथा सरफराज अंसारी के पुत्र समीर अंसारी के रूप में की गई है। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार दोनों युवक शनिवार को गरही डैम में नहाने गए थे, इसी दौरान गहरे पानी में चले जाने से डूब गए। स्थानीय लोगों एवं प्रशासन की मदद से काफी खोजबीन के बाद दोनों के शव बरामद किए गए। रविवार को राष्ट्रीय जनता दल बिहार के प्रदेश महासचिव सलमान खुर्शीद ने शोक संतप्त परिवार से मिलकर गहरी संवेदना व्यक्त की तथा परिजनों को ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि यह घटना अत्यंत दुखद एवं हृदय विदारक है। उन्होंने प्रशासन से पीड़ित परिवारों को उचित सहायता एवं सरकारी मुआवजा उपलब्ध कराने की मांग भी की। इस दुखद घटना से गांव सहित पूरे इलाके में मातम का माहौल बना हुआ है।

### दो वारंटी गिरफ्तार, न्यायिक हिरासत में भेजे गए

**कौआकोल**। कौआकोल पुलिस ने रविवार को न्यायालय के आदेश पर फरार चल रहे दो वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। कौआकोल पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के महुडर गांव निवासी विजय मांझी (पिता–द्वारिका मांझी) तथा कलौध गांव निवासी नागेश्वर महतो (पिता– रामबली महतो) को न्यायालय के निर्देश पर गिरफ्तार किया गया। दोनों अभियुक्त काफी समय से फरार चल रहे थे। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### वाहन जांच के दौरान चोरी की बाइक के साथ दो गिरफ्तार

**कौआकोल**। कौआकोल थाना गेट के पास चलाए जा रहे सघन वाहन जांच अभियान के दौरान पुलिस ने चोरी की एक बाइक के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान निराला कुमार (पिता–सुखदेव यादव) एवं अवधेश कुमार (पिता–वासुदेव यादव) के रूप में की गई है। पुलिस के अनुसार दोनों युवक शेखपुरा जिले के महुली थाना क्षेत्र अंतर्गत भलुआ गांव के निवासी बताए जाते हैं। वाहन जांच के दौरान संदिग्ध स्थिति में पकड़े जाने पर बाइक के कागजात की जांच की गई, जिसमें वाहन चोरी का मामला सामने आया। इस संबंध में कौआकोल थाना में प्राथमिकी दर्ज कर रविवार को दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### प्राणपुर :आर्म्स एक्ट के तहत थाना में तीन अपराधी पर मामला हुये दर्ज




**कटिहार**। कटिहार-प्राणपुर एनएच 31 सड़क बभनी चौक के समीप बीती रात्रि को हवाई फायरिंग करते तीन अपराधी को देख ग्रामीणों ने एक अपराधी मोहम्मद समर उर्फ सोनू साकिन कजरा बसनपुर थाना मनसाही को धड़दबोचा तथा दो अपराधी ग्रामीणों के चंगुल से भाग निकला। ग्रामीणों द्वारा मिली सूचना पर प्राणपुर पुलिस दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर ग्रामीणों के चंगुल से अपराधी को अपने कब्जे में लेते हुए पूछताछ किया तथा तलाशी लिया। तलाशी के दौरान अपराधी के पास से एक देसी कट्टा,दो जिंदा कारतूस, एक मिस फायर कारतूस एक बाइक बरामद हुआ। अपराधी से पूछताछ के दौरान मिले निशान देही पर प्राणपुर पुलिस ने बभनी गांव से ललन कुमार यादव साकिन बभनी को घर से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किये गये अपराधी के पॉकेट से 4000 रूपए एवं एक मोबाइल बरामद किया। प्राणपुर थाना अध्यक्ष विजय प्रकाश ने बताया कि बीते शनिवार की रात्रि करीब 3:25 में ग्रामीणों द्वारा सूचना मिली कि हवाई फायरिंग कर रहे एक बाइक पर सवार तीन अपराधी को जब खदेड़ा गया तो बभनी चौक के समीप एक अपराधी को धड़ दबोचा गया तथा दो अपराधी भागने में सफल हो गया। ग्रामीणों के चंगुल से अपराधी को अपने कब्जे में लेते हुए तलाशी ली गई,तो उसके पास से एक देसी कट्टा,दो जिंदा कारतूस,एक मिस फायर कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ कर उसके निशान देही पर एक अपराधी ललन कुमार यादव को दो घंटा के अंदर गिरफ्तार कर लिया गया। उसके पास से 4000 रूपए एवं एक मोबाइल बरामद किया गया।शेष एक अपराधी की गिरफ्तारी हेतु छापामारी अभियान जारी है। प्राणपुर थाना में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

# प्रणाली सुदृढ़ीकरण से बदली ब्लॉक की शैक्षणिक सूरत

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




स्कूल स्थित पुस्तकालय में अध्ययनरत बच्चे

- निपुण भारत मिशन के तहत 'पब्लिक सिस्टम प्रोजेक्ट'से मिली सफलता
- पिरामल फाउंडेशन की पहल से विद्यालयों में लौटी जवाबदेही,12 पंचायतों के शत-प्रतिशत स्कूलों में पुस्तकालय निर्माण कर बनाया मिशाल

**रजौली**। निपुण भारत मिशन के उद्देश्यों को धरातल पर उतारने के लिए पिरामल फाउंडेशन के गांधी फेलो प्रशांत सोनटक्के द्वारा संचालित 'प्रणाली सुदृढ़ीकरण आधारित पब्लिक सिस्टम प्रोजेक्ट' आज ब्लॉक स्तर की शिक्षा व्यवस्था के लिए एक मिसाल बन गया है। इस पहल ने न केवल प्रशासनिक ढांचे को मजबूत किया है, बल्कि सरकारी विद्यालयों में जवाबदेही और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के एक नए युग की शुरुआत की है। प्रोजेक्ट का मूल मंत्र स्थानीय नेतृत्व को सशक्त बनाना है, जिससे शिक्षा प्रणाली में सकारात्मक और ठोस बदलाव स्पष्ट रूप से नजर आने लगे हैं।इस कार्ययोजना की सबसे बड़ी उपलब्धि क्लस्टर रिसोर्स कोऑर्डिनेटर की भूमिका का पुनरुद्धार है।वर्तमान में क्लस्टर रिसोर्स कोऑर्डिनेटर अपने क्लस्टर के प्रधानाध्यापकों के साथ न केवल नियमित बैठकें कर रहे हैं,बल्कि विद्यालय सुधार और शैक्षणिक बाधाओं पर समाधान-आधारित कार्ययोजना भी तैयार कर रहे हैं।शिक्षकों के साथ होने वाली इन निरंतर शैक्षणिक चर्चाओं ने शिक्षण-सीखने की प्रक्रिया को पहले से कहीं अधिक प्रभावी और जीवंत बना दिया है।डेटा और मॉनिटरिंग के क्षेत्र में भी इस प्रोजेक्ट ने क्रांतिकारी कदम उठाए हैं। प्रत्येक विद्यालय का विस्तृत प्रोफाइल तैयार कर डेटा-आधारित निगरानी की एक व्यवस्थित प्रणाली विकसित की गई है। इससे अधिकारियों और समन्वयकों के लिए वास्तविक स्थिति के आधार पर त्वरित निर्णय लेना सुलभ हो गया है। संसाधनों के सृजन की बात करें तो 16 पंचायतों में से 12 पंचायतों के 100% विद्यालयों में पुस्तकालयों की स्थापना इस मिशन की एक ऐतिहासिक सफलता मानी जा रही है। उच्च विद्यालयों में भी पुस्तकालयों के प्रभावी क्रियान्वयन ने छात्रों के लिए ज्ञान के नए द्वार खोल दिए हैं।अकादमिक गतिविधियों के साथ-साथ विद्यालयों के भौतिक और सामाजिक वातावरण को बेहतर बनाने के लिए बाल संसद का गठन और 'बाला पेंटिंग' जैसी रचनात्मक गतिविधियों को क्लस्टर रिसोर्स कोऑर्डिनेटर के नेतृत्व में प्राथमिकता दी गई है।नियमित मॉनिटरिंग और फॉलो-अप की सुदृढ़ प्रक्रिया ने सुनिश्चित किया है कि सुधार के ये कार्य केवल कागजों तक सीमित न रहकर निरंतर जारी रहें। ब्लॉक के अधिकांश क्लस्टरों में इस प्रणाली के सफलतापूर्वक लागू होने से विद्यालयों के बीच बेहतर समन्वय, अनुशासन और जवाबदेही का वातावरण तैयार हुआ है, जो भविष्य में स्थायी शैक्षणिक सुधार की एक मजबूत आधारशिला साबित होगा।

## नरहट में श्री शिव प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को आज निकलेगी कलश शोभायात्रा



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नरहट (नवादा)**: नरहट के चांदनी चौक, कोयरी टोला में जगतगुरु स्वामी रँगनाथाचार्य जी महाराज श्री वैष्णव सिद्ध पीठ के तत्वावधान में पांच दिवसीय श्री शिव प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का भव्य आयोजन किया जा रहा है। महायज्ञ की शुरुआत सोमवार को कलश शोभायात्रा के साथ होगी। आयोजन समिति से जुड़े अंकुश कुमार एवं धर्मवीर कुमार ने बताया कि नवनिर्मित भव्य मंदिर में भगवान शिव की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में पांच कुंडीय महायज्ञ आयोजित किया जा रहा है। यह धार्मिक अनुष्ठान 27 अप्रैल से 1 मई 2026 तक चलेगा। महायज्ञ की सफलता के लिए पूरे गांव के लोग तन-मन से जुटे हुए हैं। आयोजकों ने सभी सनातन धर्मावलंबियों से आग्रह किया है कि वे इस पावन अवसर पर उपस्थित होकर सत्संग और प्रवचन का लाभ उठाएं। यज्ञ के पूर्व रविवार को हरि नाम अखंड संकीर्तन का आयोजन भी किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

## मंडल कारा का औचक निरीक्षण, बंदियों की सुविधाओं एवं विधिक सहायता व्यवस्था की हुई समीक्षा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नवादा**। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार नवादा आशुतोष कुमार झा, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार नवादा अरविंद कुमार एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी नवादा राहुल किशोर के संयुक्त दल द्वारा दिनांक 25.04.2026 को मंडल कारा नवादा का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के क्रम में संयुक्त दल द्वारा मंडल कारा के सभी वार्डों का बारी-बारी से जायजा लिया गया। साथ ही बंदियों को उपलब्ध कराए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु कारा के रसोईघर का निरीक्षण किया गया तथा संबंधित कर्मियों को भोजन की गुणवत्ता बनाए रखने के आवश्यक निर्देश दिए गए।

संयुक्त दल द्वारा बीमार एवं वृद्ध बंदियों का हाल-चाल लिया गया तथा जेल अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि ऐसे बंदियों के खानपान पर विशेष ध्यान दिया जाए एवं उन्हें समुचित चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराई जाए।

निरीक्षण के दौरान जेल विजिटिंग लॉयर उमेश्वर प्रसाद सिंह, मोहम्मद साजिद अयूब खान एवं रूपम कुमारी उपस्थित रहे। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार नवादा द्वारा उन्हें निर्देश दिया गया कि नये आने वाले बंदियों को विधिक सहायता संबंधी आवश्यक जानकारी दें तथा पात्र बंदियों को निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराकर कारा मुक्ति हेतु आवश्यक कार्रवाई करें।

महिला वार्ड के निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि कुछ महिला बंदी अपने छोटे बच्चों के साथ रह रही हैं। इस पर जेल अधीक्षक को निर्देश दिया गया कि ऐसे बच्चों की समुचित शिक्षा एवं देखभाल हेतु आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

## प्रोजेक्ट कन्या इंटर विद्यालय नवादा में दिव्यांग बच्चों के अधिकारों एवं योजनाओं पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




**नवादा**। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश के आलोक में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार नवादा आशुतोष कुमार झा तथा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार नवादा अरविन्द कुमार के निर्देश पर दिनांक 26 अप्रैल 2026 को नवादा प्रखंड स्थित प्रोजेक्ट कन्या इंटर विद्यालय नवादा परिसर में दिव्यांग बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन जिला विधिक सेवा प्राधिकार नवादा के लीगल एड डिफेंस काउंसिल मो० साजिद अयुब खान, पी०एल०वी० रामनुज कुमार, विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं छात्राओं द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

अपने संबोधन में लीगल एड डिफेंस काउंसिल मो० साजिद अयुब खान ने कहा कि भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा दिव्यांग बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इनके अंतर्गत दिव्यांग बच्चों को निःशुल्क अथवा रियायती दर पर कृत्रिम अंग, श्रवण यंत्र, व्हीलचेयर आदि उपलब्ध कराए जाते हैं। साथ ही प्राथमिक से उच्च शिक्षा तक छात्रवृत्ति की व्यवस्था तथा शैक्षणिक संस्थानों एवं सरकारी नौकरियों में आरक्षण का भी प्रावधान है। उन्होंने बताया कि समाज कल्याण विभाग द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के दिव्यांग बच्चों के पालन-पोषण, पोषण आहार एवं विशेष देखभाल के लिए भी विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही हैं।

कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं छात्राओं से अपील करते हुए उन्होंने कहा कि अपने-अपने क्षेत्र के दिव्यांग बच्चों को इन योजनाओं का लाभ दिलाने में सहयोग करें तथा उनके अधिकारों के प्रति समाज में जागरूकता फैलाएं।

इस अवसर पर विद्यालय परिवार, छात्राएं एवं आमजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में दिव्यांग बच्चों को कानूनी सहायता उपलब्ध कराने तथा उनके अधिकारों की रक्षा हेतु जागरूकता बढ़ाने पर विशेष बल दिया गया।

## पूर्व उप मुख्यमंत्री के निर्देश में विद्युत आपूर्ति प्रमंडल ने बांस पोल हटाने की कार्रवाई किया प्रारंभ

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**कटिहार**। पूर्व उप मुख्यमंत्री सह विधायक तारकिशोर प्रसाद ने कटिहार नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न वार्डों में आंशिक रूप से बांस बल्ला के सहारे की जा रही विद्युत आपूर्ति को विद्युत कवर्ड तार एवं विद्युत पोल का अधिष्ठापन कर एक समय सीमा के अंदर करने का निर्देश दिया है। क्योंकि कुछ स्थानों पर बांस बल्ला के द्वारा की जा रही विद्युत आपूर्ति जोखिम भरा है।हमेशा दुर्घटना की संभावना बनी रहती है।

पूर्व उप मुख्यमंत्री के निर्देश के आलोक में विद्युत आपूर्ति प्रमंडल ने बांस पोल हटाने की कार्रवाई प्रारंभ कर दी है। इस आलोक में वार्ड संख्या- 16 ग्रीन सोप पाड़ा, वार्ड संख्या-17 ड्राइवर टोला में कार्य प्रारंभ हो चुका है।

उन्होंने कहा कि आज प्रारंभ हुई रिकंडक्टिंग कार्य में न केवल विद्युत पोल के अधिष्ठापन व उच्च क्षमता के कवर्ड विद्युत तार लगेंगे बल्कि उन क्षेत्रों में विद्युत अधिभार के अनुकूल विद्युत ट्रांसफार्मर एवं संबंधित आधुनिक उपकरण भी लगाए जाएंगे। जिससे उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत आपूर्ति की जा सके। पूर्व उप मुख्यमंत्री ने बताया कि वार्ड संख्या-1 हृदय गंज, 03-छीटाबाड़ी,05- नेपाली टोला,06-कोसी प्रोजेक्ट कॉलोनी के पीछे ,08- इंदिरा गांधी पुस्तकालय के निकट, 16- ड्राइवर टोला, ग्रीन सोपपाड़ा एवं चौधरी बागान मे 17- ड्राइवर टोला,21-तीरपाड़ा नहर के निकट, हाई स्कूल पाड़ा, अर्जुन बिहार एवं विजयनगर में 22- कॉलोनी नंबर एक बैगना नहर के निकट, 28-टीवीएस शोरूम के सामने, 30- मैहर खान के घर के निकट, मस्जिद गली में, पापड़ा गली में तथा न्यू मार्केट स्थित ममता नर्सिंग होम के निकट से, 35-नया टोला फुलवाड़ी 43-लालू नगर एवं वार्ड संख्या 44-सत्संग आश्रम तीनगछिया, बालू टोला फसिया, अग्रवाल कॉलोनी के विभिन्न स्थानों पर रिकंडक्टिंग का कार्य नियत समय में पूरा कर लिया जाएगा।

## कलाओं का मुख्य उद्देश्य व्यक्तित्व रचना में सुंदर सकारात्मक दिशा देना: कोशिक

**चंडीगढ़ बोर्ड की क्रियात्मक वार्षिक मेधा परीक्षा 2026 शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न**

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




**कटिहार**। रंगन आर्ट, क्राफ्ट एवं म्यूजिक कॉलेज के तत्वाधान में बरमसिया स्थित स्कॉटिश पब्लिक स्कूल के प्रांगण में वार्षिक मेघा क्रियात्मक परीक्षा का आयोजन किया गया। प्राचीन कला केंद्र, चंडीगढ़ बोर्ड द्वारा निर्धारित सत्र 2025-26 वार्षिक क्रियात्मक मेघा परीक्षा में कुल 120 छात्र-छात्राएं शामिल हुए। इस संदर्भ में रंगन आर्ट, क्राफ्ट एवं म्यूजिक कॉलेज के संस्थापक सह प्रिंसिपल कौशिक कर ने बताया कि चंडीगढ़ बोर्ड की प्रारंभिक, प्रारंभिक पूर्ण, चित्र व संगीत भूषण प्रथम व द्वितीय खण्ड,चित्र भूषण पूर्ण, चित्र विशारद आदि परीक्षाओं में छात्र- छात्राओं ने फाइन आर्ट, शास्त्रीय संगीत एवं वाद्य यंत्र तबला आदि अलग-अलग विषयों पर मेधा परीक्षायो में शामिल हुए। इस 3 घंटे की परीक्षा बोर्ड द्वारा प्रतिनियुक्त भागलपुर जिले से आए मुख्य परीक्षा नियंत्रक चंद्रमोहन जी

वरिष्ठ आर्टिस्ट के देखरेख में शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। उन्होंने रंगन आर्ट व म्यूजिक कॉलेज की छात्र-छात्राओं की प्रतिभाओं को देखकर मंत्रमुग्ध हुए तथा उनके उज्जवल भविष्य कामनाओं से प्रोत्साहित किए। चित्रकला एवं हस्तकला में स्वर्ण पदक प्राप्त कौशिक कर ने बताया कि भारतीय कला व संगीत विश्व की अन्यतम धरोहर में से है, जिसे अक्षुण्ण रखना हमारा परम कर्तव्य हैं। ललित कलाओं का मुख्य उद्देश्य व्यक्तित्व रचना में सुंदर सकारात्मक दिशा देना निहित है। इसका शिक्षण इसकी पूर्ति करते हुए छात्र-छात्राओं में सामाजिक, मानसिक तथा बौद्धिक विकास संभव है। जबकि वीक्षक के रूप में संगीत शिक्षिका मिठू मजूमदार, एकलव्य कुमार, मिताली, सौगात , सागर कुमार,शुभम कुमारी,तबला शिक्षक पंकज मजूमदारआदि की भूमिका सराहनीय रहा।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का 133 वां एपिसोड का आयोजन किया



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**कटिहार**। शहर के वार्ड नंबर 36 बूथ संख्या 257 पर भाजपा जिला मंत्री सविता शर्मा के नेतृत्व में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय मासिक कार्यक्रम मन की बात का 133 वां एपिसोड का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री के उद्बोधन को सुनकर सभी लोगों ने हर्ष और खुशी व्यक्त की मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज राय मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। साथ में ही भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री सीमा झा, जिला प्रवक्ता महेंद्र झा, वार्ड पार्षद प्रमोद महतो, पूर्व वार्ड पार्षद मंजू देवी, भारत निर्माण मंच के संस्थापक अध्यक्ष दीपक कुमार गुप्ता, सुनीता देवी, गंगा राम चंद्रवंशी, राजेश गोस्वामी, शिवानी देवी, शंकर सिंह, पिंकी देवी, रेखा देवी, बबिता देवी, नीलम देवी, ललिता देवी, शिवानी देवी, सरस्वती देवी, संगीता देवी, भवानी देवी ,तुलसी देवी, पिंकी देवी, जितनी देवी, श्रीमती देवी, कविता देवी, प्रमिला देवी, अंजली देवी, सीता देवी, छटनी देवी, कविता देवी, सुमित्रा देवी, चंदा देवी,ललिता देवी, तुलसी देवी सहित सैकड़ों महिला उपस्थित रही।

# सांसद प्रतिनिधि का दौरा, स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्थाएं परखी, दिये निर्देश

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**कटिहार**। सांसद प्रतिनिधि सुनील कुमार यादव ने बरारी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न इलाकों का दौरा कर जनसुविधाओं और विकास कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरारी पहुंचकर मरीजों को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली तथा अस्पताल की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

स्वास्थ्य केंद्र में मौजूद चिकित्सकों और कर्मियों से बातचीत करते हुए उन्होंने इलाज, दवा उपलब्धता, साफ-सफाई और मरीजों की सुविधा से जुड़े विषयों पर जानकारी प्राप्त की। साथ ही निर्देश दिया कि मरीजों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए और सभी आवश्यक सेवाएं समय पर उपलब्ध कराई जाएं।

इसके बाद सांसद प्रतिनिधि सुनील कुमार यादव ने गंगा घाट पहुंचकर वहां चल रहे कटाव निरोधी कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों से कार्य की प्रगति की जानकारी ली और निर्माण कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिया, ताकि क्षेत्रवासियों को कटाव की समस्या से राहत मिल सके।

मौके पर उन्होंने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है। उसके तहत वे लगातार बरारी विधानसभा क्षेत्र का दौरा कर रहे हैं। जनता की समस्याओं का समाधान और विकास कार्यों की निगरानी उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि क्षेत्र में स्वास्थ्य, सड़क, सिंचाई और बाढ़ सुरक्षा से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाया जाएगा। मौके पर सिमरनजीत सिंह,जहांगीर आलम सहित कई कांग्रेस नेता एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### पत्नी की शिकायत पर शराबी पति को भेजा गया जेल

**मसौढ़ी**! थाना क्षेत्र के पूरनचक गांव में शनिवार देर रात एक शराबी पति को पत्नी से मारपीट के आरोप में गिरफ्तार किया गया।पुलिस ने पत्नी की शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को हिरासत में लिया।जानकारी के अनुसार,शनिवार की रात शिवनाथ यादव नामक व्यक्ति शराब पीकर घर आया। घरेलू विवाद के दौरान उसने अपनी पत्नी के साथ मारपीट शुरू कर दी। इस घटना से घर में अफरातफरी का माहौल बन गया।पीड़ित पत्नी ने साहस दिखाते हुए मसौढ़ी थाने पहुंचकर घटना की जानकारी दी।थाना अध्यक्ष ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल कार्रवाई का निर्देश दिया। पुलिस टीम मौके पर पहुंची।पुलिस ने पूरनचक गांव से आरोपी शिवनाथ यादव को गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार किए गए शिवनाथ यादव को न्यायिक प्रक्रिया के तहत न्यायालय में पेश किया गया,जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### बिहटा स्टेशन पर बड़ा हादसा: चलती ट्रेन से गिरा युवक, एक पैर कटा; हालत गंभीर

**पटना/बिहटा**। बिहटा रेलवे स्टेशन पर रविवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। पटना से बक्सर जा रही ट्रेन से गिरने के कारण 22 वर्षीय युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसमें उसका एक पैर कट गया। घटना के बाद स्टेशन परिसर में अफरा-तफरी मच गई। घायल युवक की पहचान बक्सर निवासी सुनील पाण्डेय (22 वर्ष), पिता गोरखनाथ पाण्डेय के रूप में हुई है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, युवक चलती ट्रेन से अनियंत्रित होकर नीचे गिर गया और ट्रेन की चपेट में आ गया, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। घटना की सूचना मिलते ही बिहटा जीआरपी थाना की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने बिना देर किए घायल युवक को स्थानीय रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों द्वारा उसका प्राथमिक उपचार किया गया। थाना प्रभारी आरती कुमारी ने बताया कि युवक चलती ट्रेन से कूदने के दौरान हादसे का शिकार हुआ। उन्होंने कहा कि समय पर अस्पताल पहुंचाने के कारण उसकी जान बचाने की कोशिश की जा रही है। डॉक्टरों के अनुसार, युवक की स्थिति फिलहाल गंभीर बनी हुई है और बेहतर इलाज के लिए उसे बड़े अस्पताल रेफर किया जा सकता है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। इस घटना के बाद पुलिस और रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि वे चलती ट्रेन में चढ़ने या उतरने की कोशिश न करें, क्योंकि यह जानलेवा साबित हो सकता है।

### 35 ग्राम स्मैक के साथ 3 तस्कर अरेस्ट, बरांटी थाना क्षेत्र में कार्रवाई, जंदाहा-बिदुपुर मार्ग से पकड़े गए

**हाजीपुर**। वैशाली के बरांटी थाना क्षेत्र में पुलिस ने 35.34 ग्राम स्मैक/ब्राउन शुगर के साथ तीन मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई 25 अप्रैल 2026 की शाम को जोगी बाबा स्थित पुलिया के पास की गई। वैशाली पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थों की तस्करी रोकने और तस्करों को गिरफ्तार करने के लिए लगातार सघन वाहन जांच अभियान और छापेमारी की जा रही है। इसी अभियान के तहत यह सफलता मिली है। 25 अप्रैल की शाम को बरांटी थाना को सूचना मिली थी कि कुछ मादक पदार्थ तस्कर जंदाहा के रास्ते बिदुपुर की ओर जा रहे हैं। इस सूचना के सत्यापन और कार्रवाई के लिए वैशाली पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एक टीम गठित की गई। इस टीम का नेतृत्व अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, महुआ, संजीव कुमार ने किया, जिसमें बरांटी थानाध्यक्ष, दंडाधिकारी और एसटीएफ के सदस्य शामिल थे। गठित टीम ने जोगी बाबा स्थित पुलिया के पास घेराबंदी कर एक सफेद रंग की कार को रोका। कार में सवार तीन मादक पदार्थ तस्करों को मौके पर ही पकड़ लिया गया। गिरफ्तार तस्करों की पहचान रविशंकर कुमार (पिता- कपिलदेव ठाकुर, निवासी चेचर, थाना- बिदुपुर, जिला- वैशाली), कुंदन कुमार (पिता- नरेश राय, निवासी दाउदनगर, थाना- बिदुपुर, जिला- वैशाली) और राखी देवी उर्फ राखी जायसवाल (पति- मुन्ना कुमार, निवासी व थाना- मोतिहारी) के रूप में हुई है। अंधेरे का फायदा उठाकर एक अन्य व्यक्ति भागने में सफल रहा, जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। इस संबंध में राजापाकड़ (बरांटी) थाना में कांड संख्या 206/26 दर्ज कर तीनों गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। प्रारंभिक पूछताछ में तस्करों ने बताया कि वे सिलचर से अवैध मादक पदार्थ लेकर आ रहे थे। उन्होंने मादक पदार्थ बेचने के स्थानों और अपने गिरोह के अन्य सदस्यों के बारे में भी जानकारी दी है। पुलिस गिरफ्तार अभियुक्तों के आपराधिक इतिहास का पता लगा रही है और मामले की आगे जांच जारी है।

### भगवानपुर पुलिस ने अवैध पिस्टल के साथ एक को पकड़ा, रात की गश्त के दौरान हुई गिरफ्तारी

**हाजीपुर**। वैशाली के भगवानपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक व्यक्ति को अवैध पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी रात की गश्त के दौरान हुई, जिससे एक संभावित आपराधिक घटना को टाल दिया गया। सदर एसडीपीओ गोपाल मंडल ने बताया कि सब इंस्पेक्टर नथनी ठाकुर अपनी टीम के साथ कल रात गश्त पर थे। प्रतापताड़ चौक के पास उनकी नजर एक संदिग्ध व्यक्ति पर पड़ी, जो अपनी बाइक खड़ी कर सड़क किनारे बैठा था। पुलिस को देखते ही वह व्यक्ति बाइक स्टार्ट कर तेजी से भागने लगा, जिसके बाद पुलिस ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम शशि सिंह उर्फ गुड्डू कुमार बताया, जो गरौल थाना क्षेत्र के पोझा गांव का निवासी है। पुलिस ने वीडियोग्राफी के साथ उसकी तलाशी ली, जिसमें उसके पास से एक देशी पिस्टल बरामद हुई। पिस्टल में मैगज़ीन लगी थी, लेकिन उसमें कोई कारतूस नहीं था। पूछताछ में शशि सिंह ने बताया कि वह लूटपाट करने के इरादे से वहां रुका हुआ था। एसडीपीओ गोपाल मंडल ने आगे बताया कि संदिग्ध गतिविधियों के आधार पर इस व्यक्ति को अपराध करने से पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया, जिससे एक संभावित बड़ी आपराधिक घटना टल गई। भगवानपुर थाने में इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है, और गिरफ्तार अभियुक्त शशि सिंह को न्यायिक हिरासत में भेजा जाएगा।

### वैशाली के बिदुपुर में छात्रा गंगा में डूबी, स्नान के दौरान हादसा, नौवीं कक्षा में पढ़ती थी

**हाजीपुर**। वैशाली के बिदुपुर थाना क्षेत्र में रविवार सुबह गंगा नदी में स्नान के दौरान एक 14 वर्षीय किशोरी डूब गई। यह घटना रामदौली बालू घाट पर हुई, जब किशोरी अपनी मां के साथ घरेलू पर्व के अवसर पर स्नान कर रही थी। जहांगीरपुर नया टोला निवासी अरविंद कुमार सिंह की पुत्री आलिया कुमारी उर्फ परी स्नान करते समय पैर फिसलने से गहरे पानी में चली गई। स्थानीय लोगों ने उसे बचाने के लिए गंगा नदी में छलांग भी लगाई, लेकिन वह तुरंत गहरे पानी में समा गई। घटना की सूचना मिलते ही घाट पर स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। बिदुपुर थाना पुलिस और डायल 112 के अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचे। पुलिस ने एसडीआरएफ टीम को घटना की जानकारी दी। हालांकि, सूचना मिलने के तीन घंटे बाद भी एसडीआरएफ की टीम घटनास्थल पर नहीं पहुंची थी। आलिया कुमारी अपने चार भाई-बहनों में सबसे छोटी थी और नौवीं कक्षा में पढ़ती थी। दो सप्ताह पहले ही आलिया की बड़ी बहन की शादी हुई थी।

### हिस्ट्रीशीटर ने महिला को धमकाया, '5 लाख लो, बेटी दो', मुजफ्फरपुर में शादी के लिए दबाव बनाया

**मुजफ्फरपुर**। मुजफ्फरपुर में हिस्ट्रीशीटर ने महिला पर पांच लाख रुपए लेकर बेटी की शादी कराने का जबरन दबाव बनाया। महिला के इनकार करने पर आरोपी ने न सिर्फ फायरिंग की, बल्कि परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी। घटना साहेबगंज थाना क्षेत्र के बंगरा निजामत गांव की है। पीड़ित महिला के अनुसार, 15 अप्रैल को पहाड़पुर मनोरथ निवासी जयप्रकाश तिवारी ने फोन कर पांच लाख रुपए लेने और बेटी की शादी उससे कराने की बात कही। जब इस प्रस्ताव को ठुकरा दिया, तो अगले दिन आरोपी तीन-चार लोगों के साथ स्कॉर्पियो से उसके घर पहुंच गया।बेटी को जबरन उठाकर ले जाने का प्रयास किया। हालांकि गांव के लोग जुट गए, जिसके बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। महिला ने बताया कि 18 अप्रैल को आरोपी फिर घर के सामने आया और पिस्टल से करीब पांच राउंड फायरिंग कर दहशत फैलाया। इस दौरान परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी गई। डर अपने भाइयों को बुलाया। उन्होंने आरोपी से बात करने की कोशिश की। इस दौरान एक भाई के साथ मारपीट कर दी, जिससे उसके सीने की हड्डी टूट गई। महिला ने साहेबगंज थाने में आरोपी जयप्रकाश तिवारी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है।

# NH-139 पर तेज रफ्तार ट्रक ने 5 साल के मासूम को कुचला, मौत

## पालीगंज में दर्दनाक हादसा

## गुस्साए लोगों ने किया सड़क जाम



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना/पालीगंज**। पालीगंज अनुमंडल में रविवार को एक हृदयविदारक सड़क हादसे में पांच वर्षीय मासूम की जान चली गई। नेशनल हाइवे 139 पर हुई इस घटना ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। हादसा पालीगंज थाना क्षेत्र के महबलीपुर स्थित भेड़हरिया इंग्लिश गांव के ब्रह्मस्थानी के पास हुआ। मृतक की पहचान बिंदा चौधरी के पुत्र अनुराग कुमार (5) के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बच्चा अपने पिता को देखकर सड़क पार कर रहा था, तभी अरवल की ओर से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि मासूम की मौके पर ही मौत हो गई। परिजनों के अनुसार, अनुराग के पिता अपने बीमार बेटे को इलाज के लिए अरवल ले जाने की तैयारी में थे। वे सड़क के दूसरी ओर खड़े थे, जबकि बच्चे की मां और अनुराग उन्हें देखकर सड़क पार करने लगे। इसी दौरान यह हादसा हो गया। पिता के सामने ही बेटे की मौत ने परिवार को पूरी तरह तोड़ दिया। घटना के बाद आक्रोशित परिजन और स्थानीय लोग बड़ी संख्या में मौके पर जुट गए और NH-139 को जाम कर दिया। लोगों ने प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और सड़क सुरक्षा को लेकर सवाल उठाए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और काफी समझाने-बुझाने के बाद जाम हटवाया।

पालीगंज थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दुर्घटनाग्रस्त ट्रक को जब्त कर लिया है और चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस हाइवे पर दिन के समय भी भारी वाहन तेज गति से गुजरते हैं, लेकिन पुलिस की ओर से कोई सख्ती नहीं की जाती। इसके चलते आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। साथ ही, सड़क की खराब स्थिति भी हादसों की एक बड़ी वजह बताई जा रही है।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की जन गोष्ठी आयोजित






सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**मसौढ़ी**! रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) द्वारा कर्पूरी चौक के पास एक प्रमुख जन गोष्ठी का आयोजन किया गया।जिसमें मसौढ़ी धनरूआ पुनपुन सहित अलग क्षेत्रों से काफी संख्या में लोगों ने भाग लिया।इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के हिमालया टीचर ट्रेनिंग कॉलेज के प्राचार्य उत्तर पूर्व क्षेत्र के प्रचारक रामनवमी जी मुख्य अतिथि उदय राज मिश्र मुख्य रूप से उपस्थित रहे।गोष्ठी में शिक्षा, प्रशासन, चिकित्सा, मीडिया और सामाजिक क्षेत्र से जुड़े बड़ी संख्या में प्रबुद्धजन शामिल हुए।गोष्ठी को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की 100 वर्षों की यात्रा, उसकी कार्यपद्धति, विचारधारा और समाज में उसकी भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि वर्ष 1925 में विजयादशमी के अवसर पर एक छोटे से प्रयास के रूप में प्रारंभ हुआ संघ आज एक विशाल सामाजिक-सांस्कृतिक शक्ति के रूप में विकसित हो चुका है। इस कार्यक्रम के आयोजन में संघ की ओर से जिला प्रचारक मनीष कुमार, सह जिला कार्यवाह प्रिंस कुमार, खंड संघचालक किशोरी जी, खंड कार्यवाह राघवेंद्र कुमार, लव प्रकाश, प्रभात कुमार, संतोष कुमार, सुरेन्द्र खत्री, संजय केशरी,अरुण यादव, अभिमन्यु पटेल सहित कई अन्य प्रमुख व्यक्ति शामिल थे।

## हाई वोल्टेज पोल पर चढ़ा युवक, घंटों चला हंगामा; समझाने के बाद सुरक्षित उतरा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**मसौढ़ी (पटना)**: धनरूआ प्रखंड के सीरिया गांव में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक युवक घरवालों से नाराज होकर बिजली के हाई वोल्टेज पोल पर चढ़ गया। इस दौरान गांव में काफी देर तक हंगामे की स्थिति बनी रही और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए।

जानकारी के अनुसार, सीरिया गांव निवासी नीरज कुमार किसी पारिवारिक विवाद से परेशान था। बताया जाता है कि घर में अक्सर डांट-फटकार से आहत होकर उसने भावावेश में यह खतरनाक कदम उठा लिया और हाई टेंशन बिजली के पोल पर चढ़ गया। युवक को पोल पर चढ़ा देख आसपास के लोग घबरा गए और तुरंत उसे नीचे उतरने के लिए समझाने लगे।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची और युवक को शांत कराने का प्रयास शुरू किया। काफी देर तक समझाने-बुझाने के बाद आखिरकार युवक ने लोगों की बात मानी और सुरक्षित नीचे उतर आया। इस दौरान पूरे गांव में तनाव और हंगामे का माहौल बना रहा।

नीचे उतरने के बाद युवक ने स्वीकार किया कि उसका फैसला गलत था और वह भविष्य में ऐसा कदम नहीं उठाएगा। पुलिस ने आवश्यक पूछताछ के बाद युवक को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। इस घटना के बाद ग्रामीणों ने भी राहत की सांस ली। स्थानीय लोगों का कहना है कि समय रहते समझदारी और संयम से काम लिया गया, जिससे एक बड़ी अनहोनी टल गई।

# 10 साल की बच्ची से रेप और हत्या का आरोपी गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**पटना**। पटना में छठी क्लास की छात्रा (10) की हत्या कर दी गई थी। गुरुवार को रोशनी की डेड बॉडी मिली थी। हत्या का आरोपी उसका पड़ोसी ही निकला है। पटना पुलिस ने मुख्य आरोपी रंजीत कुमार (39) को गिरफ्तार कर लिया है। मामले का खुलासा करते हुए रविवार को SSP कार्तिकेय शर्मा ने बताया कि आरोपी ने बच्ची के साथ रेप की कोशिश की, लेकिन वो अपने मंसूबे में नाकाम नहीं हुआ तो लोढ़ी (मसाला पीसने वाला सामान) से बच्ची का सिर कुचलकर मार डाला। आरोपी ने हत्या करने के बाद दिनभर बॉडी को अपने कमरे में रखा और देर रात शव को कंबल में लपेटकर तालाब में फेंकने जा रहा था, तभी उसे पुलिस की गश्ती गाड़ी दिखी तो गली में ही फेंककर आरोपी अपने कमरे में आ गया।

23 अप्रैल यानी बुधवार की सुबह बच्ची दूध लेकर लौट रही थी। उस वक्त आरोपी ने बच्ची को बहलाकर अपने कमरे में ले गया। फिर आरोपी ने कमरे का दरवाजा बंद किया तो बच्ची चिल्लाने लगी। इसी दौरान आरोपी ने लोढ़ी से सिर पर हमला कर दिया, जिसमें बच्ची की मौत हो गई। मौत के बाद आरोपी ने डेड बॉडी को अपने बेड के नीचे छिपा दी। फिर देर रात में शव फेंकने जा रहा था। तभी पुलिस की गाड़ी दिखी तो वह गली में ही डेड बॉडी छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने रंजीत के कमरे से लोढ़ी, खून से सना तकिया, दीवार पर लगे खून के छींटे, दूध वाला केन बरामद किया है।

हत्या की घटना को अंजाम देने के बाद रंजीत सबूत मिटाने में जुट गया था। कुछ सामान कूड़ेदान के आसपास फेंक भी दिया था, जिसे पुलिस ने बरामद किया। इसके बाद पुलिस एक्टिव होकर जांच शुरू की और आरोपी तक पहुंची।

**डॉग स्क्वायड की मदद से पहुंची पुलिसः** पुलिस के मुताबिक, कूड़ेदान से बच्ची का सामान और खून के छींटे मिले। इसके बाद डॉग स्क्वायड की टीम ने खून के निशान का पीछा किया और दरिंदा के घर तक पहुंची। तकनीकी तड़ताल से भी पड़ोसी दरिंदा पर शक गहरा गया। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया।

**घर से 500 मीटर दूर मिली थी लाशः** बच्ची का अपहरण 23 अप्रैल की सुबह हुआ और उसी दिन उसकी हत्या कर दी गई। अगले दिन 24 अप्रैल यानी गुरुवार की सुबह घर से करीब 500 मीटर दूर एक गली में कंबल में लिपटी उसकी लाश मिली थी। जांच के दौरान पुलिस को कई सुराग मिले। शव मिलने वाली जगह से करीब 200 मीटर दूर कचरे के ढेर से बच्ची की चप्पल, खून से सना फुल पैंट, रुमाल और चादर बरामद की गई। वहीं, शव मिलने के बाद गुरुवार को गुस्साए परिजन और स्थानीय लोगों में पटना-फतुहा सड़क जाम कर दिया था और टायर जलाकर हंगामा किया।

## पटना यूनिवर्सिटी के डिजिटल स्टूडियो में लेक्चर होंगे रिकॉर्ड, हर विभाग से शिक्षकों की सूची तैयार

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




**पटना**। पटना यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों की सुविधा के लिए डिजिटल स्टूडियो तैयार किया गया है। पिछले हफ्ते ही इसका उद्घाटन हुआ था। अब इसमें काम शुरू कर दिया गया है। इस डिजिटल स्टूडियो के माध्यम से क्लास के दौरान टीचर अपने लेक्चर को रिकॉर्ड कर सकेंगे। इसके साथ ही लेक्चर को यूनिवर्सिटी के यूट्यूब चैनल पर अपलोड भी किया जाएगा। इस डिजिटल लैब में हर दिन कम से कम दो वीडियो लेक्चर रिकॉर्ड किए जाएंगे।


**लेक्चर रिकॉर्डिंग के लिए हर विभाग से शिक्षकों की सूची तैयारः** इस डिजिटल लैब में लेक्चर रिकॉर्डिंग के लिए हर विभाग से शिक्षकों की सूची तैयार कर ली गयी है। टीचर अपनी टाइमिंग के अनुसार लेक्चर रिकॉर्ड करेंगे। इस डिजिटल स्टूडियो के बनने के बाद अब तक तीन वीडियो लेक्चर रिकॉर्ड किए गए हैं। रिकॉर्डेड लेक्चर में फिलहाल जियोलॉजी, फिजिक्स और गणित विभाग की ओर से लेक्चर रिकॉर्ड किया गया है। इस रिकॉर्ड किए गए लेक्चर को जल्द ही यूनिवर्सिटी के यूट्यूब चैनल पर अपडेट किया जाएगा।

**हर विद्यार्थी को मिलेगा शिक्षकों के लेक्चर का लिंकः** इस डिजिटल लैब के संचालन के लिए टीम बनाई गई है। वीडियो को वेबसाइट पर शेयर करने के लिए एडिटिंग प्रोसेस जारी है। इससे संबंधित विषय के विद्यार्थियों को बार-बार पढ़ने और सुनने का मौका मिलेगा। हर विद्यार्थी विभिन्न विषय के शिक्षकों के लेक्चर का लिंक भी दिया जाएगा, जिससे उनकी तैयारी बेहतर हो सके। आगे यूनिवर्सिटी स्तर पर किए जाने वाले रिसर्च को डिजिटल स्टूडियो से जोड़ा जाएगा।

## पटना जू में जानवरों के लिए लगे 17 कूलर-11 एसी, चिपांजी पी रहा नारियल पानी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना**। पटना में भीषण गर्मी का असर जानवरों पर भी पड़ रहा है। हीट स्ट्रोक से बचाने के लिए पटना जू ने जानवरों के लिए विशेष इंतजाम किए हैं। नाईट हाउस में 17 कूलर के साथ 53 फैन लगाए गए हैं, ताकि सामान्य तापमान बना रहे। अजगर-कोबरा के सेल में एसी लगी है। सांपघर, निशाचरघर, मछलीघर में कुल 11 एसी लगाए गए है। जानवरों को ग्लूकोज, मल्टीविटामीन और लू से बचने की दवाइयां दी जा रही है। बाघ और शेर की गुफाओं में ठंडी हवा के लिए कूलर लगे हैं। वहीं तेंदुआ, लकड़बग्घा, स्मॉल कैट, हिमालयन भालू, स्लॉथ बियर, चिम्पांजी, हुलॉक गिब्बन भी कूलर और फैन की हवा खा रहे हैं। सभी नाईट-हाउस के सेल में और छत पर पानी से छिड़काव किया जा रहा है, ताकि जानवरों को गर्मी महसूस न हो। वहीं, नाईट हाउस में रह रहे भालू, टाईगर, आदि जानवरों के शरीर पर पानी का छिड़काव किया जा रहा है। भालू गर्मी से राहत के लिए झरने में नहा रहा है। पक्षियों के बाड़े में तपिश कम करने के लिए वॉटर स्प्रिंकलर और मिस्ट फॉगर के इंतजाम किए गए हैं। पक्षियों के बाड़े में पानी का छिड़काव लगातार किया जा रहा है। एमू, ऑस्ट्रिच के इंक्लोजर में फाउंटेन लगाए गए है। कर्मचारी जानवरों की 24 घंटे निगरानी कर रहे है। डॉक्टर भी रूटीन चेक-अप से मॉनिटरिंग करते रहते हैं। खाने में शाकाहारी जानवरों को ठंडे फल दिए जा रहे हैं। मांसाहारी वन्यजीवों के अपचता को ध्यान में रखते हुए उनके आहार की मात्रा कम की गई है। चिपांजी को नारियल पानी, तरबूज, खरबूज, ककड़ी, खीरा, केला, दही-भात, अनार का रस, अंगूर और संतरा जैसे रसदार फल दिए जा रहे है। वहीं, भालू को आहार में नारियल पानी, तरबूज, ककड़ी, खीरा, संतरा, मौसमी फल, दही, चपाती, खीर दिए जा रहे है।



**ग्लूकोज-मल्टीविटामीन और लू से बचने की दवाइयां भी दी जा रहीं**

## पटना में पुलिसकर्मी ने की खुदकुशी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**पटना**। पटना के सचिवालय थाना अंतर्गत रहने वाले एक पुलिसकर्मी ने खुदकुशी कर ली है। मृतक पुलिसकर्मी की पहचान BSAP 1 में पोस्टेड रिजर्व गार्ड के हवलदार नवराज सुनार के तौर पर हुई है। यह घटना शनिवार देर रात लगभग 11 बजे की है। पुलिस के मुताबिक, नवराज सुनार बीमारियों के चलते तनाव में चल रहे थे। इसी तनाव में आकर उन्होंने खुदकुशी कर ली।

**3-4 बीमारियों से ग्रसित था हवलदारः** फंदे से बॉडी उतार कर FSL से पूरे कमरे की जांच कराई गई है। बॉडी को पोस्टमार्टम के लिए IGIMS भेजा गया। वहीं, इस घटना की जानकारी उनके परिजनों को भी दे दी गई है। पटना पुलिस की ओर से जारी विज्ञप्ति के मुताबिक उन्होंने खुदकुशी की है। शव का IGIMS में पोस्टमार्टम कराया गया। मौत का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा। पोस्टमार्टम के दौरान उनके सहकर्मी और गोरखा बटालियन के जवान मौजूद रहे। खबर लिखे जाने तक परिजन पटना नहीं आए थे।

एसएसपी कार्तिकेय शर्मा ने बताया कि कल रात उन्होंने सुसाइड कर लिया। जिस जगह पर उन्होंने सुसाइड किया, वहां से बीमारी से संबंधित सुसाइड नोट मिले हैं। जिसमें उन्होंने बीमारी के बाद होने वाली परेशानी के बारे में बताया है। दूसरा सुसाइड नोट नेपाली भाषा में है। जिसे अपने परिवार के लिए लिखा है। फिलहाल पोस्टमार्टम करा लिया गया है। बॉडी उनके पैतृक गांव नेपाल भेजी जा रही है।

## भामाशाह के आदर्श आज भी प्रासंगिकः संजय सरावगी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




**पटना**। भारतीय जनता पार्टी बिहार भाजपा पंचायती राज प्रकोष्ठ द्वारा आज दानवीर शूरवीर भामाशाह की जयंती के मौके पर एक समारोह का आयोजन किया गया। पटना स्थित बिहार इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के सभागार में आयोजित इस समारोह का उद्घाटन बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सहित उपस्थित लोगों ने भामाशाह की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया और उनके जीवन और उनके आदर्शों को याद किया।

बिहार भाजपा अध्यक्ष संजय सरावगी ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भामाशाह ने अपनी पूरी संपत्ति राष्ट्र की रक्षा के लिए समर्पित कर दी थी। उनका यह योगदान उस समय अत्यंत महत्वपूर्ण था और आज भी राष्ट्रभक्ति की सर्वोच्च मिसाल के रूप में देखा जाता है। उन्होंने कहा कि शूरवीर भामाशाह का त्याग, समर्पण और राष्ट्र के प्रति उनका अतुलनीय योगदान हम सभी के लिए प्रेरणादायी है। उनके आदर्शों पर चलकर समाज और राष्ट्र की सेवा करने का संकल्प ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने वर्तमान समय में भामाशाह के आदर्शों की प्रासंगिकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आज समाज को उनके विचारों और मूल्यों की अधिक आवश्यकता है। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि वे अपने सामाजिक और राष्ट्रीय दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और सेवा भाव के साथ करें।

उन्होंने इस कार्यक्रम को आयोजित करने के लिए पंचायती राज प्रकोष्ठ की तारीफ करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से हम आने वाली पीढ़ी को देश के महापुरुषों के बारे में बता सकते हैं। इस अवसर पर पूर्व उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, राज्यसभा सांसद सह प्रदेश महामंत्री शिवेश कुमार, पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद, बिहार सरकार के पूर्व मंत्री प्रमोद कुमार चंद्रवंशी, पूर्व मंत्री रामकृपाल यादव, विधायक संजीव चौरसिया, विधायक रत्नेश कुशवाहा, प्रदेश महामंत्री राधामोहन शर्मा, भाजपा प्रदेश मीडिया सह प्रभारी अमित प्रकाश बबलू , लोजपा(आर) के राष्ट्रीय व्यापर प्रकोष्ठ अध्यक्ष अशोक वर्मा, और उप महापौर रश्मि चंद्रवंशी सहित पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का मंच संचालन मुकेश नंदन प्रदेश संयोजक, पंचायती राज प्रकोष्ठ भाजपा ने किया। इस मौके पर कार्यक्रम प्रभारी प्रिंस राज राजू, डॉ. मनीष सिंह, मंटू गुप्ता, हरे कृष्ण, अखलेश भी मौजूद रहे। इससे पहले दानवीर शूरवीर भामाशाह की जयंती के अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी पटना स्थित भामाशाह पार्क (पुनाईचक पार्क) में उनकी आदमकद प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धापूर्वक नमन किया। इस अवसर पर पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद , दीघा के विधायक संजीव चौरसिया, पूर्व मंत्री नारायण प्रसाद, विधायक लाल बाबू प्रसाद सहित अनेक गणमान्य जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने उपस्थित होकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### महिला के साथ गहना छीनैती मारपीट मामले मे ग्यारह पर प्राथमिकी दर्ज़

**कोचस (रोहतास)**। स्थानीय थाना क्षेत्र के पकड़ी गांव की महिला ने रविवार को छेड़छाड़ मारपीट व गहना छीनैती का ग्यारह लोगो पर नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है।थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने बताया कि पकड़ी निवासी 35 वर्षीय रीना देवी पति संजय शर्मा ने लिखित आवेदन में कहा है कि वें शनिवार कि रात्रि में पड़ोस में विवाह कार्यक्रम में जा रही थी कि पहले से घात लगाकर बैठे विक्की राय, बिटू राय एवं प्रिन्स राय रास्ते में मुझे छेड़छाड़ करने लगें। जब मैं विरोध किया तो मारपीट कर नथीया, चैन व अंगूठी छीन लिया। इतने में उनके अन्य सहयोगी संजय राय, रामजी राय, अजय राय, बीरेंद्र राय अंश राय सभी पकड़ी निवासी आ धमके। मैं चिलाना शुरू किया तो मेरे पति संजय शर्मा व स्वजन उपेन्द्र शर्मा, सूर्योदय शर्मा सीमा देवी आई जिसे उपरोक्त सभी अभियुक्त कोचस निवासी अमन, मनीष, गोलू के साथ मिलकर मेरे पति समेत सभी स्वजन को नुकिला हथियार, लाठी डंडे, लोहा के रड से मारकर बुरी तरह से घायल कर दिया। किसी तरह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर इलाज के लिए व आपके पास न्याय के लिए आई हूँ। थानाध्यक्ष ने कहा कि प्राथमिकी दर्ज कर अभियुक्तों को धरपकड़ शुरू कर दी गयी है।

### महरोड़ गांव के समीप हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार व्यक्ति की मौत

**बिक्रमगंज /रोहतासः** बिक्रमगंज-नटवार मुख्य मार्ग पर नटवार थाना क्षेत्र अंतर्गत महरोड़ गांव के समीप हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गई । अज्ञात वाहन की जोरदार टक्कर से गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को बेहतर इलाज के लिए पटना ले जाते समय रास्ते में ही दम तोड़ दिया । हादसे के बाद चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया । जानकारी के अनुसार करगहर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जलवैया निवासी स्वर्गीय टुन्ना राम के 30 वर्षीय पुत्र रामाशीष राम अपनी बाइक से नटवार थाना क्षेत्र के ग्राम नदौआ से अपने घर लौट रहे थे । इसी दौरान महरोड़ गांव के समीप तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जबरदस्त टक्कर मार दी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े । घटना के तुरंत बाद आसपास के ग्रामीण घटनास्थल पर जुट गए और स्थानीय पुलिस को सूचना दी । सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की सहायता से गंभीर रूप से घायल रामाशीष राम को प्राथमिक उपचार के लिए दिनारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया । प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों ने घायल की नाजुक स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया । सूचना मिलते ही परिजन भी पीएचसी दिनारा पहुंच गए और चिकित्सकों की सलाह पर घायल को बेहतर इलाज के लिए पटना ले जाया जा रहा था । लेकिन रास्ते में ही उनकी हालत बिगड़ गई और उन्होंने दम तोड़ दिया । मामले की सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परिजनों की उपस्थिति में आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की तथा पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया । इस संबंध में थानाध्यक्ष रंजय कुमार ने बताया कि उक्त मामले की जांच पुलिस कर रही है ।

### सड़क दुर्घटना में एक बाइक सवार युवक हुआ घायल

**कोचस (रोहतास)**। थाना क्षेत्र के सासाराम चौसा पथ पर बलथरी स्टैंड के समीप शनिवार की देर शाम अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया.स्थानीय लोगों के सहयोग से उसे उपचार के लिए सीएचसी लाया गया, जहां चिकित्सकों ने स्थिति गंभीर देख प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए ट्रामा सेंटर वाराणसी रेफर कर दिया.प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ तुषार कुमार ने बताया कि घायल युवक 25 वर्षीय करुणानिधि तिवारी करगहर थाना क्षेत्र के गोपालपुर गांव निवासी विरेंद्र तिवारी का पुत्र बताया जाता है.उन्होंने बताया कि युवक के पैर व शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें होने की वजह से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया.

### सड़क दुर्घटना में एक हीं परिवार के दो युवक हुए जख्मी



**राजपुर**। बघैला थाना क्षेत्र के पडरिया गांव निवासी बीरेन्द्र सेठ का बेटा 22 वर्षीय आदित्य कुमार व एक अन्य युवक सड़क दुर्घटना के दौरान बाईक से गिरकर बुरी तरह जख्मी हो गये.जिनको परिजनों द्वारा स्थानिय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पंहुचाकर ईलाज कराया गया. स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक डाक्टर मोमिन आलम ने बताया कि एक युवक को काफी चोट लगा हुआ है.चोट तथा सड़क की रगड से कई जगहों पर गहरे घाव हो गये हैं बावजूद भी सभी लोग खतरे से बाहर हैं.अभिभावकों ने बताया कि कहीं घूमने के लिए बाईक मांग रहे थे.नहीं देने पर किसी दोस्त का बाईक लेकर चुपके से चले गये थे.संझौली से आगे सुसाडी के समीप दुर्घटनाग्रस्त होकर जख्मी हो गये.

### मानवता सेवा संघ ने श्री भगवान परशुराम की जयंती को अवकाश घोषित करने की मांग उठाई



**राजपुर /रोहतास** । थाना क्षेत्र अंतर्गत कुसुमहरा गांव में मानवता सेवा संघ के बैनर तले एक बैठक श्रीकांत चौबे की अध्यक्षता में आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान परशुराम के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर धूप दीप एवं नैवेद्य से विधिवत पूजा पाठ आचार्य के देखरेख में एवं स्वस्तिवाचन से की गई। कार्यक्रम में इकट्ठे मानवता सेवा संघ के सभी सदस्यों के द्वारा बारी-बारी से संगठन के विस्तार ,संगठन को सशक्त ,समाज को स्वाबलंबी बनाने पर जोर दिया गया । सभी वक्ताओं ने कहा कि जिस प्रकार से रविदास जयंती, अंबेडकर जयंती ,श्री कृष्ण जयंती, हनुमान जयंती ,को अवकाश दिया गया है ठीक उसी प्रकार भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान श्री परशुराम के जयंती पर राष्ट्रीय अवकाश घोषित किया जाए। संगठन के विस्तार हेतु हाउडिह निवासी निलेश पाण्डेय को अकोड़ी गोला प्रखंड के प्रखंड अध्यक्ष सर्व समिति से बनाया गया। बैठक में आए हुए सभी गण्यमन लोगों को अंग वस्त्र एवं फूल माला से सम्मानित किया गया। मौके पर मानवता सेवा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरुण दुबे, उपाध्यक्ष गुड्डु उपाध्याय, रविकांत तिवारी, रजनीकांत पांडेय,रोशन चौबे, फणींद्र त्रिपाठी, पप्पू तिवारी ,मोहन तिवारी ,प्रमोद कुमार पांडेय, कृष्णा पांडेय, परमेश्वर पांडेय, राजेंद्र पांडेय, नरेंद्र पांडे राधा पांडेय, विष्णु चौबे, कृष्ण चौबे जितेंद्र ,चौबे जितेंद्र पांडेय, लालबाबू पांडेय सहित सैकड़ो लोगों ने भाग लिया।

# राम लक्ष्मण जानकी हनुमान जी प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ जल संग्रह को निकाली गई शोभायात्रा

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**राजपुर**। प्रखण्ड मुख्यालय राजपुर कचहरी मोड़ स्थित शिबाला प्रांगण में नव निर्मित राम लक्ष्मण जानकी रामदरबार प्राण प्रतिष्ठा को आयोजित श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के लिए जल संचय हेतु जलयात्रा सह शोभा यात्रा रविवार को निकाली गई. शोभा यात्रा गणपति पूजन व यज्ञ मंडप परिक्रमा उपरांत प्रातः आठ बजे तपो मूर्ती संत यतिराज श्री सुन्दरराज स्वामी के नेतृत्व में निकला,जो कचहरी मोड़, जीवन बाबा होते हुए नोखा रोड जीवन बाबा गेट से बजार के नोखा रोड में निकलकर गांव के काली माता मंदिर को गया.कालिका पूजन उपरांत वापस राजपुर चौक आकर बजार भ्रमण करते हुए बकस बाबा प्रांगण स्थित काव नदी तट पर पहुंचा.

जहां वेद मर्मज्ञ ब्राम्हण आचार्य मनू पाठक, त्रिदंडी जीयर रंगनाथाचार्य जी,आशुतोष भारद्वाज, रिंकू पाण्डेय, अतुल चौबे,ओम प्रकाश पाण्डेय पंडित काशीनाथ पाण्डेय,अचार्य चन्द्रशेखर पाण्डेय,विजयकान्त स्वामी समेत कई अन्य वेद मर्मज्ञ विद्वान आचार्यों ने मंत्र आच्छादित वरूण पूजन करवाया.जिसके बाद में महायज्ञ के निमित्त जल संग्रह कराया गया. यात्रा में क्षेत्र के पकड़ी,सबेया,रामोडिह,छपरा, हुसेनाबाद,कपसिया,सियावंक, हब्बुपुर,राजपुर,काशिपुरी,अमाडी,मंगरवलिया,मलांव,रोतवा,घोडिही,पडरिया,पकड़ी,बिशुनपुर,कर्मकिला,मंगरवलिया,बरना,भलुआही,नावाडिह,कुझी,बरांव,बरईचा,सुल्तानपुर समेत अन्य कई गांव के हजारों श्रद्धालु भक्त शामिल रहे.



दर्जनों घोड़े,ऊंट,हाथी,सैकडों चारपहिया वाहन,रथ व हजारों पैदल महिला-पुरूष भक्तो से सुसज्जित शोभायात्रा काफी आकर्षक दिख रही थी.शोभा यात्रा के दौरान बैंड बाजा एवं डिजे पर श्रीमन् नारायण,नारायण नारायण महामंत्र,श्री कृष्ण गोविन्द हरे मुरारी, राम के कृपा से सब काम हो रहा है,जय श्री राधा,जय श्री राधा महामंत्र जाप चार चांद लगाए हुए था. यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं की सेवा के लिये समुचे बजार अन्तर्गत दर्जन भर जगहों पर शर्बत पानी के तौर पर पेयजल लोगों द्वारा प्रदान किया गया.

यज्ञाचार्य मनू पाठक ने बताया कि श्री श्री 1008 श्री त्रिदंडी सवामी स्वामी जी के पाद सेवक तपो मूर्ति संत यतिराज सुन्दरराज स्वामी के सानिध्य में आयोजित श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ 27 अप्रैल को मण्डप प्रवेश अग्नि प्राकट्य के साथ प्रारंभ हो जायेगा.भगवान की प्राण प्रतिष्ठा 29 को होगी. पुर्णहुती तथा भण्डारा एक मई को होगी. महायज्ञ के मुख्य यजमान अशोक कुमार गुप्ता एवं उनकी पत्नी रूबी कुमारी हैं.

महायज्ञ के लिए शोभायात्रा की सम्पन्नता में कमिटी के अध्यक्ष सतीश कुमार गुप्ता,उपाध्यक्ष नन्हकू सिंह यादव, कोषाध्यक्ष विजेन्द्र कुमार गुप्ता,सचिव दिनेश तिवारी,राजपुर पैक्स अध्यक्ष शोभनाथ गुप्ता,मुखिया रंजू देवी, उनके समाजसेवी पति सतीश कुमार सिंह, प्रमुख कुन्ती देवी, उनके समाजसेवी बेटा अभिषेक कुमार तिवारी,भरत तिवारी,बीडीसी सदस्य प्रतिनिधि सुमेश्वर सिंह यादव, बरना पंचायत के पूर्व पैक्स अध्यक्ष मदनमोहन तिवारी,भोला सोनी,दारा सिंह समेत अन्य का सराहनीय योगदान रहा.

## अनियंत्रित ट्रक कार में टक्कर मार दुकान मे समाई, कोई हताहत नहीं



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**कोचस (रोहतास)**। स्थानीय थाना क्षेत्र स्थित सासाराम चौसा पथ पर रविवार की दो पहर मे एक अनियंत्रित ट्रक कार में टक्कर मारते हुए दुकान में जा समाई। इस दौरान लोग बाल बाल बच गए और कुछ देर के लिए आफरा ताफ़री का माहौल बन गया। इस घटना में किसी की हता हत होने की सूचना नहीं है। घटना के बारे में बताया जाता है कि ऊपरी पुल से ट्रक नीचे उतर गांधी चौक जाने के लिए टर्न कर रहा था तभी ट्रक नियंत्रित हो एक कार्य जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर बीआर 01 एफपी 4231 मे टक्कर मारते हुए दुकान में जा समाई, हालांकि घटना के दौरान आसपास कोई भी मौजूद नहीं था नहीं तो कोई बड़ा अनहोनी हो सकती थी। घटना के बाद कुछ देर के लिए स्टेट हाईवे 17 पूरी तरह यातायात बाधित रहा, घटना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दिया है। प्रभारी थाना अध्यक्ष ने बताया कि प्रथम दृष्टिया यह हादसा ब्रेक फेल होने की वजह से हुई है लेकिन पुलिस हर एंगल से जांच कर रही है।

## कर्ण विद्या विहार में शिक्षा क्रांति की पहल, कार्यशाला में शिक्षकों ने लिया गुणवत्तापूर्ण शिक्षण का संकल्प

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बिक्रमगंज / रोहतास** । कर्ण विद्या विहार विद्यालय में 25 अप्रैल 2026 को 'प्रभावी शिक्षण पद्धतियों एवं विद्यालयी शैक्षणिक विकास' विषय पर एक दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। दोपहर 2:15 बजे से शाम 5:30 बजे तक चली इस कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षण गुणवत्ता को सुदृढ़ करना तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को नई दिशा देना रहा। कार्यक्रम के मुख्य संसाधन व्यक्ति एवं क्षेत्रीय निदेशक (डी.वी.एम. पब्लिक स्कूल) श्री काशी नाथ सिंह ने शिक्षकों को आधुनिक शिक्षा प्रणाली के विभिन्न आयामों से अवगत कराया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक डॉ. कमेंद्र सिंह की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ाया। कार्यशाला का





सफल संचालन विद्यालय की उप-प्रधानाचार्या निशा सिंह के कुशल नेतृत्व में संपन्न हुआ, जबकि पूरे कार्यक्रम की सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित करने में मैनेजमेंट हेड श्री पप्पू सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यशाला के दौरान श्री काशी नाथ सिंह ने शिक्षकों को 24 महत्वपूर्ण बिंदुओं के माध्यम से प्रभावी शिक्षण के गुर बताए। उन्होंने विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ाने, कक्षा प्रबंधन को सुदृढ़ करने, समय के उचित उपयोग, नैतिक मूल्यों के विकास तथा संवाद कौशल को बेहतर बनाने पर विशेष जोर दिया। 'आज का विचार', प्रश्न-उत्तर पद्धति, नियमित क्लासवर्क और शुद्ध हिंदी के प्रयोग को शिक्षण का अभिन्न हिस्सा बनाने की सलाह दी गई। कार्यक्रम में 'स्कूल एट द डोर' की अवधारणा भी विशेष आकर्षण का केंद्र रही, जिसके तहत शिक्षकों को विद्यार्थियों के घर जाकर उनके अध्ययन वातावरण, अनुशासन और दिनचर्या को समझने की प्रेरणा दी गई, ताकि विद्यालय और अभिभावकों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित हो सके। कार्यशाला का सबसे प्रेरणादायक क्षण तब आया, जब श्री काशी नाथ सिंह ने विद्यार्थियों के साथ संवाद स्थापित किया। उन्होंने बच्चों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए वैज्ञानिक सोच के साथ-साथ आध्यात्मिक मूल्यों को अपनाने का संदेश दिया। उनकी कुशल पठन शैली और सरल भाषा ने बच्चों को गहराई से प्रभावित किया और उन्हें अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा दी।

उपस्थित सभी शिक्षकों ने कार्यशाला में प्राप्त ज्ञान को अपने शिक्षण कार्य में लागू करने का संकल्प लिया। अंत में अध्यक्ष डॉ. सोनम सिंह ने विश्वास व्यक्त किया कि ऐसे आयोजनों से विद्यालय के शैक्षणिक वातावरण में सकारात्मक परिवर्तन आएगा और विद्यार्थी हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे।

# विचार मंच द्वारा पुरस्कार वितरण सह शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित





सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**डेहरी(रोहतास)**। डेहरी प्रखंड अंतर्गत बेरकप पंचायत के खेल मैदान, भरकुड़िया में रविवार की संध्या विचार मंच के तत्वावधान में पुरस्कार वितरण सह शिक्षक सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी संजय कुमार सिंह ने फीता काटकर किया। समारोह का उद्देश्य बिहार बोर्ड मैट्रिक एवं इंटर वार्षिक परीक्षा 2026 में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करना रहा। मंच संचालन शिक्षक विनीत कुमार ने किया।

> ♦ **समारोह का उद्देश्य बिहार बोर्ड मैट्रिक एवं इंटर वार्षिक परीक्षा 2026 में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करना**

पैक्स अध्यक्ष नंद कुमार सिंह उर्फ नंदू जी, मनोज सिंह, सनोज सिंह, संजीत कुमार, धनोज सिंह, अनिल कुमार, गोलू, डॉ. अनिल शर्मा एवं गुप्तेश्वर सिंह ने सभी अतिथियों का अंग वस्त्र, कलम व डायरी देकर स्वागत किया।

बीईओ संजय कुमार सिंह ने मेधावी छात्र-छात्राओं को मोमेंटो, मेडल, कलम एवं डायरी देकर सम्मानित किया। अपने संबोधन में उन्होंने आयोजक कमिटी को बधाई दी और छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों को नियमित विद्यालय भेजें।

इस अवसर पर शिक्षक राजकिशोर, जनपयारी देवी, नसीम अख्तर, अरूण वर्मा, विकास रंजन सहित अभिभावक सुदर्शन सिंह, विनोद सिंह, रामजी सिंह समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## मलियाबाग में वाहनों को भीषण जाम की समस्या से जूझना दिन चर्चा



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**दावथ / रोहतास** । थाना क्षेत्र के मलियाबाग में आएं दिन जाम की समस्या बनी रहती है। रविवार को मलियाबाग में वाहनों को भीषण जाम की समस्या से जूझना पड़ा। जाम भी ऐसा की सुबह छ बजे से फंसे वाहन दो पहर दो बजे तक वाहनों को सौ मीटर बढ़ नहीं पाएं थें। जिससे बसों और छोटी गाड़ीयों में परेशान दिखे। मौके पर आई 112 की पुलिस टीम जाम को देखते ही पिछे हट गई। जाम में फंसे हुए अशोक कुमार गुप्ता, बिनोद सिंह, सुनील कुमार , शैलैश कुमार सहित कई ने बताया कि डुमरांव बिक्रमगंज एनएच 120 पर दावथ के समीप से लगभग छः किलोमीटर व बक्सर जिला के नवानगर तक कुल मिलाकर दस किलोमीटर जाम लगा हुआ है। भीषण गर्मी में खाना पानी के लिए यात्री परेशान हैं। जाम की वजह काफी संख्या में बालू लदे ट्रक, मलियाबाग में सड़क के दोनों तरफ सब्जी, ठेला की दुकान और एक दूसरे से जल्दी निकलने की वाहनों की होड़ कारण बनी हुई है। मलियाबाग बाजार की सड़कें करीब डेढ़ सौ मीटर चौड़ी है लेकिन अवैध अतिक्रमण से मात्र बीस फीट ही सड़क बच्ची है। बाद में आई पुलिस ने जाम हटाने की भरपूर कोशिश कर रही थी लेकिन जाम था कि हटने का नाम नहीं ले रहा था। इस संबंध में थानाध्यक्ष मनीष कुमार पंजियार ने बताया कि मलियाबाग, दावथ जाम पुलिस के लिए एक बड़ी चुनौती बनते जा रही है। शादी समारोह में आने जाने वाले लोगों के लिए और बड़ी समस्या है। तय समय पर व्यगत स्थान पर नहीं पहुंच पाते हैं। संबंधित अधिकारियों द्वारा अतिक्रमण हटाया गया तो जाम से कुछ निजात मिलेगी।

## मोथा बावन बीघा के पोखरा पर होने वाले लक्ष्मी नारायण महायज्ञ व सूर्य नारायण प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी जोरों पर



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**काराकाट /रोहतास**। प्रखण्ड के मोथा बावन बीघा के पोखरा पर होने वाले लक्ष्मी नारायण महायज्ञ व सूर्य नारायण प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी जोरों पर है। यज्ञ मंडप के साथ प्रवचन पंडाल व कुटिया आदि को कुशल कारीगर तेजी से अंतिम रूप देने में लगे हुए हैं। यज्ञ समिति के अध्यक्ष दिनेश सिंह के अनुसार पोखरा के मध्य नवनिर्मित मंदिर में सूर्य नारायण की प्राण प्रतिष्ठा और लक्ष्मी नारायण महायज्ञ संत लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामीजी महाराज के सानिध्य में छह मई को जलभरी के साथ शुरू होकर 11 मई को भंडारा के साथ संपन्न होगा। इस बीच मुक्ति नारायण स्वामी सहित कई मर्मज्ञों से श्रीमद भागवत व श्रीराम कथा का लाभ श्रद्धालु ले सकेंगे। बिक्रमगंज-डिहरी मुख्य मार्ग पर मोथा पेट्रोल पंप के समीप से यज्ञ स्थल पर पर पहुंचा जा सकता है।

## समान नागरिक संहिता विकसित राष्ट्र के लिए अनिवार्यः डॉ सिमल

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**काराकाट / रोहतास**। मंगल भवन, ग्राम मोथा , प्रखंड काराकाट, रोहतास के पवित्र प्रांगण में प्रज्ञा प्रवाह बिक्रमगंज जिला के तत्वावधान में मासिक व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता डॉ सिमल कुमार सिंह (नामांकन प्रभारी, गोपाल नारायण विश्वविद्यालय जमुहार, सासाराम) विभाग संयोजक डॉ अरुण कुमार (शिक्षक) वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता अजय पाण्डेय तथा जिला संयोजक डॉ दिलीप कुमार (शिक्षक) ने भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित तथा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। तत्पश्चात आगत अतिथियों को अंगवस्त्र और पौधा देकर सम्मानित किया गया। प्रस्तावना डॉ. अरुण कुमार के द्वारा प्रस्तुत किया गया तथा उन्होंने ने कहा कि समान नागरिक संहिता वर्तमान समय की



मांग है, क्योंकि जबतक देश में सभी धर्मों के विवाह पद्धति, तलाक का नियम, विरासत, गोद लेने का नियम, संपति में उतराधिकारी जैसे व्यक्तिगत मामलों में बिना किसी भेदभाव के एक समान कानून लागू होना चाहिए। मुख्य वक्ता डॉ सिमल कुमार सिंह ने कहा कि समान नागरिक संहिता अर्थात सभी जाती धर्म और समुदाय पर एक समान कानून लागू करना ही समान नागरिक संहिता है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 44 में वर्णन किया गया है कि समान नागरिक संहिता राज्य के निति निर्देशक सिद्धांत के तहत आता है। इसे लागू करने का काम राज्यों का है। उन्होंने आगे कहा कि समान नागरिक संहिता का मुख्य उद्देश्य समानता, निजी कानूनों का एकीकरण, लैगिंक समानता लाना है। अपने देश में सर्व प्रथम समान नागरिक संहिता पास करने वाला राज्य उत्तराखंड है। इसके साथ ही उपस्थित अन्य प्रबुद्धजनों ने भी बहुत ही सारगर्भिति तरीके से अपनी-अपनी विचार रखी, जो समाज तथा राष्ट्र के लिए उपयोगी है आने वाले दिनों में भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में मदद करेगा। मंच संचालन डॉ दिलीप कुमार (जिला संयोजक) के द्वारा किया गया।

अंत में प्रज्ञा प्रवाह जिला संयोजक डॉ दिलीप कुमार के द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया। मुख्य वक्ता डॉ सिमल कुमार सिंह, विभाग संयोजक डॉ अरुण कुमार, अजय पाण्डेय, राजेश्वर सिंह सहित उपस्थिति सभी सम्मानित विद्वानों को इस व्याख्यान में शामिल होने के लिए धन्यवाद दी। खासकर अजय पाण्डेय को इस कार्यक्रम के लिए अपने पवित्र प्रांगण में प्रज्ञा प्रवाह के लिए स्थान देने हेतु धन्यवाद दी। अंत में कल्याण मात्र करके कार्यक्रम की समापन किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### दो बुलेट बाइक की टक्कर में एक सवार की मौत, गया-रजौली रोड पर हादसा, 3 जख्मी लोग अस्पताल में भर्ती



**गयाजी**। गयाजी में रफ्तार ने एक युवक की जान ले ली। गया-रजौली मुख्य सड़क पर द्वारिका गांव के पास दो बुलेट बाइक की आमने-सामने टक्कर में एक युवक की मौत हो गई। हादसा इतना जबरदस्त था कि टक्कर की आवाज दूर तक सुनाई दी। तीन लोग घायल हैं, जिनमें से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। मृतक की पहचान वजीरगंज थाना क्षेत्र के पतेड़ गांव निवासी 30 साल के जितेंद्र मिस्त्री के रूप में हुई है। घायलों में एक युवक टनकुप्पा थाना क्षेत्र के कनवां गांव का है। एक अन्य घायल भी पतेड़ गांव का ही रहने वाला है। लेकिन उसकी पहचान साफ नहीं हो सकी है। तीसरी घायल एक महिला है। उसे हल्की चोट आई है। जितेंद्र मिस्त्री अपने एक साथी के साथ बाइक से गया की ओर से पतेड़ गांव को लौट रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही दूसरी बुलेट बाइक ने सीधी टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों बाइक के परखच्चे उड़ गए। यही नहीं पीछे से आ रही एक तीसरी बाइक भी इस हादसे की चपेट में आ गई। वह अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत में जा गिरी। उस बाइक पर सवार महिला घायल हो गई। घटना की सूचना मिलते ही टनकुप्पा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तुरंत मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया। अस्पताल मे एक की हालत नाजुक बनी हुई है। डॉक्टरों की टीम इलाज में जुटी है। हादसे के बाद कुछ देर के लिए सड़क पर जाम की स्थिति बन गई। दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई। बाद में ग्रामीणों व पुलिस की पहल पर जाम हटाया गया और यातायात सामान्य हुआ। थानाध्यक्ष नीरज कुमार ने बताया कि फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है। हादसे की वजह तेज रफ्तार और लापरवाही मानी जा रही है। खबर लिखे जाने तक मृतक के परिजन मौके पर नहीं पहुंचे थे। गांव में मातम पसरा हुआ है।

### तेज रफ्तार वाहन ने मजदूर को रौंदा, अस्पताल में मौत, घर से शौच के लिए निकले थे

**नालंदा**। नालंदा में तेज रफ्तार वाहन ने मजदूर को टक्कर मार दी। इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। मृतक की पहचान सकरौल निवासी कारू रविदास के रूप में हुई है। मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। घटना बख्तियारपुर-रजौली एनएच-20 फोरलेन की है। भाई ऋषि ने बताया कि शनिवार की सुबह शौच के लिए घर से निकले थे। रोड क्रॉस करके दूसरी ओर जा रहे थे। इस दौरान अज्ञात वाहन ने रौंद दिया। हादसे के बाद डायल 112 की पुलिस टीम ने बिहार शरीफ मॉडल अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिजनों ने उन्हें एक निजी क्लीनिक में भर्ती कराया, लेकिन तमाम कोशिशों के बावजूद देर रात उन्होंने दम तोड़ दिया।मौत की खबर मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। परिवार में पत्नी, दो बेटी और दो बेटा है। घर के इकलौते कमाऊ सदस्य की मौत के बाद अब चारों मासूम बच्चों के सामने जीवनयापन का बड़ा संकट खड़ा हो गया है। दीपनगर थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ मॉडल अस्पताल भेज दिया गया है। परिजनों से आवेदन मिलने के बाद विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है। आरोपी की पहचान में पुलिस जुटी है।

### अल्पसंख्यक आवासीय स्कूलों में एडमिशन की प्रक्रिया शुरू

**नालन्दा**। बिहार सरकार की ओर से संचालित अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 में क्लास 9वीं और 11वीं में दाखिले की प्रक्रिया शुरू हो गई है। बिहारशरीफ के चकरसलपुर स्थित स्कूल समेत कैमूर, कटिहार, जमुई और मुजफ्फरपुर के में रिक्त सीटों को भरने के लिए ऑनलाइन आवेदन मांगे गए हैं। इच्छुक छात्र आगामी एक मई तक अपना आवेदन जमा कर सकते हैं, जिसके बाद 17 मई को राज्य स्तरीय प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। यह परीक्षा 100 अंकों की होगी, जिसमें ऑब्जेक्टिव सवाल पूछे जाएंगे।अभ्यर्थियों को हल करने के लिए दो घंटे का समय दिया जाएगा। इन विद्यालयों की विशेषता यह है कि यहां चयनित छात्र-छात्राओं को नवोदय विद्यालयों की तर्ज पर पूरी तरह निशुल्क और उच्च स्तरीय शिक्षा प्रदान की जाती है। रहने, खाने, कपड़े, दवाइयों से लेकर आधुनिक लैब और पुस्तकों तक का सारा खर्च राज्य सरकार देगी। 560 आवासन क्षमता वाले इन स्कूलों में मुस्लिम, सिख, ईसाई, बौद्ध, जैन और पारसी समुदाय के मेधावी बच्चों का चयन किया जाना है। 11वीं कक्षा में विज्ञान और कला संकाय की पढ़ाई की विशेष व्यवस्था है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि नामांकन के लिए कड़े पात्रता मापदंड निर्धारित किए गए हैं। नौवीं कक्षा के लिए अधिकतम आयु 16 वर्ष और 11वीं के लिए 18 वर्ष तय की गई है, साथ ही अभ्यर्थी के परिवार की वार्षिक आय छह लाख रुपए से अधिक नहीं होनी चाहिए। सामाजिक संतुलन बनाए रखने के लिए 75 प्रतिशत सीटें ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों के लिए और 50 प्रतिशत सीटें बालिकाओं के लिए आरक्षित रखी गई है। जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी मनीष कुमार ने बताया कि अभ्यर्थियों को ऑनलाइन फॉर्म भरते समय सीओ स्तर से निर्गत जाति, आय और निवास प्रमाण पत्र के साथ फोटो और हस्ताक्षर अपलोड करना अनिवार्य है। ऑनलाइन प्रक्रिया पूरी होने के बाद आवेदन पत्र का प्रिंटआउट संबंधित जिला अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से या निबंधित डाक के माध्यम से जमा करना होगा। परीक्षा के बाद 28 मई को परिणाम घोषित किए जाएंगे। एक से छह जून तक नामांकन की प्रक्रिया पूरी कर आठ जून से नए सत्र की पढ़ाई शुरू कर दी जाएगी।

# फर्जीवाड़ा मामले में पूर्व विधायक पप्पू खां फरार व्यवसायी ने लगाई जान की सुरक्षा की गुहार

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नालन्दा**। नालन्दा के वेना थाना क्षेत्र के धमौली स्थित एक फर्नीचर फैक्ट्री पर कब्जा करने, रंगदारी मांगने और फर्जीवाड़ा कर जमीन रजिस्ट्री कराने के मामले में आरोपी पूर्व विधायक नौशादुन नबी उर्फ पप्पू खां और उनके साथियों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। इस मामले को लेकर पीड़ित व्यवसायी ललन कुमार ने रविवार को बिहारशरीफ में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया। उन्होंने पुलिस-प्रशासन पर पूर्व विधायक को बचाने का आरोप लगाते हुए अपनी जान को खतरा बताया और मुख्यमंत्री व पुलिस प्रशासन से सुरक्षा की गुहार लगाई।

**फर्जी तरीके से जमीन निबंधन का आरोपः** प्रेस कॉन्फ्रेंस में व्यवसायी ललन कुमार ने बताया कि उन्होंने साल 2021 में रहुई प्रखंड के मौजा धमौली में (खाता सं. 42, खेसरा 1310 और खाता सं. 4, खेसरा 1309) जूट उद्योग की जमीन बनारसी प्रसाद मथुरिया से अपनी पत्नी धनवन्ती देवी के नाम पर खरीदी थी। इस जमीन की घेराबंदी और अन्य विकास काम पर उन्होंने करीब 20 लाख रुपये खर्च किए थे। उनका आरोप है कि कुछ समय बाद पप्पू खां ने उस जमीन पर अपना दावा करते हुए एक करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी। रंगदारी न देने पर उन्होंने हथियार के बल पर मजदूरों को भगा दिया और फैक्ट्री का सामान लूट लिया।

**धमकी मिलने पर दर्ज कराए थे केसः** ललन कुमार ने बताया कि इस घटना के बाद उन्होंने बेना थाने में कांड संख्या 544/2023 दर्ज कराया था। लेकिन पुलिस ने इसे दीवानी मामला बताकर अंतिम रिपोर्ट न्यायालय में दाखिल कर दी। इसके बाद पप्पू खां ने समझौता करने के नाम पर उन्हें एक

**एक करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी**



अधिवक्ता के घर बुलाया और एक करोड़ रुपये लेकर जमीन छोड़ने का ऑफर दिया। इनकार करने पर उन्हें जान से मारने की धमकियां दी गईं। इसकी रिकॉर्डिंग के आधार पर उन्होंने दीपनगर थाने में कांड संख्या 92/2023 दर्ज कराया।

**जांच में सामने आया फर्जीवाड़ाः** ललन कुमार ने बताया कि जब उन्होंने इस मामले की शिकायत पुलिस महानिदेशक (DGP) विनय कुमार से की, तो उनके आदेश पर नालंदा के एसपी ने बेना थाना कांड को फिर से खोला (रि-ओपन)। जांच के दौरान डीएम और अंचलाधिकारी की रिपोर्ट में यह साबित हुआ कि पप्पू खां, उनकी पत्नी आफरीन सुल्ताना और अन्य ने जाली व्यक्ति को खड़ा कर और बिना आधार-पैन कार्ड के फर्जी तरीके से जमीन का निबंधन (रजिस्ट्री) कराया था। कोर्ट ने भी पुलिस रिपोर्ट को अमान्य करते हुए आरोपियों के खिलाफ वारंट जारी कर दिया है।

**'सफेदपोशों का मिल रहा संरक्षण':** ललन कुमार ने सवाल उठाया कि गिरफ्तारी का वारंट जारी होने के बाद भी पूर्व विधायक और अन्य आरोपी खुलेआम कैसे घूम रहे हैं? उन्होंने कहा कि क्या आसमान निगल गया या पाताल खा गया? पुलिस उन्हें गिरफ्तार क्यों नहीं कर रही? आम आदमी होता तो अब तक जेल में होता। उन्होंने आरोप लगाया कि पप्पू खां को बड़े नेताओं और माफियाओं का संरक्षण प्राप्त है, जिसके कारण पुलिस उन पर कार्रवाई करने से बच रही है।

**100 मजदूरों का रोजगार छिनाः** ललन कुमार ने बताया कि डर के मारे उनकी फैक्ट्री आज भी बंद है, जिससे 100 मजदूरों का रोजगार छिन गया है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर स्पीडी ट्रायल के जरिए कड़ी सजा दिलाई जाए और उन्हें अपनी फैक्ट्री फिर से चालू करने के लिए सुरक्षा मुहैया कराई जाए। मौके पर मौजूद संजय कुशवाहा ने भी आरोप लगाया कि पप्पू खां अपने फर्जीवाड़े को छिपाने और बचने के लिए ही चुनाव में सत्ताधारी दल (एनडीए) के पक्ष में प्रचार कर रहे थे। इस अवसर पर अर्जुन प्रसाद कुशवाहा पूर्व राष्ट्रीय लोक मोर्चा प्रदेश महासचिव भी मौजूद रहे।

## शादी के 6 दिन बाद युवक की हत्या, 2 दोस्त मछली मारने के लिए घर से बुलाकर ले गए थे

### सिर में पीछे से मारी गोली

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नालन्दा**। नालंदा में अपराधियों ने गोली मारकर युवक की हत्या कर दी। सिर में पीछे से गोली मारी गई है। घर से 1 किलोमीटर दूर नदी किनारे शव मिला है। मृतक की पहचान राहुल कुमार(26) के तौर पर हुई है। 20 अप्रैल को शादी हुई थी। घटना बिंद थाना क्षेत्र के सदरपुर गांव की है। पिता मुकेश प्रसाद ने बताया कि मेरा बेटा शनिवार रात 9 बजे करीब खाना खाकर घर पर आराम कर रहा था। इस बीच उसके दो दोस्त जीरायन नदी में मछली मारने के बहाने बुलाकर साथ ले गए। अंदेशा नहीं था कि यह राहुल से आखिरी मुलाकात होगी।

रविवार सुबह करीब 3:00 बजे छोटे बेटे कुंदन के पास फोन आया। सूचना दी गई कि राहुल को गोली मार दी गई है। भागते-भागते सूर्य मंदिर के पास पहुंचा, तो देखा कि मेरा बच्चा अकेला वहां पड़ा हुआ था। मुझे लगा कि उसकी सांस चल रही है। इलाज के लिए उठाने की कोशिश की, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।



**शादी की खुशिया मातम में बदलीः** राहुल की शादी इसी महीने 20 अप्रैल को हुई थी। घर में अभी शादी की मिठाइयां और खुशियां खत्म नहीं हुई थी कि नई नवेली दुल्हन का सुहाग उजड़ गया। तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। गांव में डेकोरेशन का काम करके परिवार का भरण-पोषण करता था।

**जांच के लिए FSL को बुलायाः** वारदात की सूचना मिलते ही बिंद थानाध्यक्ष मुरली आजाद पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ मॉडल अस्पताल भेज दिया है। साक्ष्य संकलन के लिए एफएसएल (FSL) की टीम को भी बुलाया गया है। ताकि वैज्ञानिक पद्धति से अपराधियों की पहचान की जा सके।

थानाध्यक्ष ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मामला मछली मारने को लेकर हुए पुराने विवाद से जुड़ा हुआ प्रतीत हो रहा है। सिर में पीछे से गोली मारी गई है। परिजनों से लिखित आवेदन मिला है। कानूनी कार्रवाई की जा रही है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

## गयाजी में सांसद जन उद्यम खेल एवं सांस्कृतिक महोत्सव
## क्रिकेट, फुटबॉल, कबड्डी में बच्चों ने दिखाया दम, 3 हजार खिलाड़ियों का चयन

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**गयाजी**। गयाजी की धरती पर 6 दिनों तक खेल, संस्कृति और रोजगार का अनोखा संगम दिखा। 'सांसद जन उद्यम खेल एवं सांस्कृतिक महोत्सव' का समापन हुआ। मैदान में प्रतिभा, मंच पर उत्साह और चेहरों पर आत्मविश्वास साफ दिखा। देर शाम तक चले इस कार्यक्रम में खिलाड़ी भी मेडल और ट्रॉफी पाकर उत्साहित नजर आए। इस महोत्सव की खास बात यह थी कि बिना किसी फीस के ही स्कूल के बच्चों को इंट्री दी गई थी। गांव से लेकर शहर तक के युवाओं को खुला मंच मिला। यही वजह रही कि 10 हजार से ज्यादा प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर जमकर खिलाड़ियों ने प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

करीब 3 हजार खिलाड़ियों का चयन 13 अलग-अलग खेलों के लिए किया गया। क्रिकेट, फुटबॉल, कबड्डी से लेकर एथलेटिक्स तक हर खेल में बच्चों ने दमदार प्रदर्शन किया। चयनित खिलाड़ियों में ग्रामीण इलाकों के युवाओं की संख्या भी अच्छी रही।

**उद्यमियों, कारीगरों और स्टार्टअप्स को मंचः** समापन समारोह के दौरान मंच से एक बड़ी घोषणा भी हुई। दावा किया गया कि सांसद जन उद्यम खेल के तहत 20 हजार खेल किट्स बांटे जाएंगे। पंचायत से लेकर विधानसभा स्तर तक खिलाड़ियों को इसका लाभ मिलेगा। इसका सीधा असर गांवों में दिखेगा, जहां संसाधनों की कमी अक्सर प्रतिभा के आड़े आती है। महोत्सव का दूसरा बड़ा आकर्षण रहा MSME मीट। यहां स्थानीय उद्यमियों, कारीगरों और स्टार्टअप्स को मंच



मिला। खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण के दौरान एक और बड़ा संकेत मिला। दिसंबर-जनवरी में इससे भी बड़े टूर्नामेंट की तैयारी शुरू होगी।

**बच्चों को अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का मौकाः** जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष हरि प्रपन्न ने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश भर में खेलो इंडिया की शुरुआत की है। इसका असर नेशनल और इंटरनेशल स्तर की प्रतियोगिताओं में देखने को मिला। प्रधानमंत्री का विजन है कि बड़ी संख्या में खिलाड़ी को मंच मिले और उनकी प्रतिभा निखरे।

इसी के तहत यह सांसद जन उद्यम खेल का आयोजन किया गया। इस आयोजन में साफ दिख रहा है कि बड़ी संख्या में बच्चों को अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन दिखाने का मौका मिला। सभी चयनित बच्चों की लिस्ट पीएमओ कार्यालय जाएगी। फिर उसके आधार पर आगे की योजना तय होगी।

## फंदे से लटकी मिली युवक की लाश, पत्नी पर गंभीर आरोप, भाई बोला- प्लानिंग करके मारा गया है

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नालन्दा**। नालंदा में संदिग्ध हालत में एक युवक की मौत हो गई। कमरे में फंदे से लटका हुआ शव मिला है। बड़े भाई की मौत के बाद एक साल पहले अपनी भाभी काजल देवी से सामाजिक रजामंदी के बाद शादी की थी। शादी के बाद से ही घर में जमीन और पारिवारिक संबंधों को लेकर तनाव बना हुआ था। मृतक की पहचान कासिमचक निवासी बड़े महतो(27) के तौर पर हुई है। घटना दीपनगर थाना क्षेत्र के कासिमचक गांव की है।

**प्लानिंग करके मारा गया हैः** मृतक के भाई छोटू कुमार ने भाभी पर गंभीर आरोप लगाते हुए इसे सुनियोजित हत्या करार दिया है। दावा करते हुए कहा कि काजल का किसी बाहरी व्यक्ति के साथ अवैध संबंध था। भाई इसका



विरोध करता था। घर में अक्सर मारपीट होती थी। शनिवार रात भाभी के पिता भी घर में मौजूद थे, जो सुबह होते ही फरार हो गए। शव की हालत देखकर ऐसा लगा रहा है कि मारपीट या गला घोंटकर मारा गया है।

**पति के साथ मारपीट हुई थीः** दूसरी ओर, काजल ने आरोपों को खारिज कर दिया है। काजल का कहना है कि पिछने छह महीने से जमीन बेचने को लेकर देवर और भैंसुर(जेठ) से विवाद चल रहा था। 15 दिन पहले भी पति के साथ मारपीट की गई थी।

**प्रताड़ना का मामला दर्जः** वहीं, इस पूरे मामले पर पुलिस का रुख अलग है। दीपनगर थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने बताया कि मृतक की मां दुखिया देवी के बयान पर प्रताड़ना का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार मृतक थोड़ा मानसिक रूप से कमजोर था। मां का आरोप है कि पत्नी काजल उसे खाना नहीं देती थी। मानसिक रूप से प्रताड़ित करती थी, जिससे तंग आकर उसने फांसी लगा ली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असली कारणों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल हर पहलू की गहराई से जांच कर रही है।

## 'महिला अधिकारों के लिए मील का पत्थर थी योजना'



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**गया**। गयाजी शहर के सर्किट हाउस में अलीनगर विधानसभा क्षेत्र की विधायक मैथिली ठाकुर ने एक प्रेस वार्ता को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी पहल 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' को लेकर विपक्ष पर निशाना साधा। विधायक ठाकुर ने कहा कि यह अधिनियम देश में महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम साबित हो सकता था। उन्होंने खेद व्यक्त किया कि विपक्ष के विरोध के कारण इसे अपेक्षित समर्थन नहीं मिल सका, जिसे उन्होंने दुर्भाग्यपूर्ण बताया।

**अधिकारों के लिए मील का पत्थर बन सकता थाः** उन्होंने बताया कि पूरे देश में इस अधिनियम को लेकर सकारात्मक माहौल था और 17 अप्रैल को एक ऐतिहासिक दिन के रूप में देखा जा रहा था। प्रधानमंत्री, राष्ट्रीय नेतृत्व और गृह मंत्री के प्रयासों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि यह दिन महिलाओं के अधिकारों के लिए मील का पत्थर बन सकता था, लेकिन विपक्ष ने विभिन्न तर्क-वितर्क के माध्यम से इस पहल को बाधित किया। मैथिली ठाकुर ने सवाल उठाया, "क्या संविधान की जीत, नारी शक्ति की हार के रूप में हो सकती है?" उनके अनुसार, यह स्थिति न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है बल्कि देश की महिलाओं की उम्मीदों के साथ भी अन्याय है। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी और एनडीए गठबंधन की ओर से इस घटनाक्रम पर गहरा खेद व्यक्त किया।

विधायक ने आगे कहा कि यदि यह विधेयक पारित हो जाता, तो जनगणना और परिसीमन के आधार पर संसद में सीटों की संख्या बढ़ती और महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण मिलता। इससे संसद में महिलाओं की भागीदारी बढ़ती और वे अपने मुद्दों को अधिक मजबूती से रख पातीं। इसके अलावा, उन्होंने सांसद पप्पू यादव की ओर से महिला नेता पर दिए गए कथित अभद्र बयान की भी कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि ऐसे बयान न केवल अपमानजनक हैं बल्कि राजनीति के स्तर को भी गिराते हैं। उन्होंने कहा, "एक महिला होने के नाते यह बेहद पीड़ादायक है। ऐसे व्यक्ति को माफी मांगनी चाहिए, हालांकि ऐसे बयान माफ करने योग्य नहीं हैं।"

उन्होंने अपने राजनीतिक सफर का जिक्र करते हुए कहा कि उनके परिवार ने उन पर भरोसा जताकर उन्हें राजनीति में आने का अवसर दिया है और उनका उद्देश्य समाज के लिए सकारात्मक काम करना है। उन्होंने कहा कि राजनीति में आने वाले हर व्यक्ति को कुछ बड़ा और सार्थक करने की मंशा रखनी चाहिए। विधायक ठाकुर ने दोहराया कि महिलाओं के सम्मान और अधिकारों से किसी भी तरह का समझौता नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि देश की महिलाएं अब जागरूक हैं और अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाना जानती हैं।

## उपेंद्र कुशवाहा बोले- संगठन की मजबूती ही राजनीतिक सफलता

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नालन्दा**। राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो) की एक महत्वपूर्ण बैठक नालंदा जिला मुख्यालय में आयोजित की गई, जिसमें पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए सांगठनिक चुनावों की विस्तृत रणनीति साझा की गई। इस बैठक में प्रदेश भर से आए नियुक्त पर्यवेक्षकों और जिला संयोजकों को चुनाव प्रक्रिया की बारीकियों से अवगत कराया गया और संबंधित चुनावी सामग्री का वितरण किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष और विधायक आलोक कुमार सिंह ने की, जबकि मंच संचालन प्रदेश प्रधान महासचिव हिमांशु पटेल की ओर से हुआ।

सांगठनिक चुनावों की समय-सीमा निर्धारित करते हुए पार्टी ने घोषणा की है कि चुनावी प्रक्रिया का आगाज़ 26 अप्रैल 2026 से होगा, जो 15 मई तक पंचायत अध्यक्षों के चुनाव के साथ चलेगा। इसके बाद 15 मई से 26 मई के बीच प्रखंड अध्यक्षों और 26 मई से 6 जून तक जिला अध्यक्षों का चुनाव कराया जाएगा। संगठन की इस लोकतांत्रिक प्रक्रिया का समापन जून माह में होगा, जिसके तहत 7 जून को पटना में प्रदेश अध्यक्ष और 14 जून को राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव संपन्न कराया जाएगा।

**संगठन की मजबूती ही राजनीतिक सफलता की**



**आधारशिलाः** कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत कर रहे पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन की मजबूती ही राजनीतिक सफलता की आधारशिला है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को एकजुट होकर आने वाले चुनौतियों का सामना करने के लिए प्रेरित किया। इस विशेष अवसर पर उपेंद्र कुशवाहा को राज्यसभा सदस्य निर्वाचित होने की खुशी में महान सम्राट अशोक का मोमेंटो और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही पूर्व मंत्री दीपक प्रकाश, प्रदेश अध्यक्ष आलोक सिंह और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मदन चौधरी को भी सम्मानित किया गया।

बैठक के दौरान सामाजिक मुद्दों पर चर्चा करते हुए रालोमो जिलाध्यक्ष सोनू कुशवाहा ने बिहार में शराबबंदी कानून का पुरजोर समर्थन किया। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि शराबबंदी कानून को राज्य में हर हाल में लागू रहना चाहिए और इस संदर्भ में उन्होंने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के उस रुख की सराहना की, जिसमें नीतीश सरकार के इस ऐतिहासिक फैसले को बरकरार रखने की बात कही गई है। इसी क्रम में उन्होंने बिहार को पूर्ण नशामुक्त बनाने की दिशा में एक कदम और आगे बढ़ाते हुए राज्य में तंबाकू, गुटखा और सिगरेट पर भी पूर्ण प्रतिबंध लगाने की पुरजोर मांग उठाई। इस अवसर पर पूर्व मंत्री दीपक प्रकाश, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मदन चौधरी, कार्यकारी अध्यक्ष सुभाष चंद्रवंशी, राष्ट्रीय महासचिव सह प्रवक्ता फज़ल इमाम मलिक, प्रदेश प्रवक्ता ब्रजेन्द्र कुमार पप्पू, सुशील सिंह, रजनीश कुमार, अंजलि कुशवाहा सहित भारी संख्या में नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रेन की चपेट में आने से अज्ञात युवक की मौत

**भागलपुर**। जिले के नाथनगर थाना क्षेत्र के फतेहपुर रेलवे पोल संख्या 313/20 एवम् 313/22के समीप सुल्तानगंज से भागलपुर आने वाली ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। घटना रविवार सुबह की बताई जा रही है। मृतक को स्थानीय लोग विक्षिप्त बता रहे हैं। उधर सुल्तानगंज कंट्रोल आरपीएफ को सूचना मिलने पर आरपीएफ और नाथनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। नाथनगर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### तंबू में सो रहे बंजारों को बदमाशों ने पीटा, फिर रुपए और जेवर लूटे

**पीरपैंती**। बगीचा में तंबू के अंदर सो रहे बंजारों को अपराधियों ने लाठी से पीटकर अधमरा कर दिया। इस घटना में 6 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद बदमाशों ने महिलाओं के गले, नाक और कान से जेवर तथा 20 हजार रुपए लूट लिए। घटना पीरपैंती के प्यालापुर गांव में शुक्रवार की रात करीब 1:00 बजे की है। घायलों में संतोष नारायण सिंह (46) रूपा बाई (24), अर्जुन सिंह (28), गीताबाई (28), करतार सिंह (52) गुड्डी बाई (40) और रवि सिंह (50) शामिल हैं। सभी भोपाल जिला के रीवा के रहने वाले हैं। संतोष सिंह का बेटा सोनू कुमार किसी तरह भागकर सड़क पर पहुंचा और शोर मचाने लगा। तभी वहां से इशीपुर थाने का गश्ती दल गुजर रहा था। शोर सुनकर पुलिस ने गाड़ी रोकी। युवक ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने बदमाशों का पीछा भी किया, लेकिन वे फरार हो गए। इसके बाद पुलिस ने सभी घायलों को इलाज के लिए पीरपैंती रेफरल अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत देख डॉक्टरों ने सभी को मायागंज अस्पताल रेफर कर दिया। घटना की सूचना सुंदरपुर में तंबू गाड़कर रह रहे संबंधी सिवा सिंह को भी दी गई, जिसके बाद वे घायलों को भागलपुर ले गए। पुलिस बदमाशों की तलाश में छापेमारी कर रही है। घटना के बाद स्थानीय लोगों में भी रोष है। लोग पुलिसिंग पर सवाल खड़े कर रहे हैं। घायल रवि सिंह ने पुलिस को बताया कि वे लोग इलाकों में टेंट लगाकर जड़ी-बूटी बेचते हैं। नवगछिया के जीरो माइल से तीन दिन पहले ही प्यालापुर में आकर तंबू लगाया था। रात में सभी तंबू के अंदर मच्छरदानी लगाकर सो रहे थे। तभी 12 से 15 की संख्या में अपराधी पहुंचे और सबसे पहले मच्छरदानी की रस्सी काटकर उसे गिरा दिया। इसके बाद लोगों को उसी में फंसा कर एक-एककर लाठी से पिटाई शुरू कर दी। हमलावर रुपये और जेवर की मांग कर रहे थे। बताया कि हमलावर खुले बदन थे और शरीर में तेल लगाए हुए थे, ताकि पकड़ में नहीं आ सकें।

### किसान के खाते से 64 हजार रुपए उड़ाए

**पीरपैंती**। इलाके में इन दिनों साइबर ठगी के मामले बढ़ते जा रहे हैं। अब तड़वा गांव निवासी किसान पवन मंडल के खाते से साइबर अपराधियों ने 64 हजार रुपए उड़ा लिए। पीड़ित ने अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस को दिए आवेदन में कहा है कि 11 अप्रैल को पीरपैंती बाजार गए थे। तभी उनका मोबाइल फोन चोरी हो गया। उसी मोबाइल के जरिए साइबर अपराधियों ने उनके एसबीआई शाखा के खाता से 64 हजार रुपये की अवैध निकासी कर ली। पुलिस साइबर ठगों की पहचान करने का प्रयास कर रही है। लगातार ऐसी घटनाओं से क्षेत्र के लोगों में चिंता है।

### भागलपुर में संस्कृत विवि की परीक्षाएं 7 मई से होंगी

**भागलपुर**। कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय के घोषित परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार भागलपुर में भी उपशास्त्री, शास्त्री और आचार्य के विभिन्न सेमेस्टर व सत्रों की परीक्षाएं होंगी। परीक्षा 7 मई से शुरू होकर 9 मई तक तथा 11 मई से 16 मई तक संचालित की जाएगी। परीक्षाएं दो पालियों में होंगी। पहली पाली सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक निर्धारित है। विश्वविद्यालय ने परीक्षा से जुड़ी सूचना संबंधित कॉलेजों और तय केंद्रों को भेज दी है और इसे आधिकारिक वेबसाइट पर भी उपलब्ध कराया गया है। भागलपुर में राजकीय संस्कृत महाविद्यालय को परीक्षा केंद्र बनाया गया है, जहां जिले और आसपास के विद्यार्थियों की परीक्षा होगी। प्रशासन ने शांतिपूर्ण, कदाचारमुक्त संचालन के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं और छात्रों से समय पर पहुंचने व नियमों के पालन की अपील की है।

### शतरंज प्रतियोगिता निःशुल्क होगी

**भागलपुर** | भागलपुर में अंडर-7 और अंडर-9 आयु वर्ग की जिला शतरंज प्रतियोगिता 2026-27 का आयोजन किया जा रहा है। आयोजकों ने बताया कि संघ के सचिव के निर्णय के अनुसार यह प्रतियोगिता पूरी तरह निःशुल्क रखी गई है। संघ ने सदस्यों, अभिभावकों और शतरंज प्रेमियों से आग्रह किया है कि वे अधिक संख्या में पहुंचकर आयोजन को सफल बनाएं और खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाएं। चुने गए खिलाड़ी 28 अप्रैल से 3 मई के बीच होने वाली राज्यस्तरीय अंडर-7 और अंडर-9 प्रतियोगिता में भागलपुर का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### उर्दू में 70% लाने वाले छात्र-छात्राएं सम्मानित

**भागलपुर** | अंजुमन बाग व बहार बरहपुरा के बैनर तले सर सैयद उर्दू स्कूल भीखनपुर में 70% अंक लाने वाले छात्र एवं छात्राओं को सम्मानित किया गया। जौसर अयाग की अध्यक्षता में समारोह हुआ। इसमें बरहपुरा, इस्लामनगर, भीखनपुर, जगतपुर, लोदीपुर, बरारी, मायागंज और खंजरपुर के छात्र शामिल हुए। अंजुमन के महासचिव डॉ मो. परवेज ने कहा कि कोई भी जुबान तब तक जिन्दा रहती है जब तक उसके पढ़ने, लिखने और बोलने वाले हों। मुख्य अतिथि डिप्टी मेयर सलाहुद्दीन अहसन ने कहा कि उर्दू हमारी मादरी जुबान है। मुगेर विवि के स्नातकोत्तर उर्दू विभाग के अध्यक्ष प्रो. शाहीद जमाल रजमी ने भी संबोधित किया। संचालन हाफिज मुकर्रम शाहनी ने किया।

### वी-केयर ने मोहल्लों में लगाए पानी के टब

**भागलपुर** | वी-केयर संस्था के सदस्यों ने शनिवार को जल संजीवनी मुहिम की शुरुआत की। टीम ने पशुओं के लिए शहर के विभिन्न गली-मोहल्लों में पानी टब लगाया। संस्था के अध्यक्ष नितेश चौबे ने बताया कि भीषण गर्मी में पानी के लिए पशु हमेशा भटकते नजर आते हैं। इसी को देखते हुए पानी टब वितरण करने का निर्णय लिया है। इस मुहिम में संस्था के अर्जित घोष, रिशांत, अभिषेक, नितेश साह, शिवम, सुभोजित, राज वर्धन, गोल्डन, आदित्य, प्रियवर शामिल हैं।

### रामधुन महोत्सव के लिए कलश यात्रा, महिलाओं ने सिर पर कलश लेकर किया नगर भ्रमण, 48 घंटे का रामधुन यज्ञ शुरू



**मुंगेर**। मुंगेर शहर के भगवती स्थान महद्दीपुर में शनिवार को रामधुन महोत्सव के उपलक्ष्य में कलश शोभायात्रा निकाली गई। इसी के साथ 48 घंटे के अखंड रामधुन यज्ञ का भी शुभारंभ हो गया, जिसका समापन रविवार को होगा। यह कलश शोभायात्रा उत्तर वाहिनी गंगा तट दोमंठा घाट से शुरू हुई। इसमें युवतियों और महिलाओं ने अपने सिर पर कलश रखकर नगर भ्रमण किया। शोभायात्रा भगवती स्थान स्थित कार्यक्रम स्थल पर समाप्त हुई । इस अखंड रामधुन यज्ञ की कलश यात्रा में 100 से अधिक महिला श्रद्धालु शामिल थीं। भीषण गर्मी और तपती धूप के बावजूद वे नंगे पांव अपने सिर पर कलश लेकर चल रही थीं। इस दौरान 'हर हर महादेव' सहित विभिन्न देवी-देवताओं के जयकारे लगाए जा रहे थे। भीषण गर्मी से श्रद्धालुओं को राहत देने के लिए स्थानीय समाजसेवियों ने रास्ते में कई स्थानों पर उन पर पानी का फव्वारा डाला। इससे तपती धूप में चल रहे श्रद्धालुओं को कुछ सुकून मिला। राणा गौरी शंकर ने बताया कि नगर वासियों के कल्याण के लिए महद्दीपुर गांव में 48 घंटे के अखंड रामधुन यज्ञ की शुरुआत की गई है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में काफी उत्साह है। कलश यात्रा के दौरान डीजे पर बज रहे भक्ति गीतों पर श्रद्धालु थिरकते हुए चल रहे थे।

# युवक की ट्रेन से कटने के कारण मौत, मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

भागलपुर के नाथनगर थाना क्षेत्र में आज ट्रेन से कटने के कारण युवक की मौत हो गई। घटना, फतेहपुर स्थित रेलवे पोल संख्या 313/20 और 313/22 के बीच की है, जहां सुल्तानगंज से भागलपुर की ओर आ रही एक ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की उम्र लगभग 30 से 35 साल के बीच प्रतीत हो रही है। उसकी पहचान अब तक नहीं हो सकी है। आसपास के लोगों का कहना है कि युवक पिछले कुछ दिनों से क्षेत्र में घूमता देखा जाता था। कुछ लोगों ने उसे मानसिक रूप से अस्वस्थ या विक्षिप्त बताया है। हालांकि, इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है।

घटना की जानकारी मिलते ही इलाके में लोगों की भीड़ जुट गई।

## स्थानीय बोले- कुछ दिनों ने यहीं घूम रहा था



स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना रेलवे सुरक्षा बल के सुल्तानगंज कंट्रोल को दी। सूचना मिलने के बाद आरपीएफ ने नाथनगर थाना पुलिस को मामले से अवगत कराया। इसके बाद नाथनगर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया।

**पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजाः** पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भागलपुर के जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल भेज दिया। मृतक के पास से कोई पहचान पत्र या अन्य दस्तावेज बरामद नहीं होने के कारण उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस आसपास के थाना क्षेत्रों में गुमशुदगी की रिपोर्ट के आधार पर मृतक की पहचान कराने का प्रयास कर रही है। फिलहाल, पुलिस यूडी केस दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों की विस्तृत जानकारी सामने आ सकेगी। मौके पर पहुंचे रेलवे के अधिकारी से बातचीत करने की कोशिश की गई लेकिन उन्होंने अधिकृत ना होने का हवाला देकर कुछ नहीं कहा।

# भागलपुर में तेज रफ्तार बाइक ने राजमिस्त्री को मारी टक्कर



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**भागलपुर**। भागलपुर में तेज रफ्तार बाइक ने राजमिस्त्री को टक्कर मार दी। गंभीर हालत में इलाज के लिए मायागंज में एडमिट कराया गया। जहां इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मृतक की पहचान मनोहर यादव(56) के तौर पर हुई है। घटना मधुसूदनपुर थाना क्षेत्र के नाव घाट के पास की है। मृतक के भतीजे राजेश कुमार यादव ने बताया कि चाचा काम करने के लिए जा रहे थे। रास्ते में हादसे के शिकार हो गए। टक्कर मारने के बाद बाइक सवार गाड़ी छोड़कर मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर परिवार के सदस्य मौके पर पहुंचे। गंभीर हालत में पहले प्राइवेट अस्पताल लेकर गए। वहां डॉक्टरों ने रेफर कर दिया। काफी कोशिश के बाद भी जान नहीं बची। सिर में गंभीर चोट लगी थी। मामले की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। बाइक को कब्जे में लिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। बताया जा रहा है कि जिस बाइक से टक्कर हुई वो मधुसूदनपुर थाना क्षेत्र के तौसीफ खान की है। जिसकी तलाश की जा रही है। मौत के बाद पत्नी अनिता देवी और बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# मद्य निषेध एवं उत्पाद विभाग द्वारा चार शराब कारोबारी गिरफ्तार

## भारी मात्रा में विदेशी शराब एवं कफ सिरफ बरामद



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**सहरसा**। मधनिषेध एवं उत्पाद विभाग सहरसा द्वारा जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र में छापामारी अभियान चलाकर कुल चार शराब कारोबारी को गिरफ्तार किया गया। सदर थाना अंतर्गत बेलहा टोला, कहरा, वार्ड नंबर 10 में एक शराब कारोबारी अनोज कुमार पिता चंदेश्वरी यादव को कुल 11.250 लीटर अवैध विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। मोसमात पोखर ,वार्ड नंबर 22 ,कृष्णा नगर से श्रवण कुमार राय, पिता स्वर्गीय रविंद्र राय को 20 बोतल कोडिंग युक्त कफसिरप के साथ गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। बैड निषेध एवं उत्पाद विभाग सहरसा के द्वारा गांधी पथ से दो शराब कारोबारी को 35 लीटर अवैध चुलाई शराब तथा एक स्कूटी के साथ गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम रवि शर्मा पिता महादेव शर्मा तथा सोनू कुमार पिता सिकंदर दास दोनों नारियार थाना सदर जिला सहरसा का रहने वाला है। गिरफ्तार सभी अभियुक्त के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करते हुए न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# फरार अभियुक्तों के खिलाफ जिले भर में चला कुर्की महाअभियान

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पूर्वी चंपारण**। एसपी स्वर्ण प्रभात के निर्देश पर रविवार को जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र में फरार अपराधियो के विरूद्ध कुर्की महाअभियान चलाया गया।इस दौरान हरसिद्धि थाना क्षेत्र में दबाव में आकर तीन अभियुक्तों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। आत्मसमर्पण करने वालों में सुनील शाह (पिता- भोकारी शाह), अनिल शाह पिता- भोकारी शाह तथा सुनीता देवी (पति- सुनील शाह), सभी निवासी पठान पट्टी शामिल हैं। थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि अभियान के दौरान दर्जनों फरार अभियुक्तों के घरों पर इश्तहार चिपकाया गया है। उन्होंने कहा कि अभियुक्तों को शीघ्र आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया गया है।वही

पीपराकोठी थाना की पुलिस ने अलग अलग मामलों में चार वारंटी और दो शराब सेवन सहित कुल छह लोगों को गिरफ्तार किया है। शराब सेवन मामले में पंचरुखी मोतीपुर मुजफ्फरपुर निवासी मोनू कुमार साह व बड़ा बरियारपुर छतौनी निवासी पुकार कुमार है। जो पीपराकोठी ओवर ब्रिज के निचे शराब सेवन कर हंगामा कर रहा था। पुलिस को आते देख भागने लगा जिसे पुलिस ने धर दबोचा। वहीं थाना क्षेत्र के चकरदेय निवासी संदीप पासवान, मिथलेश पासवान व रमेश प्रसाद को गिरफ्तार किया है। छापेमारी दल में पुअनि नन्दलाल पासवान, परिपुअनि आदित्य कुमार भारद्वाज, शशिभूषण कुमार, रामदेव पासवान, राजाबाबू, चंद्रभूषण तिवारी सहित अन्य मौजूद थे।



जबकि जितना थाना क्षेत्र और घोड़ासहन थाना क्षेत्र में कुल चार घरों को जब्त किया। इस दौरान भारी संख्या में पुलिस बल की मौजूदगी रही, जिससे पूरे इलाके में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई।जितना थाना क्षेत्र के कोईरगंवा गांव में संजीव उर्फ संदीप के घर कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की गई। संजीव पर हत्या का गंभीर आरोप दर्ज है, जिसके चलते न्यायालय के निर्देश पर यह कदम उठाया गया।वहीं, घोड़ासहन थाना क्षेत्र के वीरता चौक पर लक्ष्मी मली, संतोष मली और छोटाई मली के घरों पर भी कुर्की-जब्ती की गई। पुलिस ने इन सभी के चोरी के खिलाफ लंबित मामलों को देखते हुए यह कार्रवाई की।इस अभियान में जितना थाना सहित कई थानों की पुलिस बल शामिल रही। कार्रवाई के बाद जितना थानाध्यक्ष सुधीर कुमार ने बताया कि सभी जब्त सामानों की सूची तैयार कर थाने में सुरक्षित रखा जा रहा है।पुलिस की इस कार्रवाई से इलाके में हड़कंप मचा हुआ है, वहीं प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अपराधियों के खिलाफ आगे भी इसी तरह सख्त कदम उठाए जाएंगे।

# अंतरराष्ट्रीय ड्रग्स सिंडिकेट का भंडाफोड़, एक करोड़ की हेरोइन के साथ 3 तस्कर गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**किशनगंज**। जिले में पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ तस्करी गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस दौरान करीब एक करोड़ रुपये मूल्य की 515.670 ग्राम हेरोइन बरामद की गई है। पुलिस ने मौके से तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है, जबकि दो आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि पोठिया थाना क्षेत्र के फुलवाड़ी तैयबपुर गांव में बड़े पैमाने पर ड्रग्स की खरीद-बिक्री होने वाली है। सूचना के सत्यापन के बाद जिला आसूचना इकाई के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन कर शनिवार देर रात छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान वाहिद के घर पर पुलिस पहुंचते ही पांच लोग भागने लगे, जिनमें से तीन को मौके पर दबोच लिया गया।




गिरफ्तार आरोपियों में रहवर आलम, रफीक अंसारी और मो. सद्दाम शामिल हैं। वहीं मुख्य आरोपी वाहिद और हमीदुल फरार हो गए। तलाशी के दौरान पुलिस ने 515.670 ग्राम हेरोइन, एक चार पहिया वाहन, दो मोटरसाइकिल, चार मोबाइल फोन, नाप-तौल मशीन, बैंक दस्तावेज और नेपाली करेंसी बरामद की है। जांच में सामने आया है कि यह गिरोह नेपाल से लेकर बिहार, बंगाल और तेलंगाना (हैदराबाद) तक फैला हुआ है। ड्रग्स का नेटवर्क अंतरराज्यीय ही नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय था। पुलिस के अनुसार, गिरोह का एक सदस्य हैदराबाद से तकनीकी माध्यम से डीलिंग कर रहा था, जिसकी गिरफ्तारी के लिए तेलंगाना पुलिस से संपर्क किया गया है।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं को संवैधानिक अधिकार दिलाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**भागलपुर**। भागलपुर में आयोजित जन-आक्रोश महिला सम्मेलन के दौरान महिला आरक्षण को लेकर सियासी बयानबाज़ी तेज हो गई। प्रेस वार्ता में बिहपुर विधायक इंजीनियर शैलेंद्र ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम देश की महिलाओं को उनका संवैधानिक अधिकार दिलाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है।

उन्होंने कहा कि भारत सदियों से नारी शक्ति का पूजक रहा है, लेकिन राजनीति में महिलाओं की भागीदारी हमेशा सीमित रही। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस और विपक्षी दलों ने वर्षों तक महिला सशक्तिकरण के नाम पर केवल राजनीति की, लेकिन संसद और विधानसभाओं में उचित




प्रतिनिधित्व देने के लिए ठोस कदम नहीं उठाए।

उन्होंने कहा कि 16 अप्रैल 2026 को संसद में संविधान संशोधन विधेयक, परिसीमन विधेयक और केंद्र शासित प्रदेश विधेयक पेश किए गए हैं। इनका उद्देश्य 2029 तक लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित करना है। यह सिर्फ आरक्षण नहीं, बल्कि लोकतंत्र में महिलाओं की निर्णायक भागीदारी की शुरुआत है। उनका दावा है कि इससे देश की राजनीति में संवेदनशीलता, दूरदर्शिता और संतुलन का नया अध्याय शुरू होगा। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष साह और प्रवक्ता डॉ प्रीति शेखर मौजूद रहीं।

# भाजपा नेताओं ने सुनी पीएम के मन की बात



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**अररिया**। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात की 133वें संस्करण रविवार को भाजपा नेताओं ने जिलाध्यक्ष आदित्य नारायण झा के नेतृत्व में सुनी और पीएम के द्वारा कहे गए बात को आत्मसात करने पर बल दिया। मौके पर बिहार उद्यमी आयोग के सदस्य आलोक भगत उर्फ बमशंकर भगत मौजूद थे। मौके पर उद्यमी आयोग के सदस्य आलोक भगत ने कहा कि मन की बात केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह देशवासियों के विचारों, प्रेरणाओं और सकारात्मक ऊर्जा का सशक्त मंच है, जो हम सभी को राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करता है।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के विचारों ने एक बार फिर सेवा, समर्पण और विकसित भारत के संकल्प को और अधिक मजबूत करने की प्रेरणा दी। उनके प्रेरणादायी संदेशों ने जनकल्याण, भारतीय संस्कृति, नवाचार और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को सशक्त बनाने की दिशा में हम सभी को नई ऊर्जा और उत्साह प्रदान किया।

# भक्तिमय वातारण में धूमधाम से मनाया गया जानकी नवमी महोत्सव

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**सुपौल**। जिला मुख्यालय स्थित धतालदास राम-जानकी ठाकुरबाड़ी परिसर में दो दिवसीय मां जानकी नवमी महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। महोत्सव का आयोजन "जानकी जन्मोत्सव महोत्सव आयोजन समिति एवं आध्यात्मिक सत्संग समिति के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इस अवसर पर विशेष कार्यक्रम के रूप में संगीतमय अखंड रामचरितमानस पाठ का आयोजन किया गया,जो संध्या में हवन के साथ समारोप हो गया।महोत्सव के दौरान दो दिवसीय रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन भी की गया।जिसमें प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कई प्रतिभागियों ने अपनी कलात्मक क्षमता का प्रदर्शन कर निर्णायक मंडली को आकर्षित किया।

रंगोली प्रतियोगिता के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया गया। प्रथम अनन्या आर एस एम,द्वितीय प्रदीष्ट प्रिया सेंट जेवियर्स एवं तृतीय साक्षी कुमारी सेंट जेवियर्स स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर उनका हौसला बढ़ाया गया।



रंगोली प्रतियोगिता के प्रभारी विनय भगत ने अपने प्रयास से कार्यक्रम को सफल बनाया। वहीं निर्णायक के रूप में अरूण चौधरी ने अपनी निष्पक्षता से एक बेहतर निर्णायक की भूमिका अदा की। इधर दीपोत्सव प्रभारी सुजीत पाठक की अगुवाई में पूरे परिसर में हजारों दीपों को प्रज्वलित किया गया। जिसमें महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सबसे अधिक दीप महिला मोर्चा भाजपा की जिला उपाध्यक्ष रुबी जायसवाल द्वारा प्रज्ज्वलित किया गया। दीप प्रज्वलन के बाद समूचा परिसर तेज चमचमाती हुई रौशनी से जगमगा उठा, जो देखने में काफी मनमोहक लग रहा था।

कार्यक्रम को सफल बनाने में दीप जलाओ प्रतियोगिता की प्रभारी रूबी जायसवाल एवं सह प्रभारी योगमाया देवी का प्रयास काफी सराहनीय रहा। निर्णायक मंडली द्वारा दीप जलाओ प्रतियोगिता में भी प्रथम सौम्या शर्मा सेंट जेवियर्स, द्वितीय रूबी जायसवाल गृहिणी एवं तृतीय प्रतिज्ञा कुमारी सेंट जेवियर्स स्थान प्राप्त करने वाले एवं प्रतिभागियों को भी प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

### भारत व दक्षिण कोरिया के बीच हुई नई डील के सियासी निहितार्थ

भारत की वैश्विक रणनीतिक स्थिति मजबूत होना सबसे ज्यादा मायने रखता है। जहां भारत दक्षिण कोरिया की 'विशेष रणनीतिक साझेदारी' को आगे बढ़ाने के घोषणाओं से भारत को उत्तर पूर्व एशिया और इंडो पैसिफिक में एक अलग मध्य शक्ति के रूप में स्थापित करने में मदद मिलती है। दुनियाभर में भारत की कूटनीति अपने अनोखे अंदाज के लिए चर्चित रहती आई है, क्योंकि हम तमाम हानि-लाभ की परवाह किए बगैर वसुधैव कुटुंबकम और सर्वे भवंतु सुखिन: के सभ्यता-संस्कृतिगत सिद्धांतों को अमलीजामा पहनाते आए हैं। हालांकि कोई इसे गुटनिरपेक्षता समझता है तो कोई निज स्वार्थपरकता, जो गलत भी नहीं है। आखिर बिना स्वार्थ साधे परमार्थ भी किया जाए तो कैसे? इसलिए व्यवहारम फलदायकम हमारा मूलमंत्र है। भारत और दसक्षिण कोरिया के बीच हुई नई डील (व्यापार, तकनीक, रक्षा और ऊर्जा सहयोग) को इसी नजरिए से देखने की जरूरत है, क्योंकि इससे ही द्विपक्षीय रिश्तों के साथ साथ हिंद प्रशांत के रणनीतिक संतुलन में भी गहरे सियासी निहितार्थ निकलते हैं। आइए क्रमबद्ध तरीके से इसे समझते हैं- पहला, भारत की वैश्विक रणनीतिक स्थिति मजबूत होना सबसे ज्यादा मायने रखता है। जहां भारत दक्षिण कोरिया की विशेष रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने के घोषणाओं से भारत को उत्तर पूर्व एशिया और इंडो पैसिफिक में एक अलग मध्य शक्ति के रूप में स्थापित करने में मदद मिलती है। वहीं, दक्षिण कोरिया का भारत नेतृत्व वाली पहलों जैसे इंडिया पैसिफिक ओशियन इनिशिएटिव और सोलर एलायंस में शामिल होना भारत की मल्टी एलायंस रणनीति को वैधता देता है। दूसरा, अमेरिकी चीन टकराव में एक मजबूत तीसरा धुरा, जो संतुलन कारी साबित हो सकता है। दक्षिण कोरिया, जो राष्ट्रीय सुरक्षा के मामले में अमेरिका का मजबूत सहयोगी है, अब भारत के साथ चिप, एआई, ऊर्जा और जल मार्ग जैसे क्षेत्रों में गहरा तकनीकी आर्थिक सहयोग बना रहा है; यह चीन केंद्रित आपूर्ति श्रृंखला से बचने के लिए डी-रिस्किंग रणनीति का हिस्सा है, क्योंकि इससे भारत, अमेरिका जैसे देशों के लिए चीन के बिना एक वैकल्पिक टेक और विनिर्माण हब बनने की दिशा में आगे बढ़ता है, जिससे हिंद प्रशांत में चीन विरोधी छोटे गुटों के लिए भारत का भू रणनीतिक मूल्य बढ़ता है। भारत इसे भुनाने में भी पीछे नहीं रहता, ताकि भारत के पड़ोसियों से चीन के बेहतर होते सम्बन्धों को उसके पड़ोस से साधकर अपना हित वर्द्धन किया जा सके। तीसरा, अंतरराष्ट्रीय व्यापार और सुरक्षा व्यवस्था पर गहरा असर इसलिए कि भारत और दक्षिण कोरिया के बीच व्यापार 2030 तक 50 अरब डॉलर तक पहुंचाने के साथ ही चिप से शिप जैसी डील्स को रफ्तार देने से दोनों देश आपूर्ति श्रृंखलाओं में आपसी निर्भरता बढ़ा रहे हैं। इससे किसी भी एक बड़े खिलाड़ी (जैसे चीन या अमेरिका) के दबाव से निकलने की लचीलापन बढ़ता है। इसके अलावा, दोनों देशों ने ऊर्जा आपूर्ति, आर्थिक सुरक्षा वार्ता और नौसैनिक लॉजिस्टिक सहयोग पर भी जोर दिया है, जिससे दक्षिण कोरिया को भी भारत के माध्यम से ईरान और मध्य पूर्व से ऊर्जा तक पहुंच के विकल्प मिलते हैं। इससे भारत को विभिन्न तरह की मजबूती मिलती है। चौथा, चीन और उत्तर कोरिया पर निर्देशित संदेश का रणनीतिक फायदा मिलता है। भारत दक्षिण कोरिया की बढ़ती रक्षा और तकनीकी साझेदारी, खासकर चिप, एआई, डिफेंस इंडस्ट्री और नौसैनिक लॉजिस्टिक पर काम, क्षेत्रीय स्थिरता के नाम पर चीन की समुद्री दबाव रणनीति के खिलाफ एक छोटा बफर बनाती है। यह उत्तर कोरिया के लिए भी यह ज्यादा टेंशन वाला है, क्योंकि दक्षिण कोरिया भारत सहयोग से उसके अपने देश के खिलाफ एक और बाहरी प्रतिनिधित्व बनता है, जो चीन? रूस के साथ उसके एकमात्र बड़े सहयोग पर भी राजनीतिक दबाव डाल सकता है। पांचवां, भारत के भीतरी राजनीतिक लाभ महत्वपूर्ण होते हैं। भारत के लिए यह डील एक ऐसा नारा बनती है जिससे सत्ताधारी गठबंधन यह दिखाने की कोशिश कर सकता है कि मल्टी एलायंस विदेश नीति और तकनीक आधारित वैश्विक फैक्टरी की तस्वीर धीरे धीरे असली हो रही है। इससे चुनावी राजनीति में मजबूत वैश्विक भागीदार बनने की चित्रण रणनीति मजबूत होती है, खासकर जब भारत अमेरिका, जापान, कोरिया और ऑस्ट्रेलिया के साथ अलग अलग गैर आधिकारिक गुटों में एक बड़ा खिलाड़ी बन रहा है। चूंकि इससे भारतीय प्रतिरक्षा तंत्र मजबूत होता है, इसलिए सराहनीय पहल है।

*परमाणु ठिकानों को हर हाल में युद्ध के दायरे से बाहर रखा जाए, चाहे वह पारंपरिक युद्ध हो या साइबर युद्ध। इसके लिए वैश्विक सहमति और कड़े प्रतिबंध जरूरी हैं। साथ ही, आइएईए जैसी संस्थाओं को और अधिक पारदर्शी एवं निष्पक्ष बनाना होगा, ताकि उन पर सभी देशों का विश्वास कायम रह सके। अगर आज भी दुनिया नहीं चेती, तो कल एक छोटी-सी चूक एक बड़े परमाणु हादसे में बदल सकती है।*

## अंतरिक्ष में युद्ध की दस्तक! मानव सभ्यता अपने ही बनाए तकनीकी जाल में फंसने जा रही है

**(विजन कुमार पांडेय)**

अंतरिक्ष युद्ध की भयावहता इसी में है कि उसका असर बहुत व्यापक और दूरगामी होता है। एक उपग्रह का नष्ट होना केवल एक उपकरण का खत्म होना नहीं होता, बल्कि यह उस तंत्र के टूटने की शुरुआत होती है, जिस पर आधुनिक जीवन टिका हुआ है। विश्व भर में युद्ध का स्वरूप जिस तेजी से बदल रहा है, उससे यह आशंका भी गहराती जा रही है कि आने वाले दिनों में यह केवल जमीन, समुद्र या हवा तक सीमित नहीं रहेगा। यह अंतरिक्ष की ओर भी बढ़ता हुआ एक ऐसा संभावित संकट है, जिसकी भयावहता का अंदाजा लगाना भी मुश्किल है। पश्चिम एशिया में संघर्ष से स्पष्ट संकेत मिले हैं कि भविष्य के युद्ध में आसमान और अंतरिक्ष से लड़ने की रणनीति को प्राथमिकता दी जा सकती है। इसमें मानवीय भूमिका कम होगी, लेकिन इसके असर का दायरा व्यापक होगा। आज का युद्ध सीमाओं पर खड़े सैनिकों से ज्यादा उन उपग्रहों पर निर्भर है, जो हजारों किलोमीटर ऊपर चुपचाप पूरी दुनिया की गतिविधियों को संचालित करते हैं। सैन्य रणनीतियों से लेकर मिसाइल और ड्रोन हमलों तक, संचार से लेकर मार्गदर्शन तक, हर चीज अंतरिक्ष से नियंत्रित हो रही है। यही वह बिंदु है, जहां युद्ध एक ऐसे आयाम में प्रवेश कर सकता है, जिसके परिणाम पूरी व्यवस्था के ध्वस्त हो जाने की त्रासदी के रूप में सामने आएंगे। ऐसे में अब समूची मानव सभ्यता को इस बात पर गंभीरता से विचार करना होगा कि कहीं वह अपनी ही विकसित की गई तकनीकी शक्ति को अपने विनाश का साधन तो नहीं बना रही है? अंतरिक्ष युद्ध की भयावहता इसी में है कि उसका असर बहुत व्यापक और दूरगामी होता है। एक उपग्रह का नष्ट होना केवल एक उपकरण का खत्म होना नहीं होता, बल्कि यह उस तंत्र के टूटने की शुरुआत होती है, जिस पर आधुनिक जीवन टिका हुआ है। जब उपग्रह पर हमले होंगे, तो अंतरिक्ष मलबे के खतरनाक जाल में बदलने लगेगा। हजारों टुकड़ों में बिखरा यह मलबा बंदूक की गोलियों की तरह तेजी से घूमेगा और दूसरे उपग्रहों से टकराकर उन्हें नष्ट कर सकता है। यह एक ऐसा चक्र है, जो शुरू तो किया जा सकता है, लेकिन उसे रोकना संभव नहीं होता। इसका अंजाम यह हो सकता है कि अंतरिक्ष दशकों तक खतरनाक मलबे का कब्रिस्तान बन जाए और समूची मानव सभ्यता तकनीकी रूप से फिर अंधकार युग में धकेल दी जाए। जब अंतरिक्ष में कोई गड़बड़ी होगी, तो उसका असर धरती पर व्यापक रूप से महसूस होगा। एक ऐसी दुनिया की कल्पना भी डराती है, जहां इंटरनेट अचानक बंद हो जाए, मोबाइल नेटवर्क गायब हो जाएं और संचार के सभी साधन पूरी तरह से ठप पड़ जाएं। हवाई जहाज अपने रास्ते से भटक जाए, समुद्र में जहाज अपना रास्ता खो दें, और यहां तक कि आपातकालीन सेवाएं भी काम करना बंद कर दें। अस्पताल के उपकरण, बैंकिंग प्रणाली और आपदा प्रबंधन सब कुछ ठप पड़ जाए। फिर यह किसी एक देश की समस्या नहीं होगी, बल्कि पूरी मानव सभ्यता के ठहर जाने जैसा होगा। तब यह युद्ध बिना बम गिराए भी जीवन की रफ्तार को रोक देगा। तब यह प्रभाव केवल एक तकनीकी समस्या तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि सीधे-सीधे पूरी वैश्विक अर्थव्यवस्था की नींव को हिला देगा। आज की दुनिया में डिजिटल तंत्र सिर्फ सुविधा नहीं, बल्कि आर्थिक जीवन रेखा बन चुके हैं। बैंकिंग प्रणाली, आनलाइन वित्तीय लेन-देन, शेयर बाजार, अंतरराष्ट्रीय व्यापार, आपूर्ति श्रृंखला, ये सब कुछ उपग्रह आधारित संचार और मार्गदर्शन पर निर्भर है। वर्तमान परिदृश्य में जहां 'क्रिप्टोकरेंसी' और 'रियल-टाइम ग्लोबल ट्रेडिंग' तेजी से बढ़ रही है, ऐसे में संभावित अंतरिक्ष युद्ध का खतरा और भी गंभीर हो जाता है। इसके अलावा, बंदरगाहों और हवाई अड्डों पर कामकाज ठप हो जाने का सीधा असर आम लोगों के जीवन पर पड़ेगा। जरूरी वस्तुओं की कमी हो जाएगी, महंगाई अचानक बढ़ जाएगी और रोजगार पर भी खतरा मंडराने लगेगा। सरकारें आपातकालीन उपाय अपनाने पर मजबूर होंगी, लेकिन डिजिटल निर्भरता इतनी गहरी हो चुकी है कि पारंपरिक प्रणाली तुरंत उसकी भरपाई नहीं कर पाएगी। सबसे खतरनाक बात यह है कि इससे होने वाली तबाही अचानक दबे पांव आएगी- न कोई धमाका, न युद्ध का शोर। व्यवस्था एक ऐसे संकट में घिर जाएगी, जिसकी तुलना किसी भी पारंपरिक युद्ध से करना मुश्किल होगा। दुनिया आज उस खतरनाक मोड़ पर खड़ी है, जहां अब परमाणु ठिकाने भी युद्ध की मार से सुरक्षित नहीं हैं। जो स्थान कभी वर्जित माने जाते थे, आज वे सैन्य रणनीति का हिस्सा बनते जा रहे हैं। यह सिर्फ एक सैन्य रणनीतिक बदलाव नहीं, बल्कि वैश्विक सुरक्षा व्यवस्था के ढहने का संकेत है। रूस-यूक्रेन युद्ध ने इस खतरे को स्पष्ट रूप से उजागर किया है। यूक्रेन का जापोरिजिया परमाणु संयंत्र, जो यूरोप का सबसे बड़ा संयंत्र है, वह रूसी सेना के हमलों की जद में है। अगर वहां कोई बड़ी दुर्घटना होती है, तो उसका प्रभाव केवल यूक्रेन तक ही सीमित नहीं रहेगा, बल्कि वह पूरे यूरोप को अपनी चपेट में ले सकता है। इसी तरह पश्चिम एशिया में तनाव कम होता नजर नहीं आ रहा है। अमेरिका और इजराइल लंबे समय से ईरान के परमाणु कार्यक्रम को खाड़ी देशों के लिए खतरा मानता रहे हैं। पिछले वर्ष अमेरिका की ओर से फोर्दो, नतांज और इस्फहान पर हमले यह दिखाते हैं कि दुनिया की महाशक्तियां भी अब 'लाल रेखा' को लांघ रही हैं। इस तरह के हमले समाधान नहीं, बल्कि जोखिम और अस्थिरता को कई गुना बढ़ा देते हैं। इस पूरे परिदृश्य का एक और चिंताजनक पहलू है- साइबर युद्ध। अमेरिका की परमाणु सुरक्षा एजंसी में सेंध की कोशिश और वैश्विक ऊर्जा कंपनियों पर 'रैंसमवेयर' हमले यह दिखाते हैं कि परमाणु ढांचों पर अब केवल बम और मिसाइल का नहीं, बल्कि डिजिटल खतरा भी मंडरा रहा है। एक साइबर हमला किसी भी परमाणु रिएक्टर को अस्थिर कर सकता है, जिसके परिणाम किसी परमाणु विस्फोट से कम नहीं होंगे। अंतरराष्ट्रीय कानून स्पष्ट रूप से कहते हैं कि ऐसे ठिकानों पर हमला नहीं किया जाना चाहिए, जहां से खतरनाक विकिरणों का उत्सर्जन हो सकता है।

## 10-20 रु. में मिलने वाली झालमुड़ी, लाखों लोगों का रोजगार, हल्के में मत लीजिए सरकार

**(सुधांशु माहेश्वरी)**

20 रुपये की झालमुड़ी में किसानों से लेकर मजदूरों तक, व्यापारी से लेकर रेहड़ी वालों तक, सभी की मेहनत शामिल होती है।पश्चिम बंगाल चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का झालमुड़ी खाना चर्चा का विषय बन गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक 24 घंटे के अंदर पीएम मोदी के उस वीडियो को 100 मिलियन से ज्यादा व्यूज मिले। जिस झालमुड़ी का स्वाद पीएम मोदी ने चखा, पश्चिम बंगाल के साथ भारत के कई दूसरे राज्यों में ये लोगों का पसंदीदा स्नैक है। बात चाहे उत्तर प्रदेश की हो, पंजाब की हो, झारखंड की हो या फिर ओडिशा, अलग-अलग नामों से प्रचलित यह स्नैक वहां भी खूब खाया जाता है। इसको बनाना जितना आसान है, इसकी कीमत भी उतनी ही किफायती है। 10 से लेकर 20 रुपये तक में पेट भर झालमुड़ी लोगों को मिल जाती है। झालमुड़ी से लाखों लोगों का घर चलता है। जिन चीजों से मिलकर यह स्नैक तैयार होता है, वही उसकी असल इकोनॉमिक्स है। झालमुड़ी बनाने में मुख्य रूप से मुरमुरा, सरसों का तेल, बारीक कटी सब्जियां, भुनी मूंगफली, उबले आलू, हरी मिर्च और मसालों का इस्तेमाल होता है। इसका मतलब है कि एक 20 रुपये की झालमुड़ी में किसानों से लेकर मजदूरों तक, व्यापारी से लेकर रेहड़ी वालों तक, सभी की मेहनत शामिल है। शुरुआत खेत में फसल की उगाई से होती है, फिर फैक्ट्री में प्रोसेसिंग और अंत में एक ठेले वाले तक उसकी सप्लाई पहुंचती है। इस पूरी प्रक्रिया को झालमुड़ी के उदाहरण से ही समझने की कोशिश करते हैं। झालमुड़ी में सबसे मूल सामग्री मुरमुरा है जो चावल से बनता है। इस अकेले मुरमुरा बनने की प्रक्रिया में खेत में काम करने वाले मजदूर, राइस मिल में काम करने वाले मशीन ऑपरेटर,पैकिंग स्टाफ और ट्रांसपोर्ट सप्लाई में शामिल ड्राइवर्स को नौकरी मिलती है। इसी तरह सरसों का तेल भी झामुढ़ी में इस्तेमाल होता है। इसकी बनने की प्रक्रिया में भी किसान शामिल है, फिर फैक्ट्रियों में उसकी सफाई करने वाला मजदूर है और अंत में उनकी पैकेजिंग में शामिल दूसरे कारीगर। यहां पर भी किसानों से लेकर फैक्ट्री में काम करने वाले मजदूर, पैकेजिंग में शामिल स्टाफ और ट्रांसपोर्ट में इस्तेमाल हो रहे ड्राइवरों को नौकरी मिल रही है। मसाले भी झालमुड़ी की एक बड़ी यूएसपी हैं जिनके बिना इस स्नैक का स्वाद ही नहीं आ सकता। यहां भी नमक उद्योग, मसाला उद्योग, पैकेजिंग इंडस्ट्री और ट्रांसपोर्ट-लॉजिस्टिक्स तक सब शामिल हैं। झालमुड़ी की सप्लाई चेन तो समझ आ गई है, यह स्नैक देश के लाखों ठेले वालों की एक बड़ी आजीविका भी बन चुका है। केंद्रीय आवास और शहरी कार्य मंत्री हरदीप सिंह पुरी के मुताबिक भारत में 49.48 लाख रजिस्टर्ड स्ट्रीट वेंडर्स हैं। यहां भी सबसे ज्यादा स्ट्रीट वेंडर उत्तर प्रदेश में मौजूद हैं जिनकी संख्या 8.49 लाख से भी ज्यादा है। पश्चिम बंगाल में भी बड़ी संख्या में स्ट्रीट वेंडर्स मौजूद हैं, हालांकि जानकार मानते हैं कि बड़ी संख्या अब भी रजिस्ट्रेशन के दायरे से बाहर है। यह ध्यान रखना भी जरूरी है कि सभी स्ट्रीट वेंडर फूड आइटम नहीं बेचते हैं। कपड़े, घरेलू सामान और दूसरी चीजें भी बेची जाती हैं। लेकिन यहां ज्यादा बड़ी संख्या फूड स्ट्रीट वेंडर्स की होती है, शहरों में यह चलन और ज्यादा प्रबल दिख जाता है। यही वेंडर्स सड़कों पर झालमुड़ी जैसे नाश्ते बेचते हैं। उसी से उनका घर चलता है और दो वक्त की रोटी मिल पाती है। झालमुड़ी को एक तरह से 'रेल स्नैक' भी कहा जा सकता है। प्लेटफॉर्म पर इंतजार करता यात्री हो या ट्रेन पकड़ने की जल्दी में भागता मुसाफिर, इसकी लोकप्रियता वहां भी साफ दिखती है।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 6074

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 2 | 6 | | | 9 | 7 | 3 |
| | | | | 4 | | | 8 | |
| | 1 | 3 | 9 | | | | | |
| | | | | | | 5 | | |
| | 3 | | 2 | 1 | 4 | | 9 | |
| | | 4 | | | | | | |
| | | | | | 9 | 1 | 6 | |
| | 5 | | | 7 | | | | |
| 1 | 7 | 9 | | | 2 | 4 | 3 | 5 |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 6073

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 5 | 2 | 1 | 3 | 4 | 8 | 6 | 7 |
| 3 | 1 | 7 | 5 | 6 | 8 | 2 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 8 | 7 | 9 | 2 | 5 | 3 | 1 |
| 2 | 8 | 5 | 6 | 7 | 1 | 9 | 4 | 3 |
| 1 | 3 | 4 | 8 | 5 | 9 | 7 | 2 | 6 |
| 7 | 9 | 6 | 2 | 4 | 3 | 1 | 8 | 5 |
| 6 | 2 | 1 | 4 | 8 | 5 | 3 | 7 | 9 |
| 5 | 4 | 9 | 3 | 2 | 7 | 6 | 1 | 8 |
| 8 | 7 | 3 | 9 | 1 | 6 | 4 | 5 | 2 |

## वर्ग पहेली 6074

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| 6 | | 7 | | ■ | 8 | 9 | |
| 10 | | | ■ | 11 | | | |
| ■ | 12 | | 13 | | ■ | | ■ |
| 14 | ■ | ■ | 15 | | 16 | ■ | 17 |
| 18 | 19 | | | ■ | 20 | | |
| 21 | | ■ | 22 | 23 | | ■ | |
| | | | ■ | 25 | | | ■ |

**संकेतः बाएं से दाएं**

1. 1781 को इस देश के निवासियों द्वारा लॉस एंजिल्स की स्थापना की गई (2)
3. काजू का सबसे अधिक उत्पादन और उपभोग इस देश में होता है (3)
6. नफीरी, एक मंगलवाद्य जिसका नाम बिस्मिल्लाखां के साथ जुडा है (4)
8. प्रबल अभिलाषा, तीव्र उत्कंठा (3)
10. मस्तक, मत्था (3)
11. सुबकी ले लेकर रोना (4)
12. अस्वीकार करना, नकारना, सहमति देना (4)
15. प्रकार, ढंग, विधि (3)
18. घोर ध्वनि करना, गर्जन करना, गाजना (4)
20. नया (2)
21. विस्तार, काला, अनासत्र (2)
22. रहने का ढंग, गिरवी (3)
24. क्रोध या आवेश में आने का भाव, उत्तेजना, झल्लाहट (3)
25. ध्यानी, स्वेच्छाचारी (3)

**संकेतः ऊपर से नीचे**

1. विशिष्ट, अलौकिक, खास (3)
2. स्नान करवाना (4)
3. भ्राता, जो एक ही कुल में उत्पन्न हुआ हो (2)
4. ख्वाहिश, तमन्ना, इच्छा (3)
5. बकवास करना, प्रलाप करना (3)
7. ड्रामा, अभिनेता द्वारा मंच रेडियों, दूरदर्शन आदि पर अभिनय प्रदर्शन (3)
9. पक्षाघात (3)
11. स्वर्ण कर्म, जर निगारी (3)
13. कुल लाल सुर्खी लिए हुए (4)
14. सुप्रसिद्ध कवि कालिदास की प्रसिद्ध कृति (4)
16. कानून के मुताबिक, विधान के अनुसार (4)
17. श्रवण करना, अभिमुख होना, कान देना (3)
19. मुलायम, कोमल (3)
23. सर्वनाम उत्तम पुरूष का बहुवचन (2)

### वर्ग पहेली 6073 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्या | रे | ला | ल | ■ | क | त | र |
| ज | ल | ज | ■ | ■ | पा | व | न |
| ■ | मा | ■ | त | मा | ल | ■ | क |
| स्व | र्ग | त | रू | ■ | मा | न | ना |
| र | ■ | म | ■ | ज | ली | ल | ■ |
| गं | गा | सा | ग | र | ■ | से | वा |
| गा | ज | ■ | री | ■ | आ | तु | र |
| ■ | र | की | ब | ■ | शा | ■ | ना |

## आज का राशिफल

### मेष

आज का दिन थोड़ा उतार-चढ़ाव भरा है, लेकिन संभाल लिया तो फायदा आपका ही होगा। काम का दबाव आपको थका सकता है, फिर भी आप जिम्मेदारी निभाते हुए अपने टारगेट पूरे करने में लगे रहेंगे। कोर्ट-कचहरी के मामलों में रुकावट आ सकती है। किसी अनुभवी व्यक्ति की सलाह लेना बेहतर रहेगा। खर्चे बढ़ेंगे।

### वृष

आज का दिन सोच-समझकर कदम उठाने का है। कानूनी मामलों में थोड़ी परेशानी आ सकती है, लेकिन धैर्य बनाए रखें। विद्यार्थियों को शिक्षकों का पूरा सहयोग मिलेगा, जिससे कठिन विषय भी आसान लगेंगे। किसी भी निर्णय में दिल से ज्यादा दिमाग का इस्तेमाल करें। भावनाओं में आकर लिया गया फैसला गलत साबित हो सकता है।

### कर्क

आज आपका आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता दोनों चरम पर रहेंगे। कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारी या पद मिल सकता है। जीवनसाथी के साथ मिलकर कोई प्रॉपर्टी डील फाइनल कर सकते हैं। लेकिन अजनबियों पर भरोसा करने से बचें। मन की कोई बड़ी इच्छा पूरी हो सकती है। आपकी तरक्की में आ रही बाधाएं दूर होंगी।

### सिंह

आज आपको संतुलन बनाकर चलने की जरूरत है। आय तो अच्छी होगी, लेकिन खर्च भी तेजी से बढ़ सकते हैं। पिताजी की सेहत पर विशेष ध्यान दें, उनकी लापरवाही आपको चिंता दे सकती है। विरोधियों की बातों में आने से बचें। समझदारी और धैर्य से काम लेंगे तो दिन आपके पक्ष में रहेगा और परेशानियां धीरे-धीरे दूर होंगी।

### मिथुन

आज नई जिम्मेदारियां आपका इंतजार कर रही हैं। परिवार में एकता बनी रहेगी, लेकिन भागदौड़ आपको थोड़ा थका सकती है। धीरे-धीरे तनाव कम होगा और आप खुद को बेहतर महसूस करेंगे। खर्चे बढ़ सकते हैं, लेकिन ऊर्जा भी भरपूर रहेगी। जीवनसाथी का साथ आपको मजबूती देगा।

### कन्या

आज का दिन धैर्य और समझदारी का है। अपने कामों पर पूरा फोकस रखें और जल्दबाजी से बचें। आपकी मीठी वाणी ही आपको मान-सम्मान दिलाएगी। हालांकि, परिवार में चल रही खटपट आपका मूड थोड़ा खराब कर सकती है। नई जगह जाने या बड़े फैसले लेने से बचें।

### तुला

आज का दिन आपके लिए नए अवसर लेकर आया है। कामकाज में सफलता मिलेगी और नई कोशिशें रंग लाएंगी। अविवाहित लोगों के जीवन में प्यार की एंट्री हो सकती है। लेकिन किसी भी काम में जल्दबाजी करने से बचें। दूर के किसी रिश्तेदार से थोड़ी निराशाजनक खबर मिल सकती है। मामा पक्ष से धन लाभ संभव है।

### वृश्चिक

आज आप मस्ती के मूड में रहेंगे, लेकिन ध्यान रखें। काम में लापरवाही नुकसान दे सकती है। फोकस बनाए रखना जरूरी है, तभी काम सही समय पर पूरे होंगे। किसी अजनबी की बातों में आकर फैसला लेने से बचें। अच्छी बात ये है कि कोई रुका हुआ सरकारी काम आज पूरा हो सकता है। विद्यार्थी अपने भविष्य को लेकर कोई बड़ा कदम उठा सकते हैं।

### मकर

आज उन्नति के रास्ते खुल रहे हैं। जीवनसाथी की ओर से कोई सरप्राइज आपको खुश कर देगा। लेकिन वाहन चलाते समय सावधानी रखें। खासकर किसी से मांगकर वाहन चलाने से बचें। शौक और आराम की चीजों पर खर्च बढ़ेगा। परिवार में विवाह से जुड़ी खुशखबरी माहौल को खुशनुमा बना देगी। घूमने-फिरने का प्लान भी बन सकता है।

### कुंभ

आज का दिन खुशी और समाधान लेकर आया है। कार्यक्षेत्र में किसी जटिल काम को सुलझाने के लिए आपको अपने जूनियर्स की मदद लेनी पड़ेगी और सफलता भी मिलेगी। संतान की संगति पर ध्यान देना जरूरी है। खर्चों में कटौती करके आप अपनी सेविंग मजबूत कर सकते हैं। लंबे समय से रुका हुआ काम पूरा होने से मन को राहत मिलेगी।

### धनु

आज का दिन नई उम्मीदों के साथ आगे बढ़ने का है। कुछ चुनौतियां जरूर आएंगी, लेकिन आप अपनी समझदारी से उन्हें पार कर लेंगे। विद्यार्थी कुछ नया सीखने या करने के लिए उत्साहित रहेंगे। पुरानी गलतियों से सीख लेना आपको आगे बढ़ाएगा। संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी और परिवार का माहौल खुशनुमा रहेगा। नया काम शुरू करने का विचार आएगा।

### मीन

आज नौकरीपेशा लोगों के लिए शानदार दिन है। आत्मविश्वास मजबूत रहेगा और बॉस के साथ आपके संबंध बेहतर होंगे। प्रमोशन की खुशखबरी मिल सकती है। मामा पक्ष से धन लाभ के योग बन रहे हैं। लेकिन किसी निवेश को लेकर ज्यादा उत्साहित न हों। किसी के कहने पर पैसा लगाना नुकसान दे सकता है। सोच-समझकर ही कदम बढ़ाएं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी कार्यालय, जय हिन्द कॉलोनी नाला पर, आरा, जिला भोजपुर (बिहार) से प्रकाशित संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, स्थानीय संपादक- साकेत अम्बष्ट, -9934957121, 7766886433, E-mail : svvaara@gmail.com, RNI-BIHHIN/2017/72765

## संक्षिप्त समाचार

### चक्रधरपुर में मानसिक रोगियों के लिए उम्मीद की किरण बने रविंद्र मंडल

**चक्रधरपुर, एजेंसी।** झारखंड के पश्चिम सिंहभूम जिले के चक्रधरपुर में नर सेवा ही नारायण सेवा है, इस उक्ति को चरितार्थ कर रहे हैं राष्ट्रीय सुंडी समाज के प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र मंडल। समाज सेवा की अपनी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए, उन्होंने एक और पीड़ित परिवार की मदद की जिम्मेदारी उठाई है। सरायकेला खरसावां जिला अंतर्गत कोलेबीरा के तिरीलडीह गांव निवासी प्रधान हेंब्रम पिछले दो-तीन वर्षों से गंभीर मानसिक अस्वस्थता से जूझ रहे हैं। उनकी स्थिति को देखते हुए उनके परिवार ने रविंद्र मंडल से संपर्क कर सहायता की गुहार लगाई। परिवार का दुख सुनकर रविंद्र मंडल ने तुरंत उन्हें बेहतर इलाज के लिए रिनपास रांची ले जाने का निर्णय लिया है। यह पहली बार नहीं है जब रविंद्र मंडल किसी मानसिक रोगी की मदद के लिए आगे आए हैं। इससे पहले भी वे गम्हरिया प्रखंड और आसपास के क्षेत्रों के लगभग 12 से 15 मानसिक रोगियों का सफल इलाज करा चुके हैं। उनके प्रयासों से आज वे सभी व्यक्ति स्वस्थ होकर एक सामान्य और सम्मानजनक जीवन जी कर रहे हैं।

### लोहरदगा में आग से घर जलकर खाक, लाखों की संपत्ति का हुआ नुकसान

**लोहरदगा, एजेंसी।** झारखंड के लोहरदगा जिले के किस्को प्रखंड अंतर्गत सेमरडीह गांव में शनिवार देर शाम आग लगने से एक घर पूरी तरह जलकर खाक हो गया। आगजनी की इस घटना में गृहस्थी का सारा सामान जल गया, जिससे पीड़ित परिवार को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार, सेमरडीह निवासी दुर्गा महतो, पिता स्व। सुगंबर महतो के घर में शनिवार शाम अचानक आग भड़क उठी। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप ले लिया और पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। घर में रखे अनाज, कपड़े, बर्तन, फर्नीचर और अन्य जरूरी सामान जलकर पूरी तरह खाक हो गए। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि इस हादसे में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई। मिली जानकारी के अनुसार, दुर्गा महतो बिकेबी कंपनी में वाहन चलाकर अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं। उनके परिवार में पत्नी और तीन बेटे हैं। हादसे के बाद पूरा परिवार खुले आसमान के नीचे आ गया है। आग लगने के कारणों का अब तक पता नहीं चल सका है।

### जेईटी 2026 परीक्षा में हंगामा, 32 प्रश्नपत्र न पहुंचने से अभ्यर्थियों का विरोध

**बोकारो, एजेंसी।** झारखंड में जेईटी 2026 परीक्षा के दौरान भारी हंगामा देखने को मिला है। बोकारो के सेक्टर 9 पटेल स्कूल स्थित परीक्षा केंद्र पर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक सेट के 32 प्रश्नपत्र परीक्षा केंद्र तक पहुंचे ही नहीं। जैसे ही यह बात अभ्यर्थियों को पता चली, वे आक्रोशित हो गए और जोरदार हंगामा शुरू कर दिया। सैकड़ों की संख्या में मौजूद अभ्यर्थियों ने परीक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाए और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। मौके पर स्थिति इतनी तनावपूर्ण हो गई कि भारी संख्या में पुलिस बल तैनात करना पड़ा। घटना की गंभीरता को देखते हुए उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक खुद मौके पर पहुंचे। उनके साथ जिले के लगभग सभी थानों की पुलिस, सिटी डीएसपी और यातायात डीएसपी भी मौजूद हैं। ध्यान देने वाली बात यह है कि प्रशासन द्वारा मीडिया कवरेज पर भी रोक लगाई जा रही है। पत्रकारों को वीडियो बनाने से रोका जा रहा है, जिससे पारदर्शिता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। फिलहाल स्थिति को नियंत्रित करने की कोशिश जारी है, लेकिन अभ्यर्थियों में आक्रोश साफ देखा जा सकता है। अब देखना होगा कि प्रशासन इस पूरे मामले में क्या कदम उठाता है और छात्रों को कब तक न्याय मिल पाता है। पत्रों की कमी और उनके स्पष्ट न होने के कारण परीक्षा को तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया गया है।

### देवघर में एटीएस-पुलिस की कार्रवाई, स-मेड पिस्टल के साथ 3 अपराधी गिरफ्तार

**देवघर, एजेंसी।** झारखंड के देवघर जिले में बेहतर पुलिस रिसर्च का उदाहरण पेश करते हुए एटीएस झारखंड और देवघर पुलिस की संयुक्त टीम ने बड़ी सफलता हासिल की है। 24 अप्रैल 2026 को देवघर नगर थाना कांड संख्या 170/26 के तहत की गई कार्रवाई में तीन कुख्यात अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों में अजीत कुमार पांडेय उर्फ अजीत कुमार मिश्रा, पंकज कुमार सिंह और सोनू कुमार सिंह शामिल हैं। जांच के दौरान पता चला कि आरोपी संगठित तरीके से अवैध हथियारों का इस्तेमाल कर आपराधिक घटनाओं को अंजाम देते थे। एटीएस टीम ने रांची में दर्ज प्राथमिकी के आधार पर देवघर पुलिस के साथ मिलकर छापेमारी की। पूछताछ में आरोपियों ने माना कि वे पैसे के लालच में गंभीर अपराधों में शामिल रहे हैं। छापेमारी के दौरान अजीत पांडेय के घर से एक देसी पिस्टल (मेड इन यूएसए 99 अंकित), 7.65 एमएम की तीन जिंदा गोलियां, दो मोबाइल फोन बरामद किए गए। वहीं पंकज कुमार सिंह के पास से एक देशी कट्टा और कंपनी का कीपैड फोन और सोनू कुमार सिंह के पास से एक मोबाइल फोन जब्त किया गया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों का आपराधिक इतिहास भी रहा है।

रांची विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सुधार को लेकर बड़ा कदम,

# शोध और एनईपी पर कुलपति का फोकस

**रांची, एजेंसी।** राजधानी के रांची विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सुधारों को लेकर बड़ा कदम उठाया गया है। शनिवार को आर्यभट्ट सभागार में आयोजित उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में कुलपति प्रो। सरोज शर्मा ने शोध कार्य, राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन और एकरूप पाठ्यक्रम पर जोर दिया। पदभार ग्रहण करने के बाद हुई इस अहम बैठक में विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता और भविष्य की कार्ययोजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

**समन्वय में और प्रदर्शित पर फोकस :** इस बैठक में कुलपति ने सभी विभागों और कॉलेजों के लिए एक संयुक्त अकादमिक कैलेंडर तैयार करने का निर्देश देते हुए कहा कि एक सप्ताह के भीतर इसे विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि एक समान कैलेंडर से शैक्षणिक गतिविधियों में समन्वय और पारदर्शिता आएगी।

**उच्च गुणवत्ता वाले रिसर्च पर फोकस :** प्रो। सरोज शर्मा ने शोध को विश्वविद्यालय की पहचान बताते हुए शिक्षकों से उच्च गुणवत्ता वाले रिसर्च पर फोकस करने को कहा। उन्होंने कहा कि बेहतर शोध कार्य ही छात्रों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाएगा। इसके साथ ही पुराने सिलेबस को तत्काल संशोधित करने और विभागाध्यक्षों को अधिक सक्रिय भूमिका निभाने का निर्देश दिया गया।

**शोध गतिविधियों को रफ्तार देने की तैयारी :** तकनीकी सशक्तिकरण को लेकर कुलपति ने विश्वविद्यालय में जल्द आईसीटी सेल के गठन और उसे सक्रिय करने की बात कही। उन्होंने यह भी बताया कि



जेपीएससी से स्वीकृत और परिवीक्षा अवधि पूरी कर चुके शिक्षक अब पीएचडी गाइड बन सकेंगे, जिससे शोध गतिविधियों को नई गति मिलेगी।

**अंगीभूत और संबद्ध कॉलेजों में एक समान सिलेबस :** इस बैठक में एनईपी-2020 के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए कुलपति ने कहा कि नियमित पाठ्यक्रमों में इसे लागू करना सकारात्मक कदम है, अब वोकेशनल कोर्सेज में भी इसे जल्द लागू किया जाए। साथ ही सभी अंगीभूत और संबद्ध कॉलेजों में एक समान सिलेबस और रूटीन लागू करने पर जोर दिया गया। हालांकि माइनर कॉलेजों को स्थानीय जरूरतों के अनुसार 30 प्रतिशत तक पाठ्यक्रम में बदलाव की छूट दी गई है।

अपने संबोधन में कुलपति ने 'सा विद्या विमुक्तये' का उल्लेख करते हुए शिक्षा के व्यापक उद्देश्य को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में योग्य शिक्षकों की कोई कमी नहीं है, जरूरत केवल सामूहिक प्रयास और बेहतर समन्वय की है। इसके साथ ही आईक्यूएसी के माध्यम से नैक रिपोर्ट सभी विभागों को उपलब्ध कराने और सुझावों पर अमल सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

इस बैठक में रजिस्ट्रार डॉ। गुरु चरण साहु, डीएसडब्ल्यू डॉ। सुदेश कुमार साहु, प्रोक्टर डॉ। मुकुंद चंद्र मेहता, डॉ। स्मृति सिंह सहित विभिन्न संकायों के डीन और विभागाध्यक्ष मौजूद रहे। अंत में धन्यवाद ज्ञापन प्रो। सुदेश कुमार साहु ने दिया।

## रांची टीम का निरीक्षण, धनबाद सदर अस्पताल को 420 बेड बनाने की कवायद शुरू

धनबाद, एजेंसी। स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने की दिशा में एक अहम कदम उठाया गया है। धनबाद के सदर अस्पताल में कायाकल्प असेसमेंट के तहत रांची से पहुंची विशेषज्ञ टीम ने शनिवार को विस्तृत निरीक्षण किया। टीम में एचआर कंसलटेंट अवनि प्रसाद और नर्सिंग ट्यूटर प्रीति संगीता बारा शामिल थी। जिन्होंने अस्पताल के विभिन्न विभागों का बारीकी से मूल्यांकन किया।

निरीक्षण के बाद टीम ने बताया कि पूरे आकलन की रिपोर्ट तैयार कर उच्च स्तर पर भेजी जाएगी। इस रिपोर्ट के आधार पर अस्पताल की साफ-सफाई, प्रबंधन और मरीज सुविधाओं को और बेहतर बनाने की दिशा में कदम उठाए जाएंगे। वहीं सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ संजीव कुमार प्रसाद ने कहा कि इस तरह का असेसमेंट अस्पताल की गुणवत्ता सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

उपाधीक्षक ने बताया कि टीम द्वारा दिए गए सुझावों को प्राथमिकता के साथ लागू किया जाएगा। ताकि मरीजों को बेहतर और प्रभावी इलाज मिल सके। उन्होंने आगे जानकारी दी कि सदर अस्पताल को पीपीपी (पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप) मॉडल पर विकसित करने की योजना बनाई गई है। फिलहाल 100 बेड पर संचालित इस अस्पताल को भविष्य में 420 बेड तक विस्तारित किया जाएगा। इसके लिए 320 अतिरिक्त बेड की क्षमता वाला नया भवन बनाया जाएगा। राज्य सरकार की इस योजना में धनबाद को भी चयनित जिलों में शामिल किया गया है। जहां स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। निरीक्षण के बाद टीम ने उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन से मुलाकात कर उन्हें पूरे निरीक्षण की विस्तृत जानकारी भी दी।

## सरकारी पशु चिकित्सकों ने मंत्री से की मुलाकात

### सेवा नियमावली के अनुरूप पदों के चिंहितिकरण पर जताया आभार

**रांची, एजेंसी।** झारखंड पशु चिकित्सा सेवा संघ की बहुप्रतीक्षित मांग 'पशु चिकित्सा सेवा नियमावली के अनुरूप पदों का चिन्हितिकरण' पूरी हुई। साथ ही हेमंत कैबिनेट से इसकी सहमति मिलने पर संघ ने खुशी जताई।

इसको लेकर झारखंड पशुचिकित्सा सेवा संघ के प्रतिनिधियों ने शुक्रवार को कृषि एवं पशुपालन मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की से मुलाकात की और उनका आभार प्रकट किया। मंत्री ने कहा कि संघ की इस बहुप्रतीक्षित मांग को पूरा होते देखना उनके लिए भी खुशी की बात है। उन्होंने पशु चिकित्सकों से आह्वान किया कि वह राज्य के पशुपालकों के हितों का ख्याल रखें।

संघ के महामंत्री डॉ। शिवानंद कांशी ने कहा कि कृषि एवं पशुपालन विभाग के इस कार्य से पशुपालन एवं पशु चिकित्सा के क्षेत्र में झारखंड में नई ऊर्जा का संचार होगा। संघ के महामंत्री ने बताया कि नियमावली में आयुक्त के स्थान महानिदेशक किया गया है जो स्वागत योग्य कदम है।



संघ के अध्यक्ष डॉ। सैमसन संजय टोप्पो के नेतृत्व में प्रतिनिधियों ने पशु चिकित्सा सेवा नियमावली 2024 के अनुरूप पदों का चिन्हितिकारण कराए जाने पर हर्ष प्रकट किया। राज्य सरकार अधिकारी व कर्मचारियों के लिए संवेदनशील सोच के साथ लगातार काम कर रही है।

संगठन की ओर से नियमावली के अनुरूप पदों का चिन्हित किए जाने पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, विभागीय सचिव अबूबकर सिद्दकी, निदेशक आदित्य कुमार, सभी सम्मानित संघ के सदस्यों व झारखंड ऑफिसर टीचर्स एंड एम्पलाइज फेडरेशन का भी आभार प्रकट किया।

# राज्य के सभी स्वास्थ्य केंद्रों में 4 से 10 मई तक मनाया जाएगा अग्नि सुरक्षा सप्ताह

**रांची, एजेंसी।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन झारखंड के अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा ने बढ़ती गर्मी को ध्यान में रखते हुए राज्य के सभी मेडिकल कॉलेज, जिला, अनुमंडल अस्पतालों के साथ-साथ सभी सीएचसी-पीएचसी एवं अन्य स्वास्थ्य केंद्रों के लिए एक महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए हैं।



अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा ने राज्य के सभी स्वास्थ्य केंद्रों को 04 मई से 10 मई, 2026 तक अग्नि सुरक्षा सप्ताह आयोजित करने और तत्काल अपने-अपने अस्पतालों का फायर ऑडिट सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। विद्युत भार बढ़ने से होने वाले शॉर्ट-सर्किट की रोकथाम के लिए समय-समय पर निरीक्षण अनिवार्य रूप से करें। उन्होंने 04 मई से 10 मई तक मनाया जाने वाला 'अग्नि सुरक्षा सप्ताह' को लेकर थीम भी साझा किया है।

उन्होंने कहा कि 04 से 10 मई तक चलाया जाने वाले अग्नि सुरक्षा सप्ताह को लेकर इस बार का थीम भी बेहद महवपूर्ण है। इस वर्ष का थीम 'सुरक्षित स्कूल, सुरक्षित अस्पताल और अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक समाज - अग्नि निवारण के लिए एक साथ' रखा गया है। अग्नि शमन इसके तहत सभी स्वास्थ्य केंद्रों में अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूकता अभियान चलाएंगे। अभियान निदेशक ने सभी अस्पतालों को अग्निशमन विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने और विद्युत सुरक्षा के मानकों का सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया है। उन्होंने सुरक्षा मानकों के गैप को दूर करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए हैं।

इस सप्ताह के दौरान स्वास्थ्य विभाग और आपदा प्रबंधन विभाग के समन्वय से स्वास्थ्य कर्मियों के लिए वेबिनार और प्रशिक्षण सत्र भी आयोजित किए जाएंगे, जिसमें प्रिवेंटिव स्ट्रैटेजी, फायर इवैक्यूएशन और फायर ड्रिल के बारे में जानकारी दी जाएगी। सभी संस्थानों को अपनी गतिविधियों, फोटो और फायर सेफ्टी असेसमेंट रिपोर्ट को स्वास्थ्य विभाग के आधिकारिक पोर्टल और ई-मेल पर 11 मई, 2026 तक अनिवार्य रूप से भेजने का निर्देश अभियान निदेशक ने दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि मरीजों और स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा सर्वोपरि है। इस संबंध में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी सुरक्षा उपायों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करना अनिवार्य है।

## सिमडेगा में जिला कांग्रेस कमिटी की पहली बैठक संपन्न, प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश और प्रभारी हुए शामिल

**सिमडेगा, एजेंसी।** जिला कांग्रेस कमिटी के हालिया विस्तार के बाद शनिवार को पहली महत्वपूर्ण बैठक हुई। इस बैठक में झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश और झारखंड प्रभारी डॉ। के। राजू पहली बार सिमडेगा पहुंचे। उनके आगमन को लेकर कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह देखा गया और उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया।




बैठक में संगठन विस्तार के उपरांत नवचयनित जिला कमेटी सदस्यों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। साथ ही उन्हें संगठन को मजबूत करने, जनसंपर्क बढ़ाने और पार्टी की नीतियों को आम लोगों तक पहुंचाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। कार्यक्रम के दौरान प्रदेश स्तरीय नेताओं ने कार्यकर्ताओं को जमीनी स्तर पर सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया।

झारखंड प्रभारी डॉ। के। राजू ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी ने इस बार पंचायत स्तर से लेकर जिला स्तर तक संगठन को सुदृढ़ बनाने की दिशा में व्यापक पहल की है। उन्होंने कहा कि नई कमेटी के गठन का उद्देश्य पार्टी को गांव-गांव तक मजबूत करना है। उन्होंने विश्वास जताया कि नवगठित टीम दोगुने उत्साह, समर्पण और जिम्मेदारी के साथ कार्य करते हुए कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का काम करेगी।

प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि किसी भी राजनीतिक दल की असली ताकत उसका संगठन होता है। यदि संगठन मजबूत होगा तो पार्टी हर चुनौती का सामना कर सकती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अनुशासन, समर्पण और एकजुटता के साथ काम करने का आह्वान किया। बैठक के दौरान सभी प्रतिनिधियों ने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने का संकल्प लिया और पार्टी को आगामी चुनावों के लिए तैयार करने की प्रतिबद्धता जताई।

बैठक सकारात्मक माहौल और नए उत्साह के साथ सम्पन्न हुई। हालांकि कमिटी विस्तार में सम्मानित पद नहीं दिए जाने पर कुछ कांग्रेसी नेताओं द्वारा इस्तीफा भी दिए जाने की बात सामने आयी है, जिसमें जिले के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता शमी आलम, रावेल लकड़ा एवं कौशल किशोर रोहिल्ला शामिल है। इस संबंध में पूछे जाने पर प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि घर की बात है। वे सभी से बात कर मना लेंगे।

## पलामू में युवक के अपहरण के बाद हत्या! कई लोग हिरासत में, एसपी ने कहा- होगी सख्त कार्रवाई

**पलामू, एजेंसी।** जिला के मेदिनीनगर टाउन थाना क्षेत्र में अपहरण के बाद एक युवक की हत्या हुई है। शनिवार की रात युवक का रेडमा के समदा आहर के पास से अपहरण हुआ था और रविवार को सदर थाना क्षेत्र के जोरकट इलाके से युवक का शव बरामद हुआ है। युवक की पहचान विनीत तिवारी के रूप में हुई है।



अपहरण का आरोप विनीत के पड़ोस में रहने वाले प्रदीप तिवारी और रौशन तिवारी नामक युवक पर लगा था, जो फिलहाल दोनों फरार चल रहे हैं। शव बरामद होने के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई है और पूरे मामले में छानबीन शुरू कर दी। पलामू एसपी कपिल चौधरी खुद घटनास्थल पर पहुंचे और पूरे मामले में छानबीन की है। इस दौरान स्निफर डॉग के माध्यम से भी अपराधियों का पता लगाने का प्रयास किया गया है। इधर, घटना से नाराज लोगों ने रेडमा में रोड जाम कर दिया है।

डीएसपी राजीव रंजन ने शव बरामद होने की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि पूरे मामले में आगे की छानबीन की जा रही है। कई लोग हिरासत में लिए गए हैं। वहीं, एसपी कपिल चौधरी ने बताया कि घटना को लेकर पुलिस को आवेदन मिले हैं। पुलिस का अनुसंधान जारी है। अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

एसपी ने लोगों से आग्रह किया कि इस घटना से संबंधित कोई भी जानकारी हो तो पुलिस के साथ साझा करें। उनकी पहचान को गोपनीय रखा जाएगा। एसपी ने कहा कि जमीन विवाद में अपराधीकरण को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सभी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

दरअसल, शनिवार रात विनीत तिवारी नामक युवक समदा आहर के पास मौजूद था। इसी दौरान कुछ लोग मौके पर पहुंचे और उसके साथ गाली गलौज की। इसके बाद युवक का अपहरण कर लिया गया। परिजनों ने इस पूरे मामले की जानकारी पुलिस को दी है। घटना की जानकारी मिलने के बाद टाउन थाना प्रभारी ज्योतिलाल रजवार के नेतृत्व में पुलिस बल मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू की। घटनास्थल से एक कार भी बरामद की गई है।

## तेज गर्मी में भी महक रहे गेंदे के फूल, सासाराम तक सप्लाई कर किसान बना मिसाल

**गढ़वा, एजेंसी।** जहां भीषण गर्मी और 43 डिग्री के टॉर्चर से आम जनजीवन बेहाल है और खेतों में फसलें दम तोड़ रही हैं, वहीं झारखंड के गढ़वा जिले के एक किसान ने अपनी मेहनत से गुल खिला दिए हैं। मझिआंव नगर पंचायत के पृथ्वी चक्र गढ़ौटा गांव के रहने वाले रमाशंकर माली फूलों की खेती के जरिए न केवल अपनी किस्मत बदल रहे हैं, बल्कि आज पूरे इलाके के लिए मिसाल बन गए हैं।

रमाशंकर के खेतों की खुशबू सात समंदर पार तो नहीं, लेकिन पड़ोसी राज्य बिहार के प्रसिद्ध मां ताराचंडी धाम (सासाराम) तक जरूर पहुंच रही है। रमाशंकर ने बताया कि हर दूसरे दिन करीब 400 से 500 गेंदे के फूलों की मालाएं बिहार के सासाराम भेजी जाती हैं। साधन न होने पर रमाशंकर खुद बाइक से सासाराम तक फूल पहुंचाने जाते हैं जिससे कि भक्तों को ताजे फूल मिल सकें। पारंपरिक खेती छोड़ फूलों की राह चुनने वाले रमाशंकर ने बताते हैं कि यह मुनाफे का सौदा है। एक बीघा खेत में बीज, खाद और सिंचाई मिलाकर करीब 25,000 रुपये खर्च होते हैं। सीजन के अंत तक



करीब 2 लाख रुपये की आमदनी हो जाती है। रमाशंकर कहते हैं कि 43 डिग्री तापमान में फूलों को बचाना आसान नहीं है। पौधों को हर दो दिन में सींचना पड़ता है जिससे कि वे मुरझाएं नहीं। रमाशंकर अपने तीन बच्चों की पढ़ाई और घर का खर्च इसी खेती से चला रहे हैं। हालांकि, उन्हें मलाल है कि इतनी मेहनत के बाद भी अब तक कोई सरकारी सहायता नहीं मिली। इधर क्षेत्र के अन्य किसान और करुआ कला के फूल उत्पादक बृजेश तिवारी भी लंबे समय से मांग कर रहे हैं कि गढ़वा को 'बागवानी मिशन' से जोड़ा जाए।

## नोवामुंडी कॉलेज के विद्यार्थियों ने चाईबासा नेचर सेंटर का शैक्षणिक भ्रमण किया

**नोवामुंडी, एजेंसी।** झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले के नोवामुंडी कॉलेज के इतिहास विभाग के विद्यार्थियों ने शैक्षणिक भ्रमण के तहत चाईबासा स्थित नेचर इंटरप्रिटेशन सेंटर का दौरा किया। इस दौरान छात्रों को झारखंड की समृद्ध सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और प्राकृतिक विरासत के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई।

नोवामुंडी कॉलेज के प्राचार्य डॉ। मनोजित विश्वास के निर्देश पर 25 अप्रैल शनिवार को इतिहास विभाग के विद्यार्थियों को कॉलेज के सहायक प्राध्यापक डॉ। क्रांति प्रकाश, सुमन चातोम्बा और मंजू लता सिंकु के साथ कॉलेज बस द्वारा शैक्षणिक भ्रमण के अंतर्गत चाईबासा स्थित नेचर इंटरप्रिटेशन सेंटर ले जाया गया। शैक्षणिक भ्रमण पर जाने से पूर्व प्राचार्य ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के भ्रमण से विद्यार्थियों को किताबों से बाहर निकलकर वास्तविक ज्ञान प्राप्त होता है और अपनी संस्कृति और इतिहास को समझने का अवसर मिलता है।




केंद्र पर उपस्थित संरक्षक रश्मि कोड़ा और गोवर्धन गोप ने विद्यार्थियों को जानकारी दी कि इस केंद्र को जनजातीय जीवन दर्शन संग्रहालय से भी जोड़ा गया है। यह संग्रहालय मुख्य रूप से झारखंड वन विभाग, टाटा स्टील (हल्क्त डिवीजन) तथा सेंटर फॉर एनवायरनमेंट एक्सीलेंस के संयुक्त सहयोग से स्थापित किया गया है। यह संग्रहालय जनजातीय संस्कृति और प्राकृतिक विरासत को प्रदर्शित करता है।

शैक्षणिक भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को झारखंड के विभिन्न ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थलों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इसमें मंदिर स्थलों, शैल एवं गुफा चित्रों, नक्काशियों, शिलालेखों, उत्कृष्ट मूर्तिकला, मिट्टी के बर्तनों तथा प्राचीन खंडहरों का उल्लेख किया गया। विशेष रूप से वांदा, बरकट्टा, करहबाड़ी, बादाम, रामगढ़, इटखोरी एवं सतपहाड़ जैसे स्थलों को मूर्तिकला के लिए प्रसिद्ध बताया गया। इसके साथ ही विद्यार्थियों को झारखंड की पारंपरिक कलाओं - पैतकर कला, जादोपटिया चित्रकला, सोहराय कला, कोइवर कला, गंजू कला, रणातैली कला, प्रजापति कला, मुंडा कला, बिरहोर और भुइयां कला, गोंदना (टैटू) और बॉडी आर्ट के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। केंद्र में विद्यार्थियों को टाटा स्टील द्वारा निर्मित एक जानकारीपूर्ण डॉक्यूमेंट्री भी दिखाई गई, जिससे उन्हें झारखंड की सांस्कृतिक विरासत, जुरासिक युग, पाषाण युग, गुफा कला, कब्र कला गांव की संस्कृति और राज्य के हस्तशिल्प के बारे में समझने का अवसर मिला। प्रकृति व्याख्या केंद्र में विद्यार्थियों को झारखंड की समृद्ध विरासत, हजारों साल पूर्व प्राचीन काल की जीवन शैली, गुफा केंद्रों और विभिन्न युगों की कलाओं के बारे में भी विस्तार से बताया गया। भ्रमण के बाद सभी विद्यार्थी बहुत खुश नजर आए और उन्होंने इसे एक सीख देने वाला अनुभव बताया।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com





# 'भूत बंगला' की फ्रेंचाइजी बनाना चाहती हैं एकता कपूर

अक्षय कुमार और प्रियदर्शन की जोड़ी की कमबैक फिल्म 'भूत बंगला' इन दिनों सिनेमाघरों में बनी हुई है। फिल्म को दर्शकों और क्रिटिक्स की मिली-जुली प्रतिक्रियाएं हासिल हुई हैं। वहीं बॉक्स ऑफिस पर भी फिल्म उम्मीद से धीमी ही कमाई कर रही है। लेकिन ऐसा लगता है कि मेकर्स फिल्म के प्रदर्शन से संतुष्ट हैं, तभी वो फिल्म के सीक्वल पर विचार कर रहे हैं। जी हां सही सुना आपने, प्रोड्यूसर एकता कपूर भूत बंगला का सीक्वल बनाना चाहती हैं और वो इसे एक फ्रेंचाइजी के तौर पर विकसित करना चाहती हैं।

एक रिपोर्ट के मुताबिक, 'भूत बंगला' की निर्माता एकता कपूर फिल्म के सीक्वल पर विचार कर रही हैं। उनकी योजना इसे एक फुल-फ्लेज्ड फ्रेंचाइज में बदलने की भी है। एकता कपूर के करीबी एक सूत्र ने बताया, 'भूत बंगला को परिवारों से मिल रहे प्यार और प्रतिक्रिया को देखते हुए निर्माता निश्चित रूप से इस फ्रेंचाइज को आगे बढ़ाने पर विचार कर रहे हैं। यह एक रोमांचक क्षेत्र है और इसलिए सीक्वल बनने की पूरी संभावना है।' हालांकि यह प्रोजेक्ट अभी शुरुआती चरण में है, लेकिन हॉरर-कॉमेडी जॉनर में एकता की रुचि को देखते हुए, वह इस क्षेत्र में और भी कहानियों के साथ वापसी करना चाहती हैं।


'भूत बंगला' के जरिए अक्षय कुमार और प्रियदर्शन की जोड़ी ने 14 साल बाद बड़े पर्दे पर वापसी की है। इस हॉरर-कॉमेडी फिल्म को समीक्षकों से मिली-जुली प्रतिक्रिया हासिल हुई है। हालांकि, फिल्म को अक्षय-प्रियदर्शन की जोड़ी के फैन काफी पसंद भी कर रहे हैं। लेकिन बॉक्स ऑफिस पर फिल्म की शुरुआत उतनी दमदार नहीं रही, जितनी उम्मीद थी। शुरुआती पांच दिनों में खबर लिखे जाने तक फिल्म सिर्फ 70 करोड़ रुपए की कमाई ही कर पाई है।



# धुरंधर के बाद सारा अर्जुन के हाथ लगा बड़ा प्रोजेक्ट!

## प्रोजेक्ट से जुड़े संजय लीला भंसाली

**बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री मधुबाला पर लंबे समय से बायोपिक बनने को लेकर चर्चा चल रही है। अब खबर आ रही है कि इस प्रोजेक्ट में 'धुरंधर' फेम सारा अर्जुन मधुबाला की भूमिका निभाएंगी। इस प्रोजेक्ट में पहले कई बार देरी हुई है, मगर अब फिल्म के आगे बढ़ने की संभावना है। खबर यह भी है कि सिनेमाघरों में रिलीज होने के बजाय, यह फिल्म सीधे ओटीटी पर रिलीज होगी।**



### प्रोजेक्ट से जुड़े संजय लीला भंसाली

वैरायटी इंडिया के मुताबिक अपकमिंग फिल्म का प्रोडक्शन जुलाई 2026 से शुरू होने वाला है। यह फिल्म पहले कुछ आर्थिक दिक्कतों की वजह से टल गई थी। अब संजय लीला भंसाली एक प्रोड्यूसर के तौर पर इस प्रोजेक्ट से जुड़े हैं। उम्मीद है कि यह प्रोजेक्ट बिना किसी रुकावट के आगे बढ़ेगा।

### सारा ने लुक में किए बदलाव

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सारा अर्जुन ने इस फिल्म के लिए अपने लुक में बदलाव किए हैं। उन्होंने मधुबाला के रोल के लिए काम करना शुरू कर दिया है। दूसरी तरफ, दिलीप कुमार और किशोर कुमार जैसे दूसरे किरदारों के लिए कास्टिंग जारी है।

### इन कलाकारों के नाम पर हो चुकी चर्चा

दिलचस्प बात यह है कि फिल्म में पहले कियारा आडवाणी को लीड रोल के लिए जा रहा था। सारा से पहले जिन दूसरी एक्ट्रेस को यह रोल ऑफर किया गया था, उनमें कल्याणी प्रियदर्शन, शरवरी और अनीत पड्डा भी शामिल थीं। हालांकि, एक्ट्रेस या मेकर्स की तरफ से अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है।

### कई पहलुओं के दिखाएगी फिल्म

यह अनटाइटल्ड फिल्म इंडस्ट्री में मधुबाला के शानदार करियर के साथ-साथ उनकी पर्सनल लाइफ और मुश्किलों को भी दिखाने की कोशिश करेगी। दिलीप कुमार के साथ उनके रिश्ते से लेकर म्यूजिशियन किशोर कुमार के साथ उनकी शादी तक, यह फिल्म मधुबाला की जिंदगी के सभी उतार-चढ़ाव को दिखाएगी।

# अशनीर ग्रोवर की बायोपिक का हिस्सा नहीं हैं इमरान खान

आमिर खान के भांजे और अभिनेता इमरान खान जल्द ही फिल्म 'अधूरे हम अधूरे तुम' से बतौर लीड एक्टर वापसी करने वाले हैं। लेकिन इस बीच ऐसी खबरें सामने आई थीं कि इमरान बिजनेसमैन अशनीर ग्रोवर की बायोपिक में भी नजर आ सकते हैं। बीते दिनों इस बायोपिक से आमिर खान के भी छुड़ने की खबरें सामने आई थीं। अब इमरान खान ने इन चर्चाओं पर प्रतिक्रिया दी है और खबरों के पीछे की सच्चाई से रूबरू करवाया है।

### इमरान ने अफवाहों को किया खारिज

इमरान खान ने अशनीर ग्रोवर की बायोपिक में काम करने की खबरों को सिरे से खारिज किया। अभिनेता ने कहा कि मैंने इस परियोजना के बारे में सुना तक नहीं है। यह सच नहीं है। इस प्रतिक्रिया के साथ ही इमरान ने यह स्पष्ट कर दिया कि वो इस प्रोजेक्ट का हिस्सा नहीं हैं। वहीं इमरान की प्रतिक्रिया के बाद अब प्रोजेक्ट के अस्तित्व को लेकर भी संदेह पैदा हो रहा है।

### आमिर के फिल्म से जुड़ने की थीं खबरें

बीते दिनों ऐसी खबरें सामने आई थीं कि भारतपे के सह-संस्थापक अशनीर ग्रोवर की बायोपिक बन रही है। इस बायोपिक से आमिर खान के जुड़ने की भी खबरें सामने आई थीं। खबरों में ऐसा दावा किया गया था कि आमिर फिल्म में प्रमुख भूमिका निभा सकते हैं। यानि वो अशनीर ग्रोवर की भूमिका में ही नजर आ सकते हैं। साथ ही ये बताया गया था कि फिल्म को राहुल मोदी निर्देशित कर सकते हैं। उनके द्वारा ही फिल्म की कहानी भी लिखी जाने की खबरें सामने आई थीं। लेकिन अभी तक कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई थी। लेकिन अब इमरान खान ने इस प्रोजेक्ट को लेकर साफ तौर पर इनकार कर दिया है। भारतपे के सह-संस्थापक अशनीर ग्रोवर, शार्क टैंक इंडिया में निवेशक के रूप में आने के बाद बेहद लोकप्रिय हो गए।

### इस फिल्म से बतौर लीड एक्टर वापसी करेंगे इमरान

वहीं इमरान खान के वर्कफ्रंट की बात करें तो वो लंबे समय बाद 'अधूरे हम अधूरे तुम' से बतौर लीड एक्टर वापसी करेंगे। यह फिल्म ओटीटी पर रिलीज होगी। इस फिल्म में उनके साथ भूमि पेडनेकर के प्रमुख भूमिका में नजर आने की संभावना है। इमरान खान आखिरी बार इस साल की शुरुआत में रिलीज हुई फिल्म 'हैप्पी पटेल: खतरनाक जासूस' में नजर आए थे। फिल्म में उनकी भूमिका छोटी थी।






# ढाई साल की मेहनत, सीख और संघर्ष का पल है 'आसमानी' का प्रीमियर

कई बार किसी कलाकार के लिए प्रोजेक्ट उसका सपना बन जाता है। ऐसा ही कुछ अभिनेत्री और प्रोड्यूसर सयानी गुप्ता के साथ हुआ है, जिनकी शॉर्ट फिल्म 'आसमानी' अब दुनिया के सामने पहली बार पेश होने जा रही है। यह सिर्फ एक फिल्म का प्रीमियर नहीं, बल्कि ढाई साल की मेहनत, सीख और संघर्ष का वह पल है, जिसका इंतजार वह लंबे समय से कर रही थीं। इसी खास मौके से पहले उन्होंने अपने इमोशन्स इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए साझा किए। सयानी गुप्ता ने इंस्टाग्राम पर अपनी पोस्ट में बताया कि पिछले ढाई साल उनकी जिंदगी के सबसे मेहनत भरे साल रहे हैं, जो अब जाकर 24 घंटे के अंदर एक बड़े मोड़ पर पहुंच रहे हैं। उनकी फिल्म 'आसमानी' का वर्ल्ड प्रीमियर होने जा रहा है और वह इसे अपने बच्चे की तरह मानती हैं, जो अब दुनिया को दिखाई जाएगी। उन्होंने लिखा, 'यह पल मेरे लिए बेहद खास है, और मैं चाहती हूं कि यह फिल्म लोगों के दिल तक पहुंचे।' इस फिल्म की खास बात यह है कि सयानी गुप्ता ने इसमें अभिनय के साथ इसकी कहानी को खुद लिखा है, निर्देशित किया और प्रोड्यूस भी किया है। यह उनके करियर का वह पड़ाव है, जहां उन्होंने कैमरे के सामने ही नहीं बल्कि कैमरे के पीछे भी अपनी पहचान बनाई है।

उनके इस पोस्ट पर फैंस के साथ-साथ फिल्म इंडस्ट्री से भी प्यार और शुभकामनाएं मिल रही हैं। अभिनेत्री और पूर्व मिस यूनिवर्स दीया मिर्जा ने कमेंट करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं और उनके लिए खुशी जताई। उन्होंने कमेंट में लिखा, 'गुड लक और फ्लाई।' 'आसमानी' सयानी गुप्ता की पहली पूरी तरह से बनाई गई प्रोडक्शन फिल्म है। इसमें मशहूर अभिनेत्री रेवती और अभय कौल जैसे कलाकार नजर आएंगे। इससे पहले सयानी ने कुछ प्रोजेक्ट्स में सह-निर्माता के तौर पर काम किया था लेकिन यह उनका पहला प्रोडक्शन प्रोजेक्ट है, जिसे उन्होंने खुद लीड किया है। सयानी ने पहले बताया था कि यह उनका लंबे समय का सपना था कि वह ऐसी कहानियां बनाएं जो अलग हों और जिनमें नए विचार हों। वह चाहती हैं कि फिल्म निर्माण में सहयोग और रचनात्मकता को बढ़ावा मिले। इसलिए वह हर प्रोजेक्ट को धीरे-धीरे, लेकिन पूरी मेहनत और समझ के साथ करना चाहती हैं।






# प्रोड्यूसर बनना आसान नहीं

**अभिनेता राजकुमार राव हाल ही में फिल्म 'टोस्टर' में नजर आए हैं। इस फिल्म में मुख्य भूमिका निभाने के साथ-साथ राजकुमार राव ने बतौर प्रोड्यूसर भी अपनी शुरुआत की है। इस फिल्म को उन्होंने अपनी पत्नी पत्रलेखा के साथ मिलकर प्रोड्यूस किया है, जो एक मिडिल क्लास कहानी को कॉमेडी, मिस्ट्री और थ्रिल के साथ दिखाती है। अब अमर उजाला से खास बातचीत में राजकुमार राव ने प्रोड्यूसर बनने के अनुभव, दोस्ती, शादी की यादों और फिल्म की खासियतों पर खुलकर अपनी बात रखी।**

### प्रोड्यूसर बनने का अनुभव कैसा रहा और आपने क्या नया सीखा?


मुझे लगता है कि यह मुझे मजबूत बनाने वाला अनुभव है। क्योंकि इसमें बहुत ज्यादा काम है, बहुत मेहनत है। प्रोड्यूसर होना आसान नहीं है। मैं यही सोचता रहा कि पत्रलेखा ने यह सब कैसे मैनेज किया, उनसे मैंने बहुत कुछ सीखा है। मुझे लगता था कि प्रोड्यूसर का काम बहुत आसान होता होगा। एक बार आपने टीम सेट कर दी, उसके बाद सब हो जाएगा, लेकिन ऐसा नहीं है। चौबीसों घंटे हर दिन आपको बहुत सारे फैसले लेने होते हैं। छोटे भी और बड़े भी। लगातार बातें करनी होती हैं, मीटिंग करनी होती है, बहुत सारा पेपरवर्क होता है। हर चीज के लिए हजारों लोगों से संपर्क रखना पड़ता है, तो काम बहुत ज्यादा होता है। चूंकि, हम दोनों अभिनेता हैं, इसलिए हमें क्रिएटिव चीजों पर भी ध्यान देना पड़ता है। एडिट कैसा जा रहा है, डीआई कैसा जा रहा है, साउंड कैसा सुनाई दे रहा है? हर चीज देखनी पड़ती है

### पर्दे पर कंजूस किरदार और असल जिंदगी में प्रोड्यूसर, कहीं पैसों का खास ख्याल रखने की प्रैक्टिस तो नहीं चल रही?

यह बिल्कुल एक संयोग है। इसका असल जिंदगी से कोई लेना देना नहीं है। (हंसते हुए) हम लोग असल जिंदगी में बिल्कुल अलग हैं, कंजूस तो बिल्कुल नहीं है। बल्कि हम तो ऐसे प्रोड्यूसर हैं जो चाहते हैं कि सेट पर लोगों को बहुत अच्छा खाना मिले, सबको समय पर खाना दिया जाए। हम खुद इतने साल से अभिनेता हैं, इसलिए हमें ठीक से पता है कि सेट पर किन चीजों से लोगों को दिक्कत होती है, क्या परेशानियां होती हैं। अगर लोग शिकायत करते हैं तो हम चाहते हैं कि ऐसा न हो। अगर कोई बात हम तक पहुंचे तो हम उसे तुरंत ठीक करें, क्योंकि हमें खुद पता है कि क्या सही है और क्या गलत।

### बतौर प्रोड्यूसर आपने अपनी पहली फिल्म के लिए डार्क कॉमेडी ही क्यों चुनी?

ऐसा कुछ नहीं था। यह पहली चीज थी जो हमारे पास आई थी। इससे पहले भी हमने कुछ और चीजें पढ़ी थीं, लेकिन यह हमें क्लिक हुई। इसे पढ़कर बहुत मजा आया। इसके किरदार और कहानी बहुत दिलचस्प हैं। हम हमेशा से यही चाहते थे कि यह फिल्म स्ट्रीमिंग के लिए बने। हमें लगा कि इस ओटीटी प्लेटफार्म पर वहां कॉमेडी कम है, तो यह वैसी फिल्म हो सकती है जिसे ऑडियंस खूब पसंद करें। इसमें एक मिडिल क्लास सोसायटी की कहानी है, जिसे बहुत ही मजेदार तरीके से दिखाया गया है। कहानी बहुत रियल है, जो इंडियन फॅमिली से जुड़ी हुई है। सब कुछ बहुत फन तरीके से दिखाया गया है। यह एक अलग तरह की फिल्म है, जिसमें मिस्ट्री भी है, थ्रिल भी है और कॉमेडी भी है।



बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### भोपाल में बिग अपडेट 2026 इंफेकॉन के पहले दिन संक्रमण चिकित्सा पर मंथन

**भोपाल ।** राजधानी भोपाल एक बार फिर राष्ट्रीय चिकित्सा जगत का केंद्र बना, जब जहांनुमा पैलेस में भोपाल इंस्टीट्यूट ऑफ गैस्ट्रोएंटरोलॉजी एवं गैस्ट्रोकेयर मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल द्वारा आयोजित 11वां एनुअल नेशनल कॉन्फ्रेंस बिग अपडेट 2026 इंफेकॉन का भव्य शुभारंभ हुआ। देशभर से आए वरिष्ठ चिकित्सकों, गैस्ट्रोएंटरोलॉजिस्ट, फिजिशियन, सर्जन और युवा डॉक्टरों की मौजूदगी में संक्रमण से जुड़ी आधुनिक चुनौतियों और उपचार की नई दिशाओं पर मंथन शुरू हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुआ। सम्मेलन के पहले दिन विशेषज्ञों ने साफ कहा कि आज संक्रमण केवल एक बीमारी नहीं, बल्कि तेजी से बदलती चिकित्सा चुनौती है, जिसमें समय पर पहचान, सही एंटीबायोटिक उपयोग और वैज्ञानिक प्रबंधन सबसे अहम है। कॉन्फ्रेंस के ऑर्गेनाइजिंग चेयरमैन डॉ. संजय कुमार ने कहा कि चिकित्सा विज्ञान लगातार बदल रहा है और संक्रमण के क्षेत्र में नई चुनौतियां सामने आ रही हैं। ऐसे समय में डॉक्टरों का अपडेट रहना बेहद जरूरी है, ताकि मरीजों को विश्वस्तरीय उपचार मिल सके। उन्होंने कहा कि यह मंच अनुभव, शोध और आधुनिक ज्ञान को एक साथ जोड़ने का प्रयास है। पहले वैज्ञानिक सत्र में इन्फेक्शन और इंफ्लेमेशन में अंतर कैसे पहचाना जाए तथा सीआरपी और पीसीटी जांच की भूमिका पर विस्तृत चर्चा हुई। विशेषज्ञों ने बताया कि कई बार संक्रमण और सूजन के लक्षण समान दिखाई देते हैं, जिससे गलत उपचार का खतरा बढ़ जाता है। सही जांच और क्लिनिकल समझ से बेहतर निर्णय लिया जा सकता है। इसके बाद रेजिस्टेंट इंफेक्शन के बढ़ते मामलों पर चिंता जताई गई। वक्ताओं ने कहा कि एंटीबायोटिक दवाओं के अनुचित उपयोग से बैक्टीरिया दवाओं के प्रति प्रतिरोधक बनते जा रहे हैं, जो आने वाले समय में गंभीर संकट बन सकता है। डॉक्टरों ने जिम्मेदार एंटीबायोटिक उपयोग पर जोर दिया विशाखापट्टनम से आए डॉ. चालापथि राव आचार्य ने कहा, ऐसे राष्ट्रीय चिकित्सा सम्मेलन केवल ज्ञान साझा करने का मंच नहीं होते, बल्कि यह भविष्य की बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था की दिशा तय करते हैं।

### हरियाणा से मणिपुर भेजी जा रही थी शराब, ट्रक समेत 20 लाख रुपये की 237 पेटी बरामद

**ग्रेटर नोएडा, एजेंसी।** आबकारी विभाग की टीम ने शनिवार रात ग्रेटर नोएडा के नॉलेज



पार्क क्षेत्र में एक बड़ी शराब तस्करी की कोशिश को नाकाम कर दिया। टीम को सूचना मिली कि शारदा गोल चक्कर से रेलवे क्रॉसिंग की ओर जाने वाले रास्ते पर एक संदिग्ध अशोक लीलैंड ट्रक लकड़ी के बाक्स में शराब छिपाकर ले जा रहा है। तुरंत कार्रवाई करते हुए आबकारी अधिकारियों ने ट्रक को रोका और उसकी तलाशी ली। तलाशी के दौरान ट्रक में लकड़ी के बाक्स के अंदर 237 पेटी हरियाणा मार्का शराब बरामद की गई। शराब की कुल कीमत लगभग 20 लाख रुपये बताई जा रही है। आबकारी विभाग की टीम ने पूरे ट्रक को जब्त कर लिया। मौके पर मौजूद ट्रक चालक लाखाराम को गिरफ्तार कर लिया। वह राजस्थान के बाड़मेर जिले के ग्राम कानासर का निवासी है। पूछताछ में लाखाराम ने बताया कि वह ऑटो पार्ट्स की फर्जी बिल्टी बनाकर यह शराब हरियाणा से बिहार और बंगाल के रास्ते होते हुए मणिपुर ले जा रहा था। अधिकारी सुबोध कुमार ने इस मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि गिरफ्तार चालक लाखाराम, ट्रक मालिक और संबंधित डिस्टलरी के खिलाफ थाना नॉलेज पार्क मामला दर्ज कराया गया है। पुलिस और आबकारी विभाग की टीम अब इस शराब तस्करी के पूरे नेटवर्क की जांच कर रही है। यह देखा जा रहा है कि शराब कहां से आई, किस डिस्टलरी से सप्लाई हुई और आगे कहां-कहां भेजी जाने वाली थी। तस्करों के अन्य साथियों की भी तलाश की जा रही है।

# चार बच्चे पैदा करें हिंदू, एक आरएसएस को समर्पित कर दें:बाबा बागेश्वर

## कांग्रेस ने लगाया शिवाजी के अपमान का आरोप

**मुंबई, एजेंसी।** बाबा बागेश्वर के नाम से मशहूर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने एक बार फिर अपने बयान से चौंकाया है। बागेश्वर धाम के प्रमुख धीरेंद्र शास्त्री ने कहाकि हिंदुओं के कम से कम चार बच्चे होने चाहिए। इनमें से एक बच्चे को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) को समर्पित करना चाहिए। बाबा बागेश्वर ने शुक्रवार को डॉ. अबाजी थट्टे सेवा और अनुसंधान संस्थान द्वारा प्रस्तावित 'भारत दुर्गा मंदिर' के शिलान्यास समारोह में हिंदुओं से अपनी आबादी बढ़ाने का आह्वान किया। उन्होंने कहाकि यह धर्म और राष्ट्र की रक्षा के लिए आवश्यक है। इस दौरान आरएसएस चीफ मोहन भागवत, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और महाराष्ट्र के सीएम फडणवीस समेत कई अन्य लोग मौजूद थे।

आबादी को लेकर सचेत रहें हिंदू

धीरेंद्र शास्त्री ने आगाह किया कि यदि हिंदू अपनी आबादी को लेकर सचेत नहीं रहे तो भविष्य में अस्तित्व का संकट खड़ा हो सकता है। उन्होंने कहा कि हिंदुओं के कम से कम चार बच्चे होने चाहिए और उनमें से एक को आरएसएस को समर्पित करना चाहिए। उन्होंने दावा किया कि एक बार भारत दुर्गा मंदिर पूरा हो जाने के बाद भारत 'अखंड भारत' (अविभाजित भारत) बनने की दिशा में आगे बढ़ेगा। उन्होंने ऐतिहासिक हस्तियों का संदर्भ देते हुए देशभक्ति की भावना को रेखांकित करने के लिए छत्रपति शिवाजी महाराज और समर्थ रामदास स्वामी के बीच के संबंधों का उदाहरण दिया। उन्होंने



यह भी उल्लेख किया कि हाल के दिनों में कई हिंदुत्व नेताओं ने आबादी में असंतुलन को लेकर चिंताएं जताई हैं।

वहीं, महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल ने शनिवार को प्रवचनकर्ता धीरेंद्र शास्त्री पर छत्रपति शिवाजी महाराज को समर्थ रामदास से जोड़कर उनका अपमान करने का आरोप लगाया। उन्होंने एक प्रेस वार्ता में कहाकि शिवाजी महाराज और रामदास स्वामी को आपस में न जोड़ें। वे अलग-अलग कालखंडों से संबंधित हैं। यह भाजपा द्वारा इतिहास को विकृत करने का जानबूझकर किया गया प्रयास है।

सपकाल ने आरोप लगाया कि छत्रपति शिवाजी महाराज का अपमान करना भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की राष्ट्रीय नीति है। उन्होंने कहाकि महाराष्ट्र की जनता शिवाजी महाराज के प्रति किसी भी प्रकार का अपमान बर्दाश्त नहीं करेगी। धीरेंद्र शास्त्री, (मुख्यमंत्री) देवेंद्र फडणवीस, (केंद्रीय मंत्री) नितिन गडकरी और आरएसएस प्रमुख मोहन भगवत को महाराष्ट्र से सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने दावा किया कि हालांकि शास्त्री ने इन नेताओं की उपस्थिति में अत्यंत आपत्तिजनक टिप्पणियां कीं, लेकिन उनमें से किसी ने भी बुनियादी विरोध तक दर्ज नहीं कराया।

कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि आरएसएस के विचारक एमएस गोलवलकर और हिंदुत्ववादी नेता वीडी सावरकर के लेखन में शिवाजी महाराज और छत्रपति संभाजी महाराज के बारे में आपत्तिजनक संदर्भ शामिल हैं। शास्त्री ने कथित तौर पर कहा था कि शिवाजी महाराज ने वर्षों के युद्ध के बाद अपने गुरु समर्थ रामदास से संपर्क किया और अपनी जिम्मेदारियों का त्याग करके विश्राम करने की इच्छा व्यक्त की। शास्त्री ने यह भी दावा किया कि समर्थ रामदास ने छत्रपति शिवाजी द्वारा उन्हें भेंट किया गया मुकुट उनके सिर पर वापस रख दिया और उन्हें शासन जारी रखने का निर्देश देते हुए याद दिलाया कि सच्ची सेवा व्यक्तिगत थकावट के बावजूद अपने दायित्वों को पूरा करने में निहित है। शास्त्री द्वारा की गई टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया देते हुए मुख्यमंत्री फडणवीस ने दिन में पहले कहाकि हमारे द्वारा पढ़े गए इतिहास या उपलब्ध पुस्तकों में ऐसा कोई उदाहरण नहीं है।

## हिमाचल में हजारों कर्मचारियों को बड़ी राहत

# हाईकोर्ट ने रद्द किया सुक्खू सरकार का एक बड़ा फैसला

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण और व्यापक असर वाले फैसले में सुक्खू सरकार को झटका देते हुए हिमाचल प्रदेश भर्ती और सरकारी कर्मचारियों की सेवा की शर्त अधिनियम, 2024 को पूरी तरह रद्द कर दिया है। यह फैसला न्यायाधीश विवेक सिंह ठाकुर और रोमेश वर्मा की खंडपीठ ने शनिवार को सुनाया, जिसमें एक साथ 445 याचिकाओं का निपटारा किया गया। सुक्खू सरकार ने साल 2024 में विधानसभा के शीतकालीन सत्र में इस अधिनियम को पारित किया था। इसके विरोध में कई कर्मचारियों ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। अदालत ने अपने फैसले में स्पष्ट कहा कि अधिनियम की धारा 3, 5 और 9 संविधान के मूल ढांचे के खिलाफ हैं। कोर्ट के अनुसार इन धाराओं को हटाने के बाद कानून में कोई ठोस प्रावधान नहीं बचता, इसलिए पूरे अधिनियम को निरस्त करना ही उचित है। अदालत ने यह भी कहा कि राज्य सरकार द्वारा इस अधिनियम के आधार पर की गई सभी कार्रवाई असंवैधानिक और अमान्य मानी जाएगी। कोर्ट ने अपने आदेश में साफ किया कि कर्मचारियों से पहले दिए गए वित्तीय लाभों को वापस लेने, उन्हें देने से इनकार करने या वसूली से जुड़े सभी आदेश और निर्देश अब रद्द माने जाएंगे। साथ ही राज्य सरकार और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे अदालतों के पूर्व फैसलों के अनुरूप कर्मचारियों को उनके सभी लाभ तीन महीने के भीतर उपलब्ध कराएं। दरअसल, यह मामला उन हजारों कर्मचारियों से जुड़ा है जिन्हें वर्ष 2003 के बाद अनुबंध के आधार पर नियुक्त किया




गया था। बाद में इन कर्मचारियों को नियमित तो कर दिया गया, लेकिन उनकी अनुबंध अवधि को नियमित सेवा में नहीं जोड़ा गया और उन्हें उस आधार पर मिलने वाले वित्तीय लाभ भी नहीं दिए गए। इसी को लेकर कर्मचारियों ने अदालत का रुख किया था। कर्मचारियों ने अपनी दलीलों में कहा कि वे इस मामले में सुप्रीम कोर्ट तक जा चुके हैं और वहां से उन्हें राहत भी मिली थी। इसके बावजूद राज्य सरकार ने 2024 में यह अधिनियम लागू किया और 17 जुलाई 2025 को इसके तहत आदेश जारी कर पहले से मिले लाभों को वापस लेने की प्रक्रिया शुरू कर दी। याचिकाकर्ताओं का कहना था कि सरकार को कानून बनाने का अधिकार जरूर है, लेकिन वह कानून के जरिए अदालत के फैसलों को पलट नहीं सकती। उन्होंने इसे न्यायपालिका के अधिकार क्षेत्र में दखल बताया।

# बसपा के 3 वरिष्ठ नेताओं के निष्कासन की खबरें फेक और तथ्यहीन: मायावती

**लखनऊ, एजेंसी।** यूपी की पूर्व मुख्यमंत्री और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने पार्टी के तीन वरिष्ठ नेताओं के निष्कासन की खबरों को पूरी तरह फेक और तथ्यहीन बताया है। मायावती ने इस संबंध में वायरल हो रहे पत्र का खंडन किया है। बसपा प्रमुख मायावती ने सोशल मीडिया



प्लेटफार्म 'एक्स' पर शनिवार की रात पोस्ट लिखकर इस संबंध में स्थिति स्पष्ट की। इस पोस्ट में मायावती ने लोगों से इस खबर पर ध्यान न देने और मीडिया से ऐसी खबरों के प्रति सावधानी बरतने की अपील की है। 'एक्स' पर अपनी पोस्ट में बसपा प्रमुख मायावती ने लिखा, 'जैसा कि सर्वविदित है कि बी.एस.पी. अध्यक्ष, ज़िला ग़ाज़ियाबाद द्वारा कल जय प्रकाश सिंह को तथा बी.एस.पी. अध्यक्ष, ज़िला बुलन्दशहर द्वारा आज धर्मवीर सिंह अशोक, पूर्व विधायक को पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त होने के कारण पार्टी से निष्कासित कर दिया गया, जिसकी काफी चर्चा मीडिया में है, लेकिन आज ही बाद में पाटी के तीन वरिष्ठ लोगों – मेवालाल गौतम, मुनक़ाद अली और नौशाद अली – को पार्टी से निष्कासित करने वाला बी.एस.पी. अध्यक्ष, ज़िला बुलन्दशहर के जाली लेटरपैड पर जारी प्रेस विज्ञप्ति पूर्णत : फेक व फ़र्ज़ी है ।इसीलिये उस पर क़तई ध्यान नहीं दिया जाये। मीडिया भी ऐसे तथ्यहीन ख़बरों से बचे तथा आगे ऐसे फेक ख़बरों पर ज़रूरी सावधानी बरते अर्थात् पुष्टि/सत्यापन ज़रूर कर ले तो यह उचित होगा।' बता दें कि बुलंदशहर बसपा के जिलाध्यक्ष रवींद्र प्रधान द्वारा एक पत्र जारी किया था जिसमें पूर्व एमएलसी धर्मवीर सिंह को पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त होने और पार्टी में अनुशासनहीनता अपनाने के कारण बसपा से निष्कासित किए जाने की बात लिखी थी।

# चारमीनार एक्सप्रेस में अचानक लगी आग, भट्टी की तरह जलने लगा कोच; मची अफरा-तफरी

**भुवनगिरी , एजेंसी।** तेलंगाना के यदाद्री भुवनगिरी जिले में चारमीनार एक्स्प्रेस में अचानक आग लग गई। ट्रेन के एक कोच से अचानक तेज लपटें उठने लगीं। जानकारी के मुताबिक उस समय ट्रेन अलेर रेलवे स्टेशन के पास थी। सूत्रों का कहना है कि घटना के वक्त ट्रेन की रफ्तार ज्यादा नहीं थी। यह धीमी गति से आगे बढ़ रही थी। शुरुआती जानकारी के मुताबिक आग एस-5 कोच में लगी थी। इसेक बाद अफरा-तफरी मच गई और लोग बाहर निकलने लगे। किसी यात्री के हताहत होने की सूचना फिलहाल नहीं है।

सोशल मीडिया पर ट्रेन में आग लगने के वीडियो वायरल हो रहे हैं। इसमें देखा जा सकता है कि कोच से पहले धुआं उठता है और फिर आग की लपटें खिड़कियों से निकलने लगती है। थोड़ी ही देर में ट्रेन का कोच भट्ठी बन जाता है। चेन की खींचने की वजह से ट्रेन रुक गई। हालांकि कई यात्री ट्रेन रुकने से पहले ही बाहर कूद गए। ट्रेन की रफ्तार ज्यादा ना होने की वजह से बड़ा हादसा टल गया। आग लगने की वजह अब तक साफ नहीं हो पाई है। जानकारी के मुताबिक अफरा-तफरी मच गई। कुछ यात्रियों ने चेन खींच दी। वहीं ट्रेन रुकने से पहले ही कई



रेलवे के अधिकारी मौके पर पहुंचे हैं और जांच कर रहे हैं। इसके अलावा दमकल की गाड़ियों के प्रयास से आग को बुझा दिया गया है। जानकारों का कहना है कि शॉर्ट सर्किट की वजह से ट्रेन में आग लग सकती है। कोच में आग लगने के बाद धुआं उठा तो यात्रियों में यात्री खिड़कियों से कूदने लगे। बता दें कि कई बार ट्रेन की तेज गति इस तरह के हादसों को अधिक संगीन बना देती हैं। हालांकि ट्रेन रेलवे स्टेशन के ही पास थी और इसकी गति ज्यादा नहीं थी। इसलिए यह जल्दी रुक भी गई और आग बाकी के कोचों तक नहीं फैली।

# बीजेपी बकासुरों की पार्टी बन गई, जो सब कुछ निगल जाती है: संजय राउत

**मुंबई, एजेंसी।** राघव चड्ढा समेत आम आदमी पार्टी के 2/3 राज्यसभा सांसदों के बीजेपी में शामिल होने पर शिवसेना (यूबीटी) ने निशाना साधा। संजय राउत ने शनिवार को कहा, 'सबको पता है कि बीजेपी कैसी राजनीति कर रही है। उनकी राजनीति को एक शब्द में कहें तो वह बेशर्म है। उन्हें कोई शर्म नहीं है। क्योंकि ये वही लोग हैं, जैसे राघव चड्ढा, जो कल तक हमारे दोस्त थे और खुलेआम कहते थे कि बीजेपी गुंडों, बदमाशों और भ्रष्ट लोगों की पार्टी है। और आज वही लोग थोक में उसी पार्टी में शामिल हो गए हैं।' संजय राउत ने कहा कि महाभारत में एक राक्षस था - बकासुर। उसकी भूख कभी खत्म नहीं होती थी, उसका पेट कभी नहीं भरता था। बीजेपी अब बकासुरों की पार्टी बन गई है, जो सब कुछ निगल जाती है। उन्होंने कहा, 'राघव चड्ढा जैसे सात लोग उस नरक जैसी पार्टी में शामिल हो गए हैं। हमें इसका कोई अफसोस नहीं है। उन्हें जल्द ही पता चल जाएगा कि नरक कैसा होता है। विपक्ष कभी कमजोर नहीं होगा। ये छह-सात लोग जो गए हैं, वे कोई जननेता नहीं हैं। ये सिर्फ सोशल मीडिया के पेज-3 नेता हैं, इससे ज्यादा कुछ नहीं।'आम आदमी पार्टी से बगावत कर भाजपा में शामिल हुईं स्वाति मालीवाल ने शनिवार को आरोप लगाया कि उनकी पूर्व पार्टी अपने मूल सिद्धांतों से भटक गई है और इसके नेता अरविंद केजरीवाल अब पहले जैसे नहीं हैं। दिल्ली



में सत्ता गंवाने के महज एक साल बाद,क्क को शुक्रवार को उस समय सबसे बड़ा झटका लगा, जब राघव चड्ढा और मालीवाल समेत 7 राज्यसभा सदस्यों ने एक साथ पार्टी छोड़ दी। बागियों में पार्टी संगठन के अहम चेहरे संदीप पाठक, पूर्व क्रिकेटर हरभजन सिंह, अशोक मित्तल, राजिंदर गुप्ता और विक्रम साहनी भी शामिल हैं। शनिवार को कहा कि पार्टी सातों बागी सांसदों को राज्यसभा से अयोग्य घोषित कराने के लिए राज्यसभा के सभापति को पत्र लिखेगी। संजय सिंह ने कहा, 'दल-बदल रोधी कानून स्पष्ट रूप से कहता है कि राज्यसभा और लोकसभा में किसी भी प्रकार का विभाजन या गुटबंदी नहीं हो सकती। इसे कोई कानूनी मान्यता नहीं मिलती, भले ही दो-तिहाई बहुमत हो।' उन्होंने शुक्रवार को इस पूरे घटनाक्रम को भाजपा के ऑपरेशन लोटस का हिस्सा बताते हुए कहा था कि पंजाब की जनता इन सातों को कभी माफ नहीं करेगी।

# मैं बेल पर हूं, मुझ पर 36 केस, ममता बनर्जी पर क्यों नहीं?: राहुल गांधी

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए प्रचार अपने चरम पर है। शनिवार को बंगाल में एक रैली के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने ममता बनर्जी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऊपर जमकर हमला बोला। उन्होंने टीएमसी और भाजपा के ऊपर मिलीभगत का आरोप लगाते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने उनके ऊपर दर्जनों केस करवा रखे हैं, लेकिन ममता बनर्जी के ऊपर कोई केस नहीं है। पूरा देश जानता है कि टीएमसी भ्रष्टाचार में धंसी हुई है, इसके बाद भी इसके नेताओं के ऊपर कोई जांच नहीं है। राहुल ने कहा की ऐसा इसलिए है क्योंकि भाजपा जानती है कि असली लड़ाई टीएमसी से नहीं है बल्कि कांग्रेस से है।

पश्चिम बंगाल चुनाव के मद्देनजर कोलकाता में एक रैली को संबोधित कर रहे राहुल गांधी ने ममता सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने अपना उदाहरण देते हुए कहा कि मैं अभी बेल पर हूं। उन्होंने कहा, 'आज में यहां आया हूं, मैं बेल पर हूं। नरेंद्र मोदी ने मेरा घर ले लिया। मेरे ऊपर केस कर दिए गए। मेरा सरकारी घर ले लिया गया। मेरी लोकसभा की सदस्यता रद्द कर



दी गई। ईडी ने मेरा 55 घंटे इंटेरोगेशन किया। आखिर ममता दीदी के ऊपर कोई केस क्यों नहीं है। ईडी ने ममता बनर्जी का इंटेरोगेशन क्यों नहीं किया। '

कांग्रेस नेता ने अपने हमले को और भी ज्यादा तीखा करते हुए टीएमसी पर लगे आरोपों की फेहरिस्त खोल दी। उन्होंने कहा, 'पूरा बंगाल जानता है कि तृणमूल के नेता भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। इन्होंने शारदा चिटफंड घोटाला किया। 17 लाख से ज्यादा निवेशकों के पैसे डुबो दिए। इनका 1900 करोड़ रुपए देनदारी का बकाया है।

# गुरुग्राम के 51 सेक्टरों में होगा बुलडोजर ऐक्शन; अवैध निर्माण किए जाएंगे जमींदोज

**गुरुग्राम , एजेंसी।** गुरुग्राम के 51 सेक्टरों में अवैध निर्माण पर सोमवार से बुलडोजर चलेगा। हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) की तरफ से यह कार्रवाई की जाएगी। एचएसवीपी के संपदा अधिकारी एक और दो ने सेक्टर-तीन से लेकर सेक्टर-57 तक विकसित 49 सेक्टरों के अलावा सेक्टर-37सी और सेक्टर-110ए के निवासियों से आग्रह किया है कि वह खुद अतिक्रमण हटा लें। शुक्रवार को एचएसवीपी की संपदा अधिकारी डॉ. अनुपमा मलिक ने सेक्टर-34 स्थित अपने कार्यालय में एक वार्ता को संबोधित किया।

उन्होंने बताया कि 27 अप्रैल से लेकर आठ मई तक तोड़फोड़ की जाएगी। इसको लेकर पांच टीम का गठन किया है, जो अलग-अलग सेक्टरों में तोड़फोड़ करेगी। उन्होंने बताया कि 27 अप्रैल और 28 अप्रैल को सेक्टर-24, 25ए, 27, 43, 31-32ए और 30 में तोड़फोड़ होगी।

29 अप्रैल और 30 अप्रैल को सेक्टर-39, 45, 28, 42 और 51 में बुलडोजर चलेगा। डॉ. मलिक के मुताबिक चार मई और पांच मई को सेक्टर-57, 49, 50, 38, 46, 40 और 41 में तोड़फोड़ की कार्रवाई की जाएगी। सेक्टर-52, 47, 55, 56, 52ए और 53 में छह मई और सात मई को बुलडोजर चलेगा।




## चलेगा बुलडोजर

इस दौरान सड़कों पर अवैध रूप बनाए गए किचन गार्डन, निजी पार्क, गमलों, मकानों के ऊंचे रैंप, रेहड़ियों, क्योसक के अलावा अन्य अतिक्रमण और अवैध निर्माण को तोड़ा जाएगा। यह कार्रवाई 29 सेक्टरों में होगी। एचएसवीपी के संपदा अधिकारी-एक राकेश सैनी ने बताया कि उनके कार्यालय अधीन आ रहे 22 सेक्टरों में सोमवार से बुलडोजर चलाया जाएगा। यह कार्रवाई एक जुलाई तक चलेगी। सोमवार को सेक्टर-21 से कार्रवाई की शुरूआत की जाएगी। 28 अप्रैल को भी इस सेक्टर में अभियान चलाया जाएगा। 30 अप्रैल और एक मई को सेक्टर-चार, चार मई को सेक्टर-पांच, छह मई को सेक्टर-तीन, आठ मई को सेक्टर-छह, 11 मई और 14 मई को सेक्टर-सात, 15 और 18 मई को सेक्टर-सात एक्सटेंशन, 19 और 20 मई को सेक्टर-नौ, 21 और 22 मई को सेक्टर-नौए, 25 मई और 26 मई को सेक्टर-10, 28 मई और 29 मई को सेक्टर-10ए, एक जून और दो जून को सेक्टर-12ए, तीन जून और चार जून को सेक्टर-14, पांच जून और आठ जून को सेक्टर-15 के पार्ट एक, नौ जून और 10 जून को सेक्टर-15 के पार्ट दो समेत कई स्थानों पर तोड़फोड़ होगी। संपदा अधिकारी-दो डॉ. अनुपमा मलिक ने बताया कि तोड़फोड़ कार्रवाई के दौरान कब्जा प्रमाण पत्र का उल्लंघन कर रहे मकानों की सूची बनेगी।

# मैड्रिड ओपन 2026: मैच के दौरान तबीयत बिगड़ने पर इगा स्वियाटेक टूर्नामेंट से बाहर

**नई दिल्ली।** मैड्रिड ओपन 2026 में बड़ा उलटफेर देखने को मिला, जब दुनिया की चौथे नंबर की खिलाड़ी इगा स्वियातेक को मैच के बीच में ही टूर्नामेंट से हटना पड़ा। अमेरिकी खिलाड़ी Ann Li के खिलाफ खेलते हुए स्वियातेक ने अज्ञात बीमारी के चलते रिटायर हर्ट होने का फैसला किया।



**मैच का हाल: ली को मिला फायदा** - जब स्वियातेक ने मुकाबला छोड़ा, उस समय एन ली 7-6 (4), 2-6, 3-0 से आगे चल रही थीं। निर्णायक सेट में पिछड़ने के बाद स्वियातेक ने मेडिकल टाइमआउट लिया और कुछ देर बाद कोर्ट पर लौटीं, लेकिन अपनी स्थिति में सुधार न देख उन्होंने मैच से हटने का फैसला किया।

**डिफेंडिंग चैंपियन का सफर खत्म** - मैड्रिड ओपन 2024 की चैंपियन स्वियातेक इस बार खिताब की प्रबल दावेदार मानी जा रही थीं, लेकिन बीमारी के कारण उनका सफर समय से पहले ही समाप्त हो गया। इससे टूर्नामेंट में बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है।

**एन ली का शानदार प्रदर्शन** - इस जीत के साथ विश्व रैंकिंग में 34वें स्थान पर काबिज एन ली ने टॉप-10 खिलाड़ी के खिलाफ अपने करियर की दूसरी जीत दर्ज की। उनका अगला मुकाबला Leylah Fernandez से होगा, जहां वह अपनी लय बरकरार रखना चाहेंगी।

# 'हम पंजाब किंग्स के इस युवा खिलाड़ी की उतनी बात नहीं करते' : पूर्व भारतीय ओपनर

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय ओपनर दीप दासगुप्ता का मानना है कि पंजाब किंग्स के युवा विकेटकीपर-बल्लेबाज़ प्रभसिमरन सिंह को जितनी चर्चा मिलनी चाहिए, उतनी नहीं मिल रही। उन्होंने कहा, 'हम इस खिलाड़ी की उतनी बात नहीं करते, जितनी करनी चाहिए। पिछले सीजन के बाद भी उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया और इस साल भी वह लगातार रन बना रहे हैं। '

**'बहुत सेफ विकेटकीपर हैं प्रभसिमरन** '- दासगुप्ता ने प्रभसिमरन की विकेटकीपिंग की भी तारीफ करते हुए कहा, 'वह दुनिया के सबसे बेहतरीन विकेटकीपर नहीं हो सकते, लेकिन एक बहुत ही सेफ कीपर हैं। उनके पीछे खड़े होने से टीम को भरोसा मिलता है और वह ओपनर के तौर पर भी बड़ा फर्क पैदा कर रहे हैं।'

**शानदार फॉर्म में चल रहे हैं प्रभसिमरन** - Punjab Kings के लिए खेलते हुए प्रभसिमरन सिंह इस




सीजन में बेहतरीन फॉर्म में हैं। उन्होंने अब तक 6 पारियों में 287 रन बनाए हैं, जिसमें उनका औसत 57.40 और स्ट्राइक रेट 192.61 का रहा है। इस दौरान उन्होंने तीन अर्धशतक भी लगाए हैं, जिससे वह टीम के सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज़ बने हुए हैं।

**पावरप्ले में रिकॉर्डतोड़ बल्लेबाज़ी** - दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 266 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए प्रभसिमरन सिंह और Priyansh Arya ने पावरप्ले में तूफानी बल्लेबाज़ी की। दोनों ने मिलकर पहले 6 ओवर में 116 रन जोड़ दिए, जो आईपीएल इतिहास का सबसे बड़ा पावरप्ले स्कोर है। प्रभसिमरन ने सिर्फ 18 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया और पावरप्ले में ही 23 गेंदों पर 71 रन ठोक दिए।

**126 रन की साझेदारी और ऐतिहासिक रन चेज** - प्रभसिमरन और प्रियांश आर्या के बीच पहले विकेट के लिए सिर्फ 41 गेंदों में 126 रन की साझेदारी हुई, जिसने मैच का रुख पूरी तरह बदल दिया। प्रभसिमरन ने 26 गेंदों पर 76 रन बनाए, जिसमें 9 चौके और 5 छक्के शामिल थे। इस शानदार शुरुआत के दम पर पंजाब किंग्स ने 266 रन का लक्ष्य 6 विकेट रहते और 7 गेंद शेष रहते हासिल कर लिया।

**पंजाब किंग्स की लगातार जीत** - इस जीत के साथ पंजाब किंग्स ने टूर्नामेंट में अपनी लगातार जीत का सिलसिला जारी रखा। टीम अब तक खेले गए सभी मैच जीतकर पॉइंट्स टेबल में शीर्ष स्थान पर बनी हुई है, जिससे उनका आत्मविश्वास काफी ऊंचा है।



इन चीजों से करते हैं परहेज

# 41 की उम्र में युवा खिलाड़ियों को मात देते क्रिस्टियानो रोनाल्डो

**लिस्बन।** पुर्तगाल के दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो 41 की उम्र में अपनी फुर्ती से कई युवा खिलाड़ियों को मात दे देते हैं। वह अपने खेल का स्तर शीर्ष पर बनाए रखे हैं। इस फिटनेस का राज उनकी अनुशासित दिनचर्या और सख्त डायट में छुपा है।

## दूध को डायट से रखते हैं दूर

रोनाल्डो अपनी डायट से दूध को पूरी तरह बाहर रखते हैं। वह प्रोटीन, सब्जियों और हैल्दी फैट्स पर जोर देते हैं। वहीं, चीनी और आटे से बनीं चीजों से परहेज करते हैं। उनके पूर्व निजी शेफ जियोर्जियो बारोने के अनुसार, रोनाल्डो के डाइट से दूध को न सिर्फ परफॉर्मेंस के कारण बल्कि मान्याताओं के चलते पूरी तरह हटा दिया गया है। वह कहते हैं, इंसान ही है जो दूसरे जानवरों का दूध पीता है। कोई भी अन्य जानवर तीन महीने के बाद दूध नहीं पीता। यह प्रकृति में कहीं नहीं पाया जाता। लेकिन इंसान 30, 40, 50 और 60 साल की उम्र तक दूध पीते रहते हैं और मेरे विचार में यह गलत है। रोनाल्डो थोड़ा-थोड़ा सब कुछ खाते हैं, लेकिन जोर हमेशा हेल्दी चीजों पर रहता है।

## जीवनशैली : नींद और बर्फीले पानी से नहाने को प्राथमिकता

दूध को प्रोटीन, कैल्शियम और विटामिन्स से भरपूर सुपर ड्रिंक माना जाता है, फिर भी रोनाल्डो ने इसे पूरी तरह अपने जीवनशैली से बाहर रखा है। इससे उनके शरीर में फैट का स्तर 10 प्रतिशत से नीचे बना रहता है और वह फिट रहते हैं। उनका रूटीन सिर्फ खाने तक सीमित नहीं, वह रिकवरी के तरीकों जैसे नींद और बर्फ के पानी से नहाने को भी प्राथमिकता देते हैं।

## ये है रोनाल्डो की डायट

| | |
|---|---|
| *नाश्ते में -* | *एवाकाडो, कॉफी, अंडे, हैम और फल* |
| *लंच में-* | *चिकन, मछली, ऑलिव्स, सलाद* |
| *डिनर में -* | *मछली या मीट और हरी सब्जियां* |
| *(आटे से बनी चीजें, पास्ता, ब्रेड उनकी डायट का हिस्सा नहीं)* | |

# जब प्रीति जिंटा से गले लगकर गदगद हुए चहल, सोशल मीडिया पर मची हलचल



**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2026 का 35वां मुकाबला दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब किंग्स के बीच खेला गया। अरुण जेट्ली स्टेडियम में खेले गए मैच में पंजाब ने दिल्ली को छह विकेट से हराकर आईपीएल इतिहास का सबसे बड़ा रन चेज किया। पंजाब किंग्स की शानदार जीत के जश्न में टीम की सह-मालकिन प्रीति जिंटा भी शामिल हुईं। सोशल मीडिया पर उनकी तमाम तस्वीरें वायरल हो रही हैं।

## पंजाब की शानदार जीत

पंजाब किंग्स ने दिल्ली कैपिटल्स को छह विकेट से हराकर आईपीएल इतिहास का सबसे बड़ा रन चेज किया। दिल्ली ने केएल राहुल के नाबाद 152 रन की बदौलत 20 ओवर में दो विकेट पर 264 रन बनाए। जवाब में पंजाब के लिए प्रभसिमरन सिंह और कप्तान श्रेयस अय्यर ने अर्धशतक लगाए जिससे टीम ने 18.5 ओवर में चार विकेट पर 265 रन बनाकर मैच अपने नाम किया। आईपीएल का यह सबसे सफल रन चेज है। ये रिकॉर्ड पहले भी पंजाब के ही नाम था जिन्होंने 2024 में केकेआर के खिलाफ दो विकेट पर 262 रन बनाए थे। अब पंजाब ने अपने इस रिकॉर्ड में सुधार किया है।

## अजेय अभियान जारी

पंजाब का आईपीएल 2026 में अजेय अभियान जारी है और वह अंक तालिका में शीर्ष पर बरकरार है। पंजाब के लिए प्रभसिमरन सिंह ने सबसे ज्यादा 26 गेंदों पर नौ चौकों और पांच छक्कों की मदद से 76 रन बनाए, जबकि श्रेयस 36 गेंदों पर तीन चौकों और सात छक्कों के सहारे 71 रन बनाकर नाबाद रहे। दिल्ली के लिए कुलदीप यादव ने दो विकेट झटके, जबकि अक्षर पटेल और विपराज निगम को एक-एक सफलता मिली।

## प्रीति जिंटा भी हुईं जीत के जश्न में शामिल



टीम की इस ऐतिहासिक जीत के बाद मैदान पर जश्न का माहौल देखने लायक था। खिलाड़ियों के साथ-साथ टीम की सह-मालकिन प्रीति जिंटा भी बेहद उत्साहित नजर आईं और उन्होंने मैदान पर आकर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। इस दौरान एक खास पल तब देखने को मिला जब युजवेंद्र चहल ने प्रीति जिंटा को गले लगाकर अपनी खुशी जाहिर की। यह भावुक और खुशनुमा पल कैमरों में कैद हो गया और देखते ही देखते सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। फैंस इस तस्वीर को खूब पसंद कर रहे हैं और अलग-अलग प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं।

# लीग चरण में आधे से ज्यादा मैच हुए पूरे, चार टीमों का दबदबा; कोहली से छिनी ऑरेंज कैप

**नई दिल्ली ।** आईपीएल 2026 में कुल 70 लीग चरण के मुकाबले खेले जाने हैं सभी 10 टीमों ने आधा सफर तय कर लिया है। पहले चरण में पंजाब किंग्स का दबदबा देखने को मिला क्योंकि इस टीम ने अभी तक एक भी मैच नहीं गंवाया है और वह शीर्ष पर बनी हुई है। अब यहां से आईपीएल का मौजूदा सीजन रोमांचक हो जाएगा क्योंकि अब प्लेऑफ की दौड़ बेहद कठिन होगी। यहां से जो भी टीम मैच हारेगी, उसके लिए आगे का सफर मुश्किल होता चला जाएगा।



आईपीएल 2026 में शनिवार को दो मैच खेले गए। पहले मैच में पंजाब किंग्स ने रिकॉर्ड 265 रन का लक्ष्य हासिल किया, तो दूसरे मैच में सनराइजर्स हैदराबाद ने 229 रन का लक्ष्य हासिल किया। आइए देखते हैं कि राजस्थान रॉयल्स और सनराइजर्स हैदराबाद के मैच के बाद अंक तालिका में कौन सी टीम किस स्थान पर है और ऑरेंज और पर्पल कैप फिलहाल किस खिलाड़ी के पास है...

**पंजाब शीर्ष पर बरकरार** - अंक तालिका में पंजाब किंग्स ने अपना दबदबा बरकरार रखा है। पंजाब सात मैचों से 13 अंक लेकर पहले स्थान पर है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) सात मैचों से 10 अंक लेकर दूसरे, सनराइजर्स हैदराबाद आठ मैचों से 10 अंक लेकर तीसरे और राजस्थान रॉयल्स आठ मैचों से 10 अंक लेकर चौथे स्थान पर है। चेन्नई सुपर किंग्स सात मैचों से छह अंक लेकर पांचवें, दिल्ली कैपिटल्स सात मैचों से 6 अंक लेकर छठे, गुजरात टाइटंस सात मैचों से छह अंक लेकर सातवें, मुंबई इंडियंस सात मैचों से चार अंक लेकर आठवें, लखनऊ सुपर जाएंट्स सात मैचों से चार अंक लेकर नौवें, और कोलकाता नाइट राइडर्स सात मैचों से तीन अंक लेकर 10वें स्थान पर है। समान अंक के बावजूद टीमों की रैंकिंग में नेट रन रेट की वजह से अंतर है।

**ऑरेंज-पर्पल की दौड़ में कौन आगे** - ऑरेंज कैप सनराइजर्स हैदराबाद के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा के पास है। अभिषेक ने राजस्थान के खिलाफ 29 गेंदों पर 57 रन की पारी खेलकर इसे हासिल किया। अभिषेक के आठ मैचों की आठ पारियों में 380 रन हो गए हैं। इसमें 36 चौके और 28 छक्के शामिल हैं। केएल राहुल सात मैचों की सात पारियों में 357 रन बनाकर दूसरे और वैभव सूर्यवंशी आठ मैचों में 357 रन बनाकर तीसरे स्थान पर हैं। मालूम हो कि शनिवार को केएल राहुल और वैभव दोनों ने शतक लगाया था, लेकिन दोनों की टीमों को हार का सामना करना पड़ा। पंजाब के खिलाफ दिल्ली के लिए राहुल ने 67 गेंदों पर नाबाद 152 रन की पारी खेली थी, जबकि राजस्थान के वैभव ने हैदराबाद के खिलाफ 37 गेंदों पर 103 रन बनाए थे। सीएसके के अंशुल कंबोज के पास पर्पल कैप है। कंबोज ने सात मैचों में 14 विकेट लिए हैं।

# पुरुष टी20 में सबसे कम पारियों में वैभव सूर्यवंशी ने जड़े चार शतक, IPL में दूसरी बार लगाया सैकड़ा




**जयपुर ।** राजस्थान रॉयल्स के युवा विस्फोटक बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने धमाकेदार प्रदर्शन करते हुए शानदार शतकीय पारी खेली। इस दौरान उन्होंने बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली। वह पुरुष टी20 में सबसे कम पारियों में चार शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए।

**वैभव ने हासिल की बड़ी उपलब्धि** - सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ खेले गए आईपीएल मुकाबले में 15 वर्षीय बल्लेबाज वैभव ने 36 गेंदों में अपने आईपीएल करियर का दूसरा शतक पूरा किया। इससे पहले उन्होंने 15 गेंदों में अपना अर्धशतक जड़ा। वह पुरुष टी20 में सबसे कम पारियों में चार शतक जड़ने वाले पहले बल्लेबाज बन गए। उन्होंने 26 टी20 पारियों में चार शतक जड़े। इस मामले में उन्होंने उस्मान खान (33 पारियां), साई सुदर्शन (72 पारियां), क्रिस गेल (77 पारियां) और माइकल क्लिंगर (88 पारियां) को पीछे छोड़ा।

# रियान पराग की फॉर्म से चिंतित नहीं बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़, जल्द बड़ी खेलने की उम्मीद जताई

**जयपुर ।** राजस्थान रॉयल्स के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ने कहा कि कप्तान रियान पराग का आईपीएल के वर्तमान सत्र में पहले आठ मैचों में निराशाजनक प्रदर्शन चिंता का विषय नहीं है और उम्मीद जताई कि वह जल्द ही बड़ा स्कोर बनाने में सफल रहेंगे। भारतीय टीम के नियमित खिलाड़ी यशस्वी जायसवाल और ध्रुव जुरेल की मौजूदगी के बावजूद राजस्थान रॉयल्स की कप्तानी के लिए रियान का चयन चर्चा का विषय रहा है। उन्होंने आठ मैचों में 112.82 के स्ट्राइक रेट से सिर्फ 88 रन बनाए हैं, जिसमें उनका सर्वोच्च स्कोर 20 है। राठौड़ बोले- रियान की बल्लेबाजी में कोई खामी नहीं राठौड़ ने कहा, रियान की बल्लेबाजी में कोई खामी नहीं है। वह अभ्यास के दौरान अच्छी बल्लेबाजी कर रहे हैं। वह कड़ी मेहनत कर रहे हैं। कभी-कभी खेल में ऐसा ही होता है। कभी-कभी आप ऐसे दौर से गुजरते हैं जहां आप उतने रन नहीं बना पाते जितने बनाना चाहते हैं। लेकिन मुझे लगता है कि यह खेल का हिस्सा है। वह वापसी करेंगे और मजबूत वापसी करेंगे। मुझे पूरा यकीन है। हम उनकी बल्लेबाजी को लेकर चर्चा कर रहे हैं। वैभव सूर्यवंशी (234 से अधिक के स्ट्राइक रेट से 357 रन), यशस्वी जायसवाल (153 के स्ट्राइक रेट से 255 रन) और ध्रुव जुरेल (130 से अधिक के स्ट्राइक रेट से 232 रन) के शानदार प्रदर्शन के सामने रियान का प्रदर्शन फीका पड़ जाता है। वह रवींद्र जडेजा (132) और डोनोवन फरेरा (130) से भी पीछे हैं।

# एनगिडी की हालत स्थिर, जल्द मिलेगी अस्पताल से छुट्टी

## आईपीएल मैच में सिर पर लगी थी चोट

**नई दिल्ली ।** दिल्ली कैपिटल्स के घातक गेंदबाज लुंगी एनगिडी फील्डिंग करते वक्त चोटिल हो गए। फिजियो ने मैदान पर पहुंचकर उनका हाल जाना, जिसके बाद मैदान पर एंबुलेंस बुलाई गई और उन्हें अस्पताल ले जाया गया। अब दिल्ली कैपिटल्स की तरफ से उनकी हेल्थ को लेकर बड़ा अपडेट दिया गया है। टीम की तरफ से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा गया, 'एनगिडी की हालत स्थिर है। जल्द ही उन्हें अस्पताल से छुट्टी मिलेगी।'

- **सिर में लगी गंभीर चोट** - दिल्ली और पंजाब के बीच आईपीएल मुकाबले के दौरान दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी चोटिल को फील्डिंग के दौरान सिर में गंभीर चोट लग गई, जिसके बाद उन्हें स्ट्रेचर पर मैदान से बाहर ले जाया गया।
- **कैसे हुआ हादसा** - यह हादसा तीसरे ओवर में हुआ, जब दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेल रहे एनगिडी मिड-ऑफ से दौड़ते हुए कैच लेने की कोशिश कर रहे थे। बल्लेबाज प्रियांश आर्या के शॉट पर वह गेंद का सही अंदाजा नहीं लगा पाए और संतुलन बिगड़ने के कारण बुरी तरह गिर पड़े। गिरते समय उनके सिर का पिछला हिस्सा जोर से जमीन से टकराया।
- **फिजियो मैदान पर पहुंचे** - घटना के तुरंत बाद मैदान पर मौजूद खिलाड़ी और सपोर्ट स्टाफ उनकी मदद के लिए दौड़े। कुलदीप यादव और डेविड मिलर समेत कई खिलाड़ी काफी चिंतित नजर आए।

# भारतीय महिला टीम ने यूक्रेन पर हासिल की जीत

## क्वार्टर फाइनल में पहुंचने की उम्मीद जगी

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला टीम ने उबर कप बैडमिंटन टूर्नामेंट के ग्रुप ए के अपने दूसरे मुकाबले में यूरोपीय चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता यूक्रेन पर 4-1 की शानदार जीत दर्ज करके क्वार्टर फाइनल में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा। भारतीय टीम अपने पहले मुकाबले में मेजबान डेनमार्क से 2-3 से हार गई थी। यूक्रेन के खिलाफ भारत की युवा खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन किया।



**सिंधू को दिया आराम**- उन्नति हुडा ने पोलिना बुहरोवा पर 21-19, 22-20 की रोमांचक जीत के साथ शुरुआत की, जिसके बाद जूनियर विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता तन्वी शर्मा ने येवहेनिया कांटेमिर को 21-12, 17-21, 21-10 से हराकर भारत की बढ़त दोगुनी कर दी।

# बैडमिंटन में हुआ बड़ा बदलाव, अब 15×3 स्कोरिंग सिस्टम से होंगे मैच

**नई दिल्ली।** बैडमिंटन मैच अब 21म3 नहीं, बल्कि 15म3 स्कोरिंग सिस्टम से खेले जाएंगे। मैच अब 21-21 के तीन गेम की जगह 15-15 के तीन गेम खेले जाएंगे। इस नए स्कोरिंग सिस्टम पर शनिवार को डेनमार्क के होर्सेन्स में बैडमिंटन विश्व महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में भारी बहुमत से मुहर लगा दी गई। बैठक में पेश प्रस्ताव को मतदान में 198-43 के अंतर से पारित किया गया है। नया सिस्टम चार जनवरी, 2027 से लागू किया जाएगा।





**बीडब्ल्यूएफ की अध्यक्ष ने किया स्वागत**- बीडब्ल्यूएफ का तर्क है कि नए सिस्टम से खेल में हाई प्रेशर मूवमेंट जल्दी आएंगे और रोमांचकता बढ़ जाएगी। बैडमिंटन में 21 प्वाइंट वाला मौजूदा प्रारूप साल 2006 में लागू किया गया था। इस प्रारूप में मैच लगातार 45 मिनट से 100 मिनट तक खिंच रहे थे, जिससे प्रसारक नाराज थे। उनकी मांग थी कि पांचों सेगमेंट (पुरुष और महिला एकल, युगल और मिश्रित) के मुकाबले तीन घंटे के भीतर खत्म होने चाहिए। बीडब्ल्यूएफ की अध्यक्ष खुनयिंग पटामा लीस्वाड्ट्राकुल ने कहा कि यह फैसला बैडमिंटन के भविष्य के लिए एक अहम मील का पत्थर है।

## ये होंगे प्रमुख बदलाव

- 60 सेकेंड का मिडगेम ब्रेक 11वें के बजाय 8वें प्वाइंट पर होगा।
- दो गेम के बीच के ब्रेक की अवधि 120 सेकेंड रखी जाएगी।
- 15 प्वाइंट पर पहुंचकर खिलाड़ी को दो प्वाइंट का अंतर बनाना होगा।
- प्वाइंट्स की अधिकतम सीमा 30-29 के बजाय अब 21-20 होगी।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# स्कूल में मेड की हुई मौत गर्मी से मौत की आशंका

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



◆ भोजपुर में मीटिंग के बाद खाना खाकर बैठी थी, बेहोश होने पर सभी ने पहुंचाया था हॉस्पिटल

**आरा**। भोजपुर के गजराजगंज ओपी क्षेत्र के बामपाली स्थित निजी स्कूल में अचानक बेहोश हो जाने से एक महिला मेड की मौत हो गई। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उन्होंने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। मृतका उदवंतनगर थाना क्षेत्र के गजराजगंज ओपी अंतर्गत बामपाली गांव निवासी स्व. लल्लू चौधरी की 40 साल की पत्नी चंद्रावती देवी है। वह बामपाली स्थित प्राइवेट स्कूल में मेड का काम करती थी।

**गर्मी के कारण मौत की आशंकाः** इधर, उसी स्कूल में साथ काम कर रहे कर्मचारी ने बताया कि आज स्कूल में मीटिंग था। जिसको लेकर सभी शिक्षक और कर्मचारी आए हुए थे। मीटिंग खत्म होने के बाद जब सभी लोग बैठे थे। इस दौरान चंद्रावती देवी खाना खाने के बाद उठी और वह बेहोश होकर गिर पड़ी। तभी स्कूल अन्य कर्मचारियों केने उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया । जहां डॉक्टर ने देख उन्हें मृत घोषित कर दिया। तब परिजन उनके शव को वापस गांव ले गए। ऑन ड्यूटी चिकित्सक ने बताया कि मृत अवस्था में महिला को सदर अस्पताल लाया गया था,अत्यधिक गर्मी होने के कारण मौत होने की आशंका जताई जा रही है। बता दें कि आरा का तापमान अभी 40 डिग्री है।

## आर्द्रभूमि संरक्षण पर संगोष्ठी, हितधारकों के बीच हुआ संवाद



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**आरा**। अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता विषय को लेकर भोजपुर वन प्रमण्डल द्वारा धनुपरा के ननहारी रिजॉर्ट, आरा में कार्यक्रम हुआ। यह कार्यक्रम आर्द्रभूमियों के हितधारकों के बीच संवाद थीम पर आधारित था, जिसका उद्देश्य आर्द्रभूमियों के संरक्षण और संवर्धन को लेकर विभिन्न विभागों एवं संबंधित पक्षों के बीच समन्वय स्थापित करना था। कार्यक्रम में वन प्रमण्डल पदाधिकारी, आरा, जिला मत्स्य पदाधिकारी, वन क्षेत्र पदाधिकारी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी तथा बड़हरा के अंचल अधिकारी सहित कई अन्य अधिकारी एवं हितधारक शामिल हुए। सभी प्रतिभागियों ने आर्द्रभूमियों के संरक्षण, उनके सतत उपयोग तथा जैव विविधता के संरक्षण में उनकी भूमिका पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान कृषि विज्ञान केंद्र के पूर्व प्रमुख सह कृषि वैज्ञानिक डॉ पीके द्विवेदी ने बताया कि कि आर्द्रभूमियां न केवल जल संरक्षण का महत्वपूर्ण स्रोत हैं, बल्कि यह विभिन्न जलीय जीवों, पक्षियों और वनस्पतियों के लिए भी अनुकूल आवास प्रदान करती हैं। साथ ही, ये क्षेत्र बाढ़ नियंत्रण, भूजल पुनर्भरण और जलवायु संतुलन में भी अहम भूमिका निभाते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### सेल्फ स्टडी सेंटर भविष्य निर्माण में होंगे सहायक : मेयर

**आरा**। शहर के अबरपुल पार, प्रगति लाइब्रेरी सेल्फ स्टडी सेंटर का उद्घाटन मेयर इंदु देवी एवं वार्ड पार्षद मो फ़ैज़ अहमद ने किया। उद्घाटन के अवसर पर स्थानीय लोगों एवं विद्या थियों की उपस् थिति रही। मेयर इंदु देवी ने कहा कि इस तरह के अध्ययन केंद्र छात्रों के लिए बेहद उपयोगी हैं। इससे उन्हें शांत और अनुकूल वात वरण में पढ़ाई करने का अवसर मिलेगा, जो उनके भविष्य निर्माण में सहायक साबित होगा। उन्होंने कहा कि नगर निगम शिक्षा के क्षेत्र में ऐसे प्रयासों को बढ़ावा देता रहेगा। वार्ड पार्षद फ़ैज़ अहमद ने कहा कि क्षेत्र में लंबे समय से एक अच्छे सेल्फ स्टडी सेंटर की जरूरत महसूस की जा रही थी, जिसे अब पूरा किया गया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह केंद्र छात्रों के लिए मार्ग दर्शक साबित होगा।

### ब्रह्मपुर में जाम की समस्या से आम जनता त्रस्त, घंटों फंसे रहते हैं

**ब्रह्मपुर**। ब्रह्मपुर में सड़क चौड़ीकरण के बाद भी जाम की समस्या से आम जनता परेशान है। ब्रह्मपुर चौराहे से लेकर बाबा बरमेश्वर नाथ मंदिर तक सड़क चौड़ीकरण की प्रक्रिया चल रही है। चौरस्ते पर लगने वाले सब्जी ठेला मार्केट में सड़क चौड़ीकरण भी कर दी गई लेकिन समस्या के रति भर का अंतर नजर नहीं आ रहा है जाम से त्रस्त लोग घंटों फंसे रहते हैं। प्रशासन अतिक्रमणकारियों को एक तरह से बढ़ावा दे रही है।सड़क के दोनों किनारे सब्जी ठेला वालो का कब्जा है। जिससे सड़क चौड़ीकरण होने के बाद भी जाम की स्थिति जस की तस बनी हुई है। बाबा बरमेश्वर नाथ मंदिर जाने वाली मुख्य सड़क पर सुबह से शाम सड़क पर वाहनों की लंबी कतार लग जाती है, जिससे राहगीरों, श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों को घंटों परेशानी झेलनी पड़ रही है।

### कुमार नयन की याद में श्रद्धांजलि सभा आज

**बक्सर**। साहित्यकार, पत्रकार और प्रसिद्ध गजल गो कुमार नयन की याद में रविवार को ज्योति प्रकाश लाइब्रेरी में उनकी पांचवीं श्रद्धांजलि दिवस का आयोजन होगा। राजेश कुमार शर्मा ने कहा कि बक्सर जिला के दिल की धड़कन कहे जाने वाले जाने माने साहित्यकार ,पत्रकार, गजल गो एवं एक सच्चे व्यक्तित्व की धनी कुमार नयन बक्सर को सदैव अपने हृदय में बसा कर चलते थे। उन्हें बक्सर का लेलिन भी कहा जाता था। श्रद्धांजलि दिवस पर जिला के सभी जाने-माने पत्रकार, साहित्यकार, कवि, गीतकार, संगीतकार चिकित्सक, वकील एवं समाजसेवी सहित सभी प्रबुद्ध गढ़मान्य से शामिल होने का अनुरोध किया गया है। कार्यक्रम 26 4.25 को सुबह 9:30 बजे से आरंभ होगा। कुमार नयन को श्रद्धांजलि एवं "वर्तमान परिपेक्ष में साहित्य की भूमिका चुनौतियां एवं समाधान विषय पर विचार गोष्ठी में शामिल होकर सफल बनाने का भी आग्रह किया गया है।

### 1008 घंटों तक श्री रामेश्वर नाथ जी का हुआ रुद्राभिषेक

**बक्सर**। सर्वजन कल्याण सेवा समिति सिद्धाश्रम धाम, बक्सर की ओर से शनिवार को रामरेखा घाट स्थित श्री रामेश्वर नाथ मंदिर में देवों के देव महादेव का 18वां महा रुद्राभिषेक का भव्य आयोजन किया गया। सुबह से ही रूद्राभिषेक करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ मंदिर में जुटने लगी। लोगों ने सामूहिक रूप से रूप से इस धार्मिक अनुष्ठान में शामिल हुए। मंदिर का परिसर वैदिक मंत्रोच्चार और हर हर महादेव के जयघोष से गूंज उठा। श्री रामेश्वर नाथ मंदिर में भगवान शिव का अद्भुत श्रृंगार किया गया था। मंदिर में काफी संख्या में भक्तजनों ने भगवान शिव की पूजा अर्चना कर मंगल की कामना की। दूध, दही, ईख रस, मधुरस, व जल से भगवान शिव का का किया गया अभिषेक श्री शास्त्री जी पौराणिक जी महाराज ने बताया कि 1008 घटों द्वारा भगवान श्री रामेश्वर नाथ जी का दूध, दही, ईख रस, मधुरस, स्वर्ण जल, रजत जल, अनेक प्रकार के फल रस, गंगाजल द्वारा भगवान शिव जी का भव्य रूप में अभिषेक किया गया। सर्वजन कल्याण सेवा समिति के सभी सदस्य एवं अन्य भक्तगण सैकड़ो की संख्या में शामिल रहे।

### बाल विवाह रुकवाया के बाद नाबालिग की पढ़ाई जारी रहेगी


**आरा**। भोजपुर जिले के शाहपुर प्रखंड अंतर्गत धर्मांगतपुर (महुआंर) गांव में एक 13 वर्षीय नाबालिग लड़की की शादी समय रहते रोक दी गई। यह कार्रवाई महिला एवं बाल विकास निगम, भोजपुर और जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन के सहयोगी संस्था दिशा एक प्रयास के संयुक्त प्रयास से संभव हो सकी। जानकारी के अनुसार किशोरी की शादी 7 मई 2026 को तय थी। सूचना मिलते ही जिला परियोजना प्रबंधक कुमार रोहित के नेतृत्व में टीम मौके पर पहुंची। उनके साथ केस वर्कर अंजू कुमारी और कल्याणी कुमारी मौजूद रहीं। संस्था की ओर से रजत कुमार और बीरेंद्र सिंह ने भी सक्रिय भूमिका निभाई। टीम ने परिजनों को समझाया कि कम उम्र में विवाह से बच्चियों के स्वास्थ्य, शिक्षा और मानसिक विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। साथ ही बाल विवाह को कानूनन अपराध बताते हुए इसके दुष्परिणामों से अवगत कराया गया। लगातार समझाइश के बाद परिवार ने शादी रोकने का निर्णय लिया। लड़की के पिता और दादा ने लिखित रूप से सहमति दी कि 18 वर्ष की उम्र से पहले बेटी की शादी नहीं की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि लड़की फिलहाल 9वीं कक्षा में पढ़ रही है। उसकी पढ़ाई जारी रखी जाएगी। उल्लेखनीय है कि दिशा एक प्रयास संस्था पिछले तीन वर्षों से क्षेत्र में बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता अभियान चला रही है। पंचायत प्रतिनिधियों सहित स्थानीय सेवा प्रदाताओं को भी इस कुरीति के विरुद्ध शपथ दिलाई जा रही है। इसी सक्रियता के कारण समय रहते सूचना मिली और एक बाल विवाह को रोका जा सका।

### जमालपुर-सकड्डी मार्ग पर बैरियर लगा, भारी वाहनों पर लगी रोक

**कोईलवर**। जमालपुर-सकड्डी सड़क पर लंबे समय से बालू लदे ट्रकों की आवाजाही स्थानीय लोगों के लिए मुसीबत बनी हुई थी। दिनभर धूल उड़ने, सड़क जाम रहने और हादसे की आशंका से ग्रामीणों का जीना दूभर हो गया था। खासकर स्कूली बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को इस मार्ग से गुजरना जोखिम भरा हो गया था। इसी समस्या को लेकर क्षेत्र में लगातार आवाज उठ रही थी। युवा समाजसेवी अमित सिंह भुटाली ने इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाते हुए प्रशासन से ठोस कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों के समर्थन के साथ यह मामला प्रशासन तक पहुंचा, जिसके बाद सदर एसडीपीओ-2 रणजीत कुमार सिंह ने इसे गंभीरता से लिया। रणजीत कुमार सिंह की सक्रिय पहल और निगरानी में प्रशासन ने त्वरित कदम उठाते हुए जमालपुर-सकड्डी मार्ग पर बैरियर स्थापित करा दिया। बैरियर लगने के साथ ही इस रास्ते से भारी वाहनों के आवागमन पर प्रभावी रोक लग गई है। इससे स्थानीय लोगों को बड़ी राहत मिली है और सड़क पर अब सामान्य यातायात सुचारू रूप से चलने लगा है। गौरतलब है कि एसडीपीओ ने खुद मामले की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए थे कि आम जनता की समस्या का शीघ्र समाधान किया जाए। उनके निर्देश का ही असर रहा कि कम समय में यह कार्य पूरा हो सका। युवा समाजसेवी अमित सिंह भुटाली ने इस पहल के लिए सदर एसडीपीओ-2 रणजीत कुमार सिंह, कोईलवर थाना प्रभारी नरोत्तम चंद और पुलिस टीम के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि प्रशासन की संवेदनशीलता के कारण ही ग्रामीणों को राहत मिल पाई है। इस पूरे अभियान में धीरज सिंह, आदर्श, अंकुश, अविजीत, बिट्टू और चन्दन समेत कई युवाओं ने सक्रिय भूमिका निभाई और जनसमर्थन जुटाने में योगदान दिया। ग्रामीणों ने बैरियर लगने के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि इससे न सिर्फ जाम और धूल की समस्या खत्म होगी, बल्कि दुर्घटनाओं पर भी काफी हद तक अंकुश लगेगा। लोगों ने प्रशासन से भविष्य में भी ऐसे ही जनहित के मुद्दों पर त्वरित कार्रवाई की उम्मीद जताई है।

## साक्षी और सलोनी ने कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट पीजी परीक्षा में लहराया परचम

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**बक्सर**। बक्सर की बेटी साक्षी और सलोनी ने कामन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (CUET) पीजी परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया है। यह बहुत ही गौरव और सम्मान का क्षण है। जन सुराज पार्टी के जिलाध्यक्ष बजरंगी मिश्रा की दोनों बेटी साक्षी और सलोनी ने राष्ट्रीय स्तर पर शानदार सफलता हासिल कर पूरे जिले को गर्वान्वित कर दिया है। बजरंगी मिश्रा की पुत्री साक्षी मिश्रा ने कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (CUET) पीजी परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पूरे भारत में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। साक्षी वर्तमान में दिल्ली यूनिवर्सिटी के दौलत राम कॉलेज नॉर्थ कैंपस में अध्ययनरत हैं और अपनी मेहनत के दम पर उन्होंने यह बड़ी उपलब्धि हासिल की है। वहीं उनकी दूसरी बेटी सलोनी मिश्रा ने भी इस परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए पूरे देश में पांचवां स्थान हासिल किया है। सलोनी दिल्ली यूनिवर्सिटी के प्रतिष्ठित रामजस कॉलेज (नॉर्थ कैंपस) में पढ़ाई कर रही है। इससे पहले भी सलोनी अपनी प्रतिभा का परिचय दे चुकी है। उन्होंने उत्तर प्रदेश बोर्ड की 12वीं परीक्षा में टॉप कर प्रदेश स्तर पर पहचान बनाई थी, जिसके लिए उन्हें उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा सम्मानित भी किया गया था। बक्सर के मित्र लोक कॉलोनी निवासी बजरंगी मिश्रा और उनकी पत्नी नीतू मिश्रा ने अपनी बेटियों की इस सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने कहा कि बेटियों की इस उपलब्धि से पूरे परिवार के साथ-साथ जिले के लोग भी गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं।

## महिला आरक्षण पर गरजी महिला मोर्चा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**बक्सर**। महिला आरक्षण बिल के सदन में पारित नहीं होने के विरोध में बक्सर में महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने एक आक्रोश मार्च निकाला। आक्रोश मार्च बंगला घाट स्थित जायसवाल मेंशन से शुरु होकर भगत सिंह पार्क तक गया, जहां शहीद भगत सिंह को माल्यार्पण करते हुए इसका समापन किया गया। महिलाओं ने राहुल-तेजस्वी मुर्दाबाद और इंडी गठबंधन मुर्दाबाद जैसे नारे लगाए और विपक्षी दलों को महिला विरोधी करार दिया। इसके पूर्व नगर के बंगला घाट स्थित जायसवाल मेंशन में एक सभा का आयोजन किया गया, जिसमें महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष शीला सिंह कुशवाहा बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहीं। सभा में मौजूद महिलाओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से सदन में महिला आरक्षण बिल पास नहीं हो सका, उसे देखकर यह कहा जा सकता है कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन के लोग महिलाओं के सम्मान के खिलाफ हैं। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन हमेशा से परिवारवाद की राजनीति में विश्वास रखता है। ऐसे में उन्होंने इस बिल को गिराकर नारी सम्मान को आघात पहुंचाया है, जिसका पुरजोर विरोध होगा। आज बक्सर में इसकी शुरुआत की गई, इसके बाद यह लगातार प्रदेश के अन्य जिलों में भी जारी रहेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष कंचन देवी ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम के तहत 33% आरक्षण का बिल सदन में पास ना हो पाना यह साबित करता है कि कांग्रेस तथा उसके सहयोगी दल नहीं चाहते कि नारियों को उनका अधिकार मिले। दुर्भाग्य है कि उन्हें इस बात का इल्म नहीं है कि यह अधिनियम न सिर्फ भाजपा बल्कि सभी दलों के महिलाओं के अधिकारों के लिए आवश्यक था।

## घर में घुसकर युवक की पिटाई



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**आरा**। भोजपुर में भाभी के मोबाइल पर फोन करने से मना करने पर देवर की जमकर पिटाई कर दी गई। गंभीर हालत में इलाज के लिए परिजनों ने सदर अस्पताल में एडमिट कराया। घायल की पहचान धर्मपुरा निवासी लाल बाबू तुरहा के पुत्र अनिल कुमार(20) के तौर पर हुई है। घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र की है। पीड़ित ने बताया कि बक्सर के ब्रह्मपुर निवासी रिश्तेदार धनजी कुमार भाभी के मोबाइल पर फोन किया था। जानकारी मिलने पर मैंने उसे भाभी को फोन करने से मना किया। जिस पर वो भड़क गया। गाली-गलौज करने लगा। मुझे धोबहा बाजार आकर मारने की धमकी दी गई। फिर 5 लोगों के साथ मेरे घर पर आया। मेरी जमकर पिटाई कर दी।

**छानबीन में जुटी पुलिसः** पीड़ित ने आगे कहा कि धनजी ने मुझे लाठी-डंडे से मारा है। कई जगहों पर दांत से काटा है। मारपीट के बाद परिवार के सदस्यों ने अस्पताल पहुंचाया। फिलहाल बयान के आधार पर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## उपभोक्ताओं को राहत, विद्युत शिकायतों के समाधान की प्रक्रिया तेज, त्वरित होगी सुलह

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**आरा**। विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं का अब त्वरित और प्रभावी समाधान होगा। बिजली विभाग ने इसके लिए एक अहम पहल शुरू की है। विभाग के शीर्ष प्रबंधन के निर्देश पर अब प्रत्येक सोमवार और शुक्रवार को सभी संबंधित विद्युत कार्यालयों में विशेष शिकायत निवारण शिविर लगाया जा रहा हैं। इस पहल का मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं की लंबित शिकायतों का समयबद्ध और संतोषजनक समाधान करना है। विद्युत कार्यपालक अभियंता, आरा इंजीनियर निखिल कुमार ने बताया कि विभाग आगामी दो महीनों के भीतर सभी लंबित शिकायतों का निपटारा करने के लक्ष्य के साथ कार्य कर रहा है।मार्च से नियमित रूप से इन विशेष शिविरों का आयोजन शुरू कर दिया गया है, ताकि अधिक से अधिक उपभोक्ता इसमें भाग लेकर अपनी समस्याओं का समाधान करा सकें। इन शिविरों में बिजली बिल से संबंधित त्रुटियों और विसंगतियों का सुधार, विद्युत आपूर्ति से जुड़ी समस्याएं जैसे झुके हुए पोल, ढीले तार, कम वोल्टेज और खराब ट्रांसफार्मर की शिकायतों का त्वरित निवारण किया जाएगा। इसके अलावा नए विद्युत कनेक्शन, नाम परिवर्तन, स्मार्ट प्री-पेड मीटर से संबंधित समस्याओं का समाधान भी मौके पर ही किया जाएगा। कृषि कनेक्शन लेने के इच्छुक किसानों को आवेदन प्रक्रिया और आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी भी उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही पीएम सूर्य घर योजना के तहत आवेदन करने और उससे संबंधित मार्गदर्शन भी शिविर में दिया जाएगा। संबंधित कर्मी व अधिकारी रहेंगे मौजूद शिविर की जानकारी का व्यापक प्रचार-प्रसार स्थानीय स्तर पर किया जा रहा है, जिससे अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें। शिविर के दौरान सभी संबंधित अधिकारी और कर्मी मौजूद रहेंगे तथा आवेदकों को उनके आवेदन की स्थिति और समाधान की समय-सीमा के बारे में स्पष्ट जानकारी दी जाएगी। विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे निर्धारित दिनों में अपने नजदीकी विद्युत कार्यालय पहुंचकर इस सुविधा का अधिकतम लाभ उठाएं और अपनी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित कराएं। इस पहल से उपभोक्ताओं को त्वरित और समयबद्ध समाधान मिलेगा, जिससे बार-बार कार्यालय के चक्कर लगाने की जरूरत घटेगी। बिजली बिल, आपूर्ति और कनेक्शन संबंधी समस्याएं तेजी से सुलझेंगी। विभाग पर भरोसा बढ़ेगा, पारदर्शिता आएगी और ग्रामीण-शहरी सभी उपभोक्ताओं को समान रूप से बेहतर सेवा का लाभ मिलेगा।

## जिला स्तरीय ग्रेपलिंग का हुआ आगाज 200 खिलाड़ियों ने लिया भाग

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**आरा**। आरा जिले में दो दिवसीय 9वीं जिला स्तरीय ग्रेपलिंग प्रतियोगिता का शनिवार को उद्घाटन हुआ। 25 से 26 अप्रैल तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विद्यालयों से करीब 200 युवा खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता को लेकर खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों में खासा उत्साह देखा गया। प्रतियोगिता में सेंट जेवियर्स स्कूल आरा, ज्ञान ज्योति आवासीय विद्यालय आरा, नोट्रे डेम, सीबीएसई सेंट्रल पिरो, निर्मला शिक्षा भवन शाहपुर, संस्कृति पब्लिक स्कूल, उर्सुलिन इंग्लिश मीडियम कारीसाथ, डीपीएस पब्लिक स्कूल आरा, संदेश, डीएवी आरा तथा जीन पॉल्स हाई स्कूल धनुपरा सहित कई प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्र-छात्राएं हिस्सा ले रहे हैं। कार्यक्रम का उद्घाटन ग्रेपलिंग संघ भोजपुर के अध्यक्ष विवेक मिश्रा माधव, सचिव रिजवानुल हक, ज्ञान ज्योति आवासीय विद्यालय के उप-प्राचार्य श्रवेष कुमार, जूडो जिला सचिव रजनीश पाठक, वुशु जिला सचिव राजेश ठाकुर, वेटलिफ्टिंग जिला सचिव मुकेश कुमार एवं क्रिकेट कोच विजय कुमार ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय रेफरी रानी राज, प्रियंका कुमारी, नीतीश कुमार, अनु, पीयूष प्रभात, खेल शिक्षक शिव शरण, आर्यन, रामनारायण शुक्ला, अजहर खान और सरबजीत कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का समापन 26 अप्रैल को होगा।

## रैप जवानों के परिवारों के लिए सिलाई प्रशिक्षण, आत्म-निर्भरता पर जोर

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




**कोईलवर**। कोईलवर रैंप जवानों के परिवार की महिलाओं को आत्मनिर्भर और कौशलयुक्त बनाने के लिए आरसीडब्ल्यूए के तत्वावधान में 15 दिवसीय सिलाई मशीन प्रशिक्षण शुरू किया गया। यह कार्यक्रम आरसीडब्ल्यूए प्रमुख रितु झा के मार्गदर्शन में उषा सिलाई मशीन कंपनी के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण सत्र में महिलाओं को सिलाई मशीन के संचालन, रखरखाव और उसके प्रभावी उपयोग की व्यावहारिक जानकारी दी जा रही है। विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा मशीन चलाने की बारीकियों के साथ-साथ कपड़ों की सिलाई से जुड़ी तकनीकों, सामान्य तकनीकी समस्याओं के समाधान तथा मशीन की नियमित देखभाल के तरीकों को विस्तार से समझाया जा रहा है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को कौशल विकास के माध्यम से स्वरोजगार के लिए तैयार करना है, ताकि वे अपने हुनर के दम पर आर्थिक रूप से सशक्त बन सकें। प्रशिक्षण के माध्यम से महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इस अवसर पर आरसीडब्ल्यूए प्रमुख रितु झा ने कहा कि जवानों के परिवारों का सशक्तिकरण संगठन की प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने बताया कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम न केवल महिलाओं के कौशल को निखारते हैं, बल्कि उन्हें भविष्य में रोजगार के नए अवसर भी प्रदान करते हैं।